mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

अख़बार भी, आन्दोलन भी

RNI : JHAHIN/2014/54374

बोकारो, शनिवार
20.4.2024
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 78

www.rashtriyamukhyadhara.com

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

आज देश में मजबूत सरकार, जो ना किसी के सामने झुकती है ना ही दबती : पीएम मोदी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। दमोह

मध्य प्रदेश के दमोह में चुनावी रैली को संबोधित कर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये भारत को दुनिया की बड़ी ताकत बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो, तब भारत में युद्ध स्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है।तब एक मजबूत सरकार होनी चाहिए और यह काम पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि स्थिर सरकार कैसे देश और देशवासियों के हित में काम करती है, ये आप सभी ने बीते 10 वर्षों में देखा है। कोरोना का इतना बड़ा संकट आया, पूरी दुनिया में हाहाकार मचा। मजबूत भाजपा सरकार पूरी दुनिया से हर भारतीय को सुरक्षित वापस ले आई। पीएम ने कहा कि आज देश में भाजपा सरकार है, जो ना किसी से दबती है और न किसी के सामने झुकती है। हमारा सिद्धांत है, राष्ट्र प्रथम। भारत को सस्ता तेल मिले, इसके लिए देशहित में फैसला लिया। भारत के किसानों को पर्याप्त खाद मिले, इसलिए देशहित में फैसला

कांग्रेस ने हथियार खरीदने में भी अपना स्वार्थ देखा

लिया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कितने ही देशों की स्थिति बहुत खराब है। कई देश दिवालिया हो रहे हैं। हमारा एक पड़ोसी, जो आतंक का सप्लायर था, वहां अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। उन्होंने कहा कि ये धरती शूरवीरों और योद्धाओं की धरती है। मैं इस धरती के लोगों को इंडी गठबंधन की सच्चाई बताना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक, कांग्रेस ने भारत के डिफेंस सेक्टर को कमजोर बनाए रखा। ये लोग सेनाओं के लिए हथियार खरीदने में भी अपना स्वार्थ देखते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने देखा कि कैसे इंडी गठबंधन के लोगों ने पूरी ताकत लगा दी कि वायुसेना को राफेल लड़ाकू विमान न मिल सके। कांग्रेस सरकार रही होती, तब तेजस फाइटर प्लेन भी आसमान की बुलंदियां नहीं देख पाता। मोदी ने कहा कि ये भाजपा सरकार है जो हमारी सेनाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। भारत की पहचान अब दूसरे देशों को हथियार निर्यात करने वाले देश की बन रही है। पीएम मोदी ने कहा कि हर परिवार के लिए राशन और इलाज का खर्च मायने रखता है। यह देखकर मोदी ने आने वाले 5 वर्ष तक मुफ्त राशन की सुविधा बढ़ा दी है। ये मुफ्त राशन इसलिए, ताकि गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे। आयुष्मान योजना ने भी गरीबों के लाखों रुपये खर्च होने से बचाएं हैं। अब मोदी ने गारंटी दी ही कि अब गरीबों के साथ साथ हमारे देश का कोई भी व्यक्ति जो 70 साल से ऊपर का है, उस बुजुर्गों को भी मुफ्त इलाज योजना का लाभ मिलेगा।

अमरोहा केवल ढोलक नहीं, देश का डंका भी बजाता हैः प्रधानमंत्री

अमरोहा। अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट की दुनिया और वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड से नवाजा है और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है। यह बात यूपी के अमरोहा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कही। देश में लोकसभा चुनाव का आगाज शुक्रवार से शुरूआत हो गया है। पहले चरण का मतदान जारी है। इसी बीच यूपी के अमरोहा में दौरे पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी जनसभा की शुरूआत राम-राम से की। उन्होंने कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। उन्होंने कहा आज ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। पीएम मोदी ने कहा कि विशेषकर मैं अपने युवाओं से कहना चाहूंगा जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका हाथ से ना जाने दें, वो जरुर वोट करें। पीएम मोदी ने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है-कमल छाप और अमरोहा का एक ही स्वर है–फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने आगे कहा कि अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट की दुनिया और वर्ल्ड कप में क्रिकेटर भाई मोहम्मद शामी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। मोहम्मद शामी का क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है जिसके लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया है और यूपी की योगी सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम का निर्माण करवा रही है।

भारतीय मूल के प्रोफेसर को जापानी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय फेलो के रुप में चुना

ह्यूस्टन। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के 'कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग' में सेवारत, 'ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार विजेता, भारतीय मूल के प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में चुना गया है। विश्वविद्यालय ने इसकी जानकारी दी। इस संबंध में कहा गया कि मूल रूप से कर्नाटक के एक छोटे से गांव के रहने वाले प्रोफेसर राजशेखर को बिजली रूपांतरण और परिवहन के विद्युतीकरण में उनके योगदान के लिए चुना गया हैं अकादमी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में राजशेखर का चयन विशेष रूप से ''उस ऊर्जा में उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक अनुसंधान और वैज्ञानिक-तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान का सम्मान करता है जो संपूर्ण मानव जाति के हित में पृथ्वी पर ऊर्जा स्रोतों के लिए अधिक दक्षता और पर्यावरणीय सुरक्षा को बढ़ावा देती है। राजशेखर ने कहा, ''जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसी उपलब्धि है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं।राजशेखर को 2022 में 'ग्लोबल एनर्जी एसोसिएशन ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा के क्षेत्र के सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार 'ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार' से सम्मानित किया था।

राहुल गांधी वंशवाद और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देते हैंः नड्डा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वायनाड में राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उन पर वंशवादी शासन और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। शुक्रवार को नड्डा ने वायनाड में एसडीपीआई और प्रतिबंधित पीएफआई के साथ राहुल गांधी के कथित संबंधों को उजागर करते हुए भाजपा के उम्मीदवार के सुरेंद्रन के लिए प्रचार किया। जेपी नड्डा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में के सुरेंद्रन वायनाड से चुनावी मैदान में हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी उम्मीदवार हैं। यह समझ से परे है कि राहुल गांधी किस कारण से वे वायनाड आए हैं? क्या उन्हें भरोसा नहीं है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र से जीत सकते हैं, जिसका वे इतने लंबे समय से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वंशवादी शासन में विश्वास करते हैं, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। वे तुष्टीकरण की राजनीति में विश्वास रखते हैं। वे चाहते हैं कि भ्रष्टाचार पनपे। वे बांटो और राज करो और वोट बैंक की राजनीति में विश्वास करते हैं। राहुल गांधी खुद नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर हैं, वायनाड के लोग ऐसे लोगों को आशीर्वाद क्यों दें? उल्लेखनीय है कि केरल में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

ख़ास ख़बर

15 मिनट इंतजार के बाद संघ प्रमुख भागवत ने किया मतदान

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार सुबह रेशिमबाग के पास एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। सबसे पहले मतदान केंद्र पहुंचे भागवत ने मतदान शुरू होने से पहले लगभग 15 मिनट तक वोट डालने का इंतजार किया। वह अपना

वोट डालने के लिए अंदर गए और उसके तुरंत बाद बाहर निकले और गर्व के साथ अपनी स्याही लगी उंगली को दिखाया। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि आज अपना पहला व्यक्तिगत कर्तव्य निभाया है। उन्होंने सभी लोगों से एक नागरिक के रूप में अपना वोट डालने का आह्वान करते हुए कहा, यह उनका अधिकार भी है और कर्तव्य भी है।सभी लोगों को राष्ट्र के हित में मतदान करना चाहिए। आप अपने वोट के माध्यम से, अगले पांच वर्षों के लिए देश का भविष्य तय करते हैं। 100 प्रतिशत मतदान होना चाहिए, इसलिए देशहित में सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी इंडिया-एमवीए-कांग्रेस उम्मीदवार विकास ठाकरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। लोकसभा चुनाव का पहला चरण पांच निर्वाचन क्षेत्रों- नागपुर, चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया, रामटेक (एससी) और गढ़चिरौली-चिमूर (एसटी) में सुबह 7 बजे शुरू हुआ।

नौसेना के नए चीफ होंगे दिनेश कुमार त्रिपाठी

नई दिल्ली। नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को नए नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार वॉइस एडमिरल त्रिपाठी 30 अप्रैल को नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभालेंगे। उसी दिन मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि



कुमार सेवानिवृत हो रहे हैं। करीब 40 साल के कार्यकाल में वीए त्रिपाठी कई अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। खास बात है कि त्रिपाठी ऐसे समय पर पद संभाल रहे हैं, जब भारतीय युद्धपोत हूती विद्रोहियों की बढ़ी हुई गतिविधियों के बीच सक्रिय हैं। अब तक भारतीय युद्धपोतों ने ऐसी 20 घटनाओं का जवाब दिया है। इधर, चीन भी भारतीय समुद्र क्षेत्र में गतिविधियां तेज कर रहा है और पाकिस्तान के साथ उसकी मिलीभगत भी भारत के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वॉइस एडमिरल त्रिपाठी का जन्म 15 मई 1964 में हुआ था और उन्हें एक जुलाई 1985 में नौसेना में कमीशन मिला था। उन्हें संचार के क्षेत्र तथा इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में विशेष महारत हासिल है। उन्होंने आईएनएस विनाश, आईएनसएस कर्चि और आईएनएस त्रिशूल जैसे युद्धपोतों की कमान संभाली है। वॉइस एडमिरल त्रिपाठी को उल्लेखनीय तथा सराहनीय सेवा के लिए अति विशिष्टि सेवा पदक तथा नौसेना पदक से सम्मानित किया जा चुका है। इससे पहले दिनेश त्रिपाठी ने वेस्टर्न नेवल कमांड में फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ का पदभार संभाला था।

रक्षा के क्षेत्र में ताकतवार हुआ भारत, आत्मनिर्भर भारत मुहिम का दिख रहा असर

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

भारत की सीमाएं चीन और पाकिस्तान से लगती हैं। दोनों पड़ोसी देशों के मंसूबे भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण हैं, यह देखकर भारत अपनी सीमाओं को और मजबूत बनाने में जुटा है। साथ ही अपने सैन्य क्षमताओं का लगातार विकास भी कर रहा है, ताकि जवानों को अत्याधुनिक उपकरण मुहैया करा सके। भारत की ओर से डिफेंस क्षेत्र में लगातार भारी-भरकम निवेश किया जाता रहा है। अब मोदी सरकार के प्रयासों के नतीजे सामने आने लगे हैं। आत्मनिर्भर भारत मुहिम ने रफ्तार पकड़ ली है। अब भारत में वॉर प्लेन (लड़ाकू विमान) के इंजन और बख्तरबंद वाहनों का निर्माण होगा। इससे न केवल भारत का सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा, बल्कि आयात पर खर्च होने वाले विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। दरअसल, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के वास्ते भारत और अमेरिका के बीच हुआ समझौता क्रांतिकारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के लिए 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने बताया कि अमेरिका के भारत के साथ बेहतरीन संबंध हैं।

उन्होंने कहा, 'हमने हाल में भारत को विमान के इंजन बनाने में मदद की और यह एक तरह की क्रांति है। इससे भारत की क्षमता बढ़ेगी। हम भारत के साथ मिलकर एक बख्तरबंद वाहन का भी निर्माण कर रहे हैं। एलसीए तेजस मार्क 1एकी पहली सफल उड़ान बेंगलुरु के एचएएल फैसिलिटी में पूरी हुई। यह फाइटर एयरक्रॉफ्ट अपनी पहली उड़ान के दौरान 18 मिनट तक हवा में रहा। तेजस मार्क 1ए आधुनिक और 4प्लस जेनेरेशन का फाइटर एयरक्रॉफ्ट है। इसमें हवा में फ्यूल भरा जा सकता है, जिससे इसकी क्षमता और बढ़ जाती है।

ब्रह्मोस मिसाइल फिलीपींस रवाना, दो साल पहले हुआ था समझौता

नई दिल्ली। भारत की ब्रह्मोस मिसाइल जिसका दुनिया लोहा मान चुकी है। भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों की आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके तहत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों का पहले सेट फिलीपींस रवाना कर दिया गया है। भारत-फिलीपींस के बीच 2022 में इस हथियार प्रणाली को लेकर 375 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा हुआ था। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) मिसाइलों के साथ अपना सी-17 ग्लोबमास्टर मालवाहक विमान फिलीपींस भेज रही है। मिसाइलों को फिलीपीन मरीन कॉर्प्स को सौंपा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि हथियार प्रणालियों को समुद्री मार्ग से भी पहुंचाया गया, जहां मालवाहक जहाजों को किराए पर लिया गया था। उन्होंने बताया कि मिसाइलों के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली के लिए जमीनी प्रणाली का निर्यात पिछले महीने ही शुरू हो गया था। फिलीपींस को यह मिसाइल प्रणाली ऐसे समय दी जा रही है, जब दक्षिण चीन सागर में झड़पों के कारण फिलीपींस का चीन के साथ तनाव बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल को फिलीपींस अपने तटीय क्षेत्रों में तैनात करेगा, ताकि क्षेत्र को खतरों से बचाया जा सके। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी संघ के एनपीओ माशिनोस्ट्रोयेनिया के बीच संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को दुनिया के सबसे सफल मिसाइल कार्यक्रमों में से एक माना जाता है।

पहले चरण में 5 बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में क्रमशः 55.23 और 52.73 प्रतिशत मतदान

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

देश में लोकतंत्र का उत्सव जारी है और पहले चरण में देशभर में मतदाता बड़ी संख्या में वोट डाल रहे हैं। शाम 5 बजे तक 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। पहले चरण में सभी 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्वक चल रहा है। आज सुबह 7 बजे 102 संसदीय क्षेत्रों में एक साथ मतदान शुरू होने पर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों में खड़े मतदाताओं को वोट देने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। यह क्रम देर शाम तक जारी है। चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में शाम 5 बजे तक अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 64.07, असम की 14 सीटों पर 70.77, बिहार की चार सीटों पर 46.32, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.25, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 54.85, मणिपुर की दो सीटों पर 68.62, मेघालय की सभी दो सीट पर 69.91, मिजोरम की एक सीट पर 53.96, नगालैंड की एक सीट पर 56.18, राजस्थान की 12 सीट पर 50.27, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.08, त्रिपुरा की एक सीट 76.10, उत्तर प्रदेश की आठ 57.54, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुडुचेरी की एकमात्र सीट

पर 72.84, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.56, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग के अनुसार आज मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। हालांकि सूबे में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक छड़पें और उनके कार्यालयों में तोड़फोड़ होने की सूचना है। उधर, पूर्वोत्तर के मणिपुर के मैरांग केंद्र पर गोलीबारी की घटना हुई। यहां दो गुटों के बीच यह टकराव हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस टकराव के कारण यहां एक घंटे तक मतदान रोकना पड़ा। छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 55.23 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 52.73 प्रतिशत मतदान हुआ है। उपचुनाव की बात की जाए तो तमिलनाडु की एक विल्वनकोड सीट पर 45.43 और त्रिपुरा की रामनगर सीट पर 56.68 प्रतिशत मतदान हुआ है। आयोग ने मतदान को सुखद और यादगार अनुभव में बदलने पर विशेष जोर दिया है। पानी, शेड, शौचालय, रैंप, स्वयंसेवक, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सकें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। आयोग की ओर से 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेन और करीब एक लाख चार पहिया वाहन तैनात किए गए हैं। जो मतदान केन्द्रों पर अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही सुनिश्चित करेंगे। आयोग के अनुसार करीब 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की जा रही। 661 पर्यवेक्षक तैनात हैं। इनमें 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक हैं। ये चुनाव आयोग की आंख, कान और नाक की भूमिका निभायेंगे। अंतरराज्यीय सीमाओं पर 1375 और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 162 चेक पोस्ट बनाई गई हैं, ताकि अवैध सामग्री की आवाजाही न हो।

अध्ययनः बदलती जलवायु परिवर्तन से आतंकी भी परेशान, नहीं मिल रही छिपने की जगह

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

बड़ी-बड़ी इमारतें, कटते पेड़, कांक्रीट की सड़कें, वायु प्रदूषण ऐसी कई चीजों से हमारी धरती का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। लेकिन हम सिर्फ अपनी ख्वाइशें पूरी करने के चक्कर में दिन ब दिन बीमारियों और प्राकृतिक आपदातों को झेलने की मजबूर हैं। इन सभी के चलते आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन को लेकर परेशान है। जलवायु परिवर्तन को लेकर वैज्ञानिक पूरे विश्व को चेतावनी देते हैं। हाल ही में एडिलेड और रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि उग्रवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले क्षेत्रों में जलवायु में इतनी तेजी से बदलाव आया है कि वो अब

उनके छिपने लायक नहीं रह गए हैं। इसकी वजह से उन्हें दूसरे क्षेत्रों की ओर रुख करने को मजबूर होना पड़ा है। शोध के नतीजे एक रिसर्च में सामने आए हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आतंकवादी घटनाओं को लेकर एक अध्ययन किया है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भू-स्थानिक विश्लेषण के माध्यम से जलवायु कारकों और आतंकवाद के बीच संबंधों की जांच की है। उसमें सामने आए नतीजों के मुताबिक तापमान, वर्षा और ऊंचाई भारत में आतंकवादी गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। इसमें कहा है कि तापमान, बारिश और ऊंचाई आतंकवादी गतिविधियों के बदलते पैटर्न से जुड़े हैं। शोध के पाया गया कि नए क्षेत्रों में आतंकवादियों का जाना बदलता मौसमी भी था। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते दुष्प्रभावों का संबोधित करना न केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा है, बल्कि यह सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। गौरतलब है कि यह अध्ययन 1998 से 2017 के बीच भारत में हुई आतंकवादी गतिविधियों पर केंद्रित था। इस दौरान वैश्विक आतंकवाद डेटाबेस ने भारत में आतंकी हमलों की 9,096 घटनाएं दर्ज कीं थी।

राहुल की सलाह बोले- नफ़रत को हराकर खोलिए 'मोहब्बत की दुकान'

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक वीडियो जारी करके कई बड़े संदेश दिए हैं। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील करते हुए कहा कि ये आम चुनाव नहीं है बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है, जिसमें आप जैसे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी की सोच और विचारधारा आपके अंदर है, आपकी रगों में है। इसलिए आप बाहर निकलिए और पिछले 10 साल में देश की आत्मा को दिए गए ज़ख्मों पर अपने 'वोट का मरहम' लगाकर लोकतंत्र को मजबूत कीजिए। नफ़रत को हरा कर खोल दीजिए हर कोने में 'मोहब्बत की दुकान'। लोकसभा चुनाव के लिए आज शुक्रवार को 102 संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। राहुल गांधी ने मतदाताओं से अपील में कहा, याद रहे, आपका एक-एक वोट भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करने जा रहा है। 21 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश की 102 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं।

ईरान पर हुआ इजराइली हमला

तेलअवीव। युद्ध की आशंकाओं के बीच खबरें हैं कि इजरायल मिसाइलों ने ईरान में हमला कर दिया है। इसके चलते ईरान के ईसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया। हालांकि, इसकी वजह अब तक साफ नहीं हो सकी है। खास बात है कि ईसफहान में कई न्यूक्लियर साइट मौजूद हैं। कुछ दिन पहले ही ईरान ने भी इजरायल के खिलाफ कार्रवाई की थी। बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। हालांकि ये मिसाइलें और ड्रोन्स इस्राइल की हवाई सुरक्षा को नहीं भेद पाईं थी। दरअसल ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया था। इसी हमले के जवाब में ईरान ने इस्राइल पर हमला किया था। हमले के बाद ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर इस्राइल ने उन पर हमला किया तो वे और ताकत के साथ पलटवार करेंगे। अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों के हवाले से अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। ईरान के एयरपोर्ट पर तेज धमाके की आवाज सुनी गई है। ईरान की मीडिया ने भी दावा किया है कि ईरान के शहर इसाफान के एयरपोर्ट में धमाके की आवाज सुनी गई है।

संक्षिप्त समाचार

झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को एक और मामले में राहत

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। साथ ही राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व सिमडेगा मामले में भी उन्हें हाई कोर्ट से राहत मिली थी। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकर्ताओं ने राज्य के जिलों के छह थानों रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। रामगढ़ थाने में 22 अगस्त, 2023 को कांड संख्या 196/2023 दर्ज किया गया था।

एकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित की जमानत याचिका खारिज

रांची। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी। मामले के सभी आरोपित जेल में है। इनपर कोर्ट में 22 अप्रैल को आरोप गठित होना है। उल्लेखनीय है कि कारोबारी कमल भूषण की हत्या साल 2022 में रातु रोड के गैलेक्सियां मॉल के पास गोली मारकर की गई थी। इस मामले में भी डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित कई आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में (कांड संख्या 238/2022) दर्ज कराया गया था।

ट्रैफिक नियम का उल्लघंन करने वालों से पांच दिनों में 1011 का कटा चालान

रांची। राजधानी में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले पांच दिनों में कुल 1011 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 241, 246,135, 203 और 186 चालान शामिल है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया शुक्रवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है।

देश को तानाशाही से मुक्ति और झारखंडी जन आकांक्षाओं को आवाज देने का उलगुलान : मनोज पांडेय

रांची। रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को होने वाली उलगुलान रैली लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रैली से पहले पूरे रांची को पोस्टरों और बैनरों से पाट दिया गया है। रांची में बड़े-बड़े पोस्टर और हॉर्डिंग्स लगाये गए हैं। पोस्टर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की बड़ी तस्वीर लगाई गई है। पोस्टर में झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों का फोटो सबसे ऊपर लगाया गया है। कुछ पोस्टर में शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की फोटो है। कहा जा रहा है कि चुनावी व्यस्तता की वजह से दक्षिण भारत के कई दिग्गज महारैली में शामिल नहीं हो पाएंगे। हालांकि, उन्होंने झामुमो नेतृत्व को यह जानकारी दी है कि महारैली जिन मुद्दों पर आयोजित की जा रही है और आगे जो रणनीति बनेगी उसमें उनका साथ रहेगा। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि 21 अप्रैल को होने वाली महारैली कोई सामान्य या चुनावी महारैली नहीं है, बल्कि यह देश को तानाशाही से मुक्ति, संविधान बचाने और झारखंडी जन आकांक्षाओं को आवाज देने की महारैली है। उन्होंने कहा कि देश भर के विपक्षी नेताओं की साझा आवाज प्रभात तारा मैदान से बुलंद होगी। संविधान बचाने, भाजपा की समाज को बांटने की नीति, वन अधिकार कानून में बदलाव, किसानों को एमएसपी , महंगाई, बेरोजगारी सहित तमाम ऐसे मुद्दे हैं, जिसके खिलाफ उलगुलान होगा। मनोज ने कहा कि मंच से सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन एक ही मंच से यह बताएंगी कि कैसे साजिश रचकर उनके पति को सिर्फ इसलिए जेल के अंदर डाल दिया गया क्योंकि वह एक तानाशाह के सामने झुके नहीं। महारैली में पंजाब के सीएम और आप नेता भगवंत सिंह मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारुख अब्दुल्लाह, सीपीआई माले के दीपांकर भट्टाचार्या और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रतिनिधि के रूप में डेरेक ओ ब्रायन, राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा सहित कई नेता शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री और झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष चम्पाई सोरेन, झारखंड सरकार में शामिल झामुमो, कांग्रेस और राजद के मंत्री भी उलगुलान महारैली में उपस्थित रहेंगे।

गांजा तस्करी के दोषी को 10 साल की सजा और एक लाख का जुर्माना

रांची। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को 130 किलो गांजा की तस्करी के दोषी स्वेत कुमार को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आठ अगस्त 2021 को सिकिदरी थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सड़क पर चेकिंग की, तो पुलिस को देखकर आरोपित कार छोड़ कर भाग गया था। पुलिस ने उसकी गाड़ी की तलाशी ली तो 18 बंडल गांजा और गाड़ी का ऑनर पेपर पाया गया था। गाड़ी का ऑनर पेपर से आरोपित तक पुलिस पहुंची और गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किया गया था। जबकि अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किए गए थे।

झारखंड बोर्ड 10वीं का रिजल्ट घोषित, 90.39 फीसदी परीक्षार्थी सफल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शुक्रवार को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी कर दिया है। मैट्रिक परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की है। मैट्रिक परीक्षा में 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 3,38,398 (90.39 फीसदी) पास हुए हैं। परीक्षा में 2,05,110 परीक्षार्थी (54.20 फीसदी) फर्स्ट डिवीजन जबकि 1,53,733 (40.65 फीसदी) सेकेंड डिवीजन और 19,555 (5.17 फीसदी) थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। एक बार फिर झारखंड की बेटियों ने बाजी मार ली है। परीक्षा में 91 प्रतिशत लड़कियां और 89.7 प्रतिशत लड़के सफल हुए हैं। जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा 94 प्रतिशत रहा जबकि 84.5 फीसदी के साथ देवघर का सबसे खराब प्रदर्शन

इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट आया : अनिल महतो

रहा। पिछले साल (2023) मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी रिजल्ट रहा था। झारखंड शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो और सचिव एसडी तिग्गा ने संयुक्त रूप से रिजल्ट जारी किया। झारखंड टॉपर हजारीबाग की रहने वाली और इंदिरा गांधी विद्यालय की छात्रा ज्योत्सना ज्योति को 99.2 प्रतिशत नंबर मिले हैं। सेकेंड टॉपर सना संजरी 98.6 प्रतिशत और थर्ड टॉपर करिश्मा सृष्टि सौम्या को 98.4 प्रतिशत नंबर मिले हैं। जैक 10वीं की परीक्षा छह फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की गयी थी। इस बार बोर्ड परीक्षा में चार लाख 21 हजार 687 परीक्षार्थी शामिल हुए। बोर्ड परीक्षा को लेकर कुल 1,238 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। साल 2023 की बात करें जैक मैट्रिक की परीक्षा 14 मार्च से तीन अप्रैल तक आयोजित की गयी थी। मैट्रिक की परीक्षा के लिए 1225 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इस परीक्षा में 4.34 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जैक अध्यक्ष डॉ. अनिल महतो ने कहा कि आम चुनाव को देखते हुए हम लोग इस बार जल्दी रिजल्ट जारी कर रहे हैं। अन्य सालों के मुकाबले इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट हुआ है। उन्होंने कहा कि दस दिनों के अंदर 12वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया जायेगा। बीते साल तक मई में परिणाम जारी किए जाते थे लेकिन इस साल शेडयूल समय से पहले 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया।

झारखंड हाई कोर्ट ने खूंटी में ड्रग्स की खरीद-फरोख्त पर रोकथाम के लिए संयुक्त अभियान चलाने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

झारखंड हाई कोर्ट में खूंटी जिले में बड़े पैमाने पर अफीम की हो रही खेती को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने मौखिक कहा कि खूंटी ट्राइबल जिला है। यह अफीम का बड़ा उत्पादक क्षेत्र बताया जा रहा है। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं है। कोर्ट ने मामले में राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, डीजी सीआईडी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को प्रतिवादी बनाया है। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्रीय एजेंसी एवं राज्य की इंटेलिजेंस एजेंसी को संयुक्त रूप से अभियान चला कर झारखंड में ड्रग्स की खरीद-फरोख्त पर रोकथाम के लिए जुटने को कहा है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि झारखंड को कैसे ड्रग्स से मुक्त किया जाए। मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी। खूंटी में हजारों एकड़ भूमि में अफीम की खेती को देखते हुए हाई कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। एसपी खूंटी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि खूंटी पुलिस ने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है। पिछले वर्ष में लगभग 2200 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है। इस वर्ष भी लगभग 1400 एकड़ भूमि में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

11वीं इमा कप शिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप 20 अप्रैल से

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वावधान में 20 और 21 अप्रैल को 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस चैम्पियनशिप की मेजबानी बहू बाजार स्थित बिशप स्कूल को मिली है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बतलाया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस चैंपियनशिप में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस प्रतियोगिता में कुल 54 स्वर्ण पदक दाव पर होंगे। पांच साल से 45 साल तक के खिलाड़ी अलग-अलग आयु वर्ग एवं वज़न वर्ग के स्पर्धा में भाग लेंगे। प्रतियोगिता सब जूनियर कैडेट जूनियर एवं सीनियर वर्ग में होंगी।

क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से धोखाधड़ी मामले में अगली सुनवाई चार मई को

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालकों की ओर से करोड़ों की धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दस्तावेज पेश नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए सुनवाई की अगली तिथि चार मई निर्धारित की है। इससे पूर्व 20 मार्च को कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेकर अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास को समन जारी किया था। साथ ही शिकायतकर्ता महेंद्र सिंह धोनी को सात दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेज दाखिल करने का निर्देश दिया था। महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रांची सिविल कोर्ट में केस फाइल किया है। मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास पर धोनी ने विश्वासघात करने और उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। दोनों आरोपितों ने साल 2017 में धोनी को बताया था कि वे लोग धोनी के नाम से क्रिकेट एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खोलेंगे। इसके बदले उन्हें फ्रेंचाइजी फीस देने की बात भी कही गई थी। इसके बाद इन लोगों ने देशभर में महेंद्र सिंह धोनी के नाम पर संस्थाएं खोलना शुरू कर दीं लेकिन इसके बारे में उन्होंने धोनी को कोई जानकारी नहीं दी। उन्हें एग्रीमेंट के अनुसार पैसे भी नहीं दिए गए। इसके बाद 15 अगस्त, 2021 को एमएस धोनी ने उनके साथ हुआ करार खत्म कर दिया। इसके बावजूद वह एमएस धोनी के नाम पर क्रिकेट एकेडमी खोलते रहे। इसके बाद इन्हें नोटिस भी भेजा गया लेकिन ये लोग इसे रोक नहीं रहे थे। इसके बाद उन्होंने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया है। मामले में मिहिर दिवाकर गिरफ्तार हो चुका है।

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हॉकी लीग 20 अप्रैल से

लीग में पुरुषों की 12 व महिलाओं की छह टीमें हिस्सा ले रही

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रांची के हॉकी प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। 20 साल बाद एक बार फिर से हॉकी रांची लीग शुरू होनेवाली है। इस लीग से उभरते खिलाड़ियों को अपना कौशल निखारने का मौका मिलेगा। शनिवार से मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में लीग शुरू होगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। लीग में कुल 18 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें पुरुषों की 12 और महिलाओं की छह टीमें शामिल हैं। इसके लिए हॉकी रांची की ओर से कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुरुषों की टीम को दो अलग-अलग पूल में रखा गया है। लीग का पहला चरण 26 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग रांची में होगी, जो 10 मई तक चलेगी। इस टूर्नामेंट के बाद हॉकी रांची लीग का दूसरा चरण शुरू होगा। हालांकि दूसरे चरण की तिथियों की घोषणा नौ मई के बाद की जायेगी।प्रतिदिन दो मैच खेले जायेंगे। शनिवार को दोपहर दो बजे से पुरुष वर्ग के पहले मैच में बापू क्लब व रेलवे की टीम आमने-सामने होगी। वहीं, शाम चार बजे से महिला वर्ग के मुकाबले में सुपर क्वीन वीमेन क्लब का सामना साइ रांची से होगा।

ये टीमें लेंगी हिस्सा-

पुरुष वर्ग- पूल ए : बापू क्लब, फगुआ इलेवन, इंडोर हॉकी, एजी झारखंड, प्रभात तारा स्कूल धुर्वा व रेलवे.

पूल बी : एनटीएचए जमशेदपुर, हॉकी गुमला, झारखंड इलेवन, हुलहुंडू ब्रदर्स, सिनी खूंटी व जादुर अखाड़ा खूंटी.

महिला वर्ग : सुपर क्वीन वीमेन क्लब, हॉकी गुमला, सीएम स्कूल एक्सीलेंस बरियातू, सिनी खूंटी, न्यू राइजिंग स्टार हुलहुंडू और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साइ) रांची की टीमें भाग ले रही हैं।

सभी जिला संघों को 10-10 लाख देगा हॉकी झारखंड- दूसरी ओर, हॉकी झारखंड की गांवों और छोटे शहरों में हॉकी को बढ़ावा देने की योजना है। इसके लिए हॉकी झारखंड की ओर से सभी जिला संघों को 10-10 लाख रुपये अनुदान और हॉकी किट दिये जाने की योजना है।

30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग- हॉकी झारखंड की मेजबानी में रांची में 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग होगी। 10 मई तक चलनेवाली लीग में हॉकी झारखंड समेत आठ राज्यों हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीमें भाग लेंगी।

उलगुलान न्याय महारैली ' देश और राज्य के लिए ऐतिहासिक होगी : सुप्रीयो भट्टाचार्य

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन होना है। इसको लेकर इंडी गठबंधन में शामिल झामुमो, राजद, आप पार्टी की एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन शुक्रवार को हरमू स्थित झामुमो के पार्टी कार्यालय में हुई। मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली ' देश और राज्य के लिए ऐतिहासिक होगी। इस प्रभात मैदान को हमलोगों ने इसलिए चुना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग कार्यक्रम में इसी प्रभात तारा मैदान में आए थे। अब इसी मैदान से केंद्र सरकार को उखाड़ने का शंखनाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महारैली में शामिल होने के लिए लोग सुबह से ही दूर-दूर से पैदल चल कर आयेंगे। यहीं नहीं दो साल से वेतन से वंचित चल रहे एचईसी कर्मी और मजदूर भी रैली में शामिल होंगे। फल, सब्जी बेचने वाले भी आयेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली के जरिये भाजपा को भारी नुकसान होने वाला है। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री डर गए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि उलगुलान रैली को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष को जिम्मेदारी दे दी गई है। इस रैली से भाजपा की केंद्र सरकार को उखाड़ने का उलगुलान होगा।

लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे नाः दिनेश कुमार यादव

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप रांची की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए लगातार विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। विशेषकर शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को हेहल स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में बेहतर मतदान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैसे बूथ जहां मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव में कम था, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता पर चर्चा की गई। बूथ संख्या 77-87 पर मतदान प्रतिशत कम होने के कारण पर विचार विमर्श करते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के दिन बूथ तक लाने पर चर्चा की गई। नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। "लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे ना" का अनुपालन करते हुए अपने आसपास के मतदाताओं को जागरूक करें, उन्हें सपरिवार वोटिंग और वोट के दिन रिश्तेदारों, दोस्तों के साथ मतदान केंद्र पहुंचने के लिए प्रेरित करें। एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि घर-घर जाकर लोगों को लोकतंत्र के निर्माण में एक वोट के महत्व के बारे में बताएं और उन्हें मतदान के दिन सपरिवार वोटिंग के लिए प्रेरित करें।

देश की जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं, मोदी की गारंटी पर हैः बाबूलाल मरांडी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह गठबंधन केवल कमाने के लिए बनाया गया गठबंधन है। सत्ता प्राप्त कर देश और प्रदेश को लूटना इनके फितरत में शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं है। जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रही है। बाबूलाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने से लेकर गांव, गरीब, किसान सभी की सेवा के लिए भाजपा संकल्पित है। मोदी सरकार ने गांव,गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे। उन्होंने झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को अपार बहुमत से जीत दिलाने के लिए लग जाने का आह्वान किया। मरांडी ने डोमचांच के प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव सहित उनके नेतृत्व में आए संजय मेहता, शिवशंकर राय, मनोज यादव, पिंटू यादव, रामदेव मेहता, दिनेश यादव, बैजू तिवारी, प्रवीण यादव, बैजनाथ यादव, राम सुरेश यादव, नीलू देवी, ममता कुमारी, विजय कुमार, विजय कुमार, रानी कुमारी, मनोज दास, गुड़िया देवी, प्रियंका रानी, संजय मेहता सहित सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में सबका साथ सबका विकास साकार हो रहा। भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश की ऐतिहासिक प्रगति हुई है। भारत का गौरव दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। मोदी सरकार ने एक तरफ इज्जत घर बनाए, बहनों को गैस सिलेंडर देकर धुएं से मुक्ति दिलाई।

संक्षिप्त समाचार

रोटरी के सदस्यों ने किया भिक्षुकों में चप्पल का वितरण

बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स क्लब के सदस्यों ने साईं मंदिर सेक्टर - 6, सेक्टर 5 एवं सेक्टर 4 में भिखारियों के बीच चप्पल का वितरण किया। उनलोगों को चप्पल पहनाए, जिनके पैरों में पहनने के लिए पर्याप्त जूते नहीं थे और वे नंगे पांव धूप में चलने को विवश थे। क्लब के प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य हो लोगों के दुख और कठिनाई को कम करने और जीवन को आशावान बनाना है। अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि क्लब पूरी गर्मी इसी तरह जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनकी सहायता करने का प्रयास जारी रखेगा। इस अवसर पर साक्षी जौहर, अमित जौहर, मिनी, शिव अग्रवाल, कविता, राजा, अलका जैन, दिव्या, पुनीत जौहर, अनूप त्रिपाठी, विकास जैन, अनुपम गर्ग आदि मौजूद रहे।

अन्नपूर्णा दिवस मनाकर अनाथ बच्चों को कराया भोजन

बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स की ओर से अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगर से सेक्टर- 5 स्थित मानव सेवा आश्रम के अनाथालय बच्चों के लिए भोजन प्रदान किया गया। क्लब के सदस्यों ने मानव सेवा आश्रम के 50 अनाथालय बच्चों को भोजन प्रदान करके अन्नपूर्णा दिवस का उत्सव मनाया। साथ ही, बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण भी किया गया। अध्यक्षा अमीषा अग्रवाल ने सामाजिक सद्भावना, सहायता के प्रति क्लब की तरफ के कटिबद्धता व्यक्त की। मौके पर शिव अग्रवाल, मिनी कपूर, अनूप अग्रवाल, साजन कपूर, दिव्या, सनी, अमित जौहर, राजा जैन, अलका आदि मौजूद रहे।

मजदूर की बेटी ने मैट्रिक में जिले में पाया पांचवां स्थान

तालगड़िया (बोकारो)। जैक बोर्ड की ओर से आयोजित मैट्रिक की परीक्षा 2024 का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। इसमें चंदनकियारी प्रखंड के बाटबिनोर निवासी पवन महतो की पुत्री वर्षा कुमारी जिले में पांचवें स्थान पर तथा अपने विद्यालय श्री महावीर जी उच्च विद्यालय में दूसरे स्थान पर रही। वर्षा के पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। वर्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दी है। उसने कहा कि सफलता के लिए लगन और मेहनत जरूरी है। वह आगे की पढ़ाई पूरी कर इंजीनियर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है।

गांव की बेटी को मिला जिले में दूसरा स्थान

तालगड़िया (बोकारो)। जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में चंदनकियारी प्रखंड के बाटबिनोर निवासी महावीर महतो की पुत्री नेहा कुमारी जिले में दूसरे स्थान पर तथा अपने विद्यालय श्री महावीर जी उच्च विद्यालय में टॉप कर नाम रौशन किया है। नेहा के पिता मजदूरी करते हैं। नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक और माता-पिता को दिया है। कहा कि वह आगे की पढ़ाई पूरी कर चिकित्सक बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है। प्राचार्य प्रदीप कुमार सोरेन ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस बार अच्छी है। सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

देवघर में दो आरोपित गिरफ्तार, शराब बरामद

देवघर। जिले की देवीपुर थाना पुलिस ने दो किराना दुकानों में छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड के शराब बरामद किया है। देवीपुर थाना क्षेत्र के मनिवारपुर मोड़ स्थित विनोद यादव के किराना दुकान और कोल्हड़िया मोड़ स्थित सुनील मंडल के दुकान में छापेमारी कर शराब बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचा जाता है। इसी सूचना पर पुलिस की छापेमारी टीम विनोद यादव के मनिवापुर मोड़ स्थित किराना दुकान में छापेमारी करने पहुंची। विनोद यादव की निशानदेही पर किराना दुकान के पीछे स्थित घर के एक कमरे में रखा 70 बोतल शराब और बीयर बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपित दुकानदार विनोद यादव को गिरफ्तार कर लिया। कोल्डड़िया मोड़ स्थित सरकारी विदेशी शराब दुकान के बगल में सुनील मंडल के जनरल स्टोर से अलग-अलग कम्पनी का अवैध शराब बरामद किया गया। दुकानदार सुनील मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

झारखंड के चतरा में एनटीपीसी प्लांट में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

चतरा। राज्य के चतरा जिले के टंडवा में संचालित एनटीपीसी प्लांट में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की वजह से प्लांट में चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। आग पर काबू पाने के लिए एनटीपीसी के जीएम ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया है। आग से लाखों के नुकसान का अनुमान है। आग लगने और कोयले की लपटों से पूरा इलाका धुएं से भर गया है। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के लोगों को धुएं से सांस लेने में दिक्कतें हो रही है। बताया जा रहा कि घटना के लगभग 45 मिनट बीत जाने पर भी आग बुझाया नहीं जा सका है।

कंज्यूमर मीट में दिलाया सकारात्मक भरोसा, उन्नति में सहयोग की भी अपील

गुणवत्तायुक्त विद्युतापूर्ति और उपभोक्ताहित में तत्पर है डीवीसी : चेयरमैन एस. सुरेश कुमार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के अध्यक्ष एस. सुरेश कुमार (भाप्रसे) ने कहा कि दामोदर घाटी निगम देश में गुणवत्तायुक्त बिजली उत्पादन-वितरण और उपभोक्ताओं की समस्या को समाधान के लिए हमेशा तत्पर है। शुक्रवार को नगर के सेक्टर-1 स्थित होटल हंस रीजेंसी के सभागार में आयोजित डीवीसी के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ वार्तालाप में उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की उचित सलाह पर वे उचित कार्रवाई करने के लिए प्रयासरत हैं। डीवीसी उत्तम बिजली उत्पादन, समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करने के लिए पूर्ण प्रयासरत है। डीवीसी कमांड एरिया में विद्युत उत्पादन के लिए विस्तारीकरण और सामाजिक कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर सदस्य (तकनीकी) एम रघुराम ने कहा कि डीवीसी उपभोक्ताओं को 24 घंटा बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए हमें देश के लोगों के सहयोग की जरूरत है। डीवीसी के पास वर्तमान समय में पर्याप्त मात्रा में कोयला है। डीवीसी विद्युत उत्पादन और वितरण में देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सदस्य सचिव जॉन मथाई ने कहा कि दामोदर घाटी निगम देश और विदेश में विद्युत की आपूर्ति कर रहा है। भारत की आजादी के बाद से ही देश और समाज की उन्नति के लिए डीवीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि डीवीसी विद्युत उत्पादन के साथ - साथ शिक्षा, स्वास्थ्य सहित समाज की उन्नति के लिए अग्रसर रहा है। देश की उन्नति के लिए हम सभी को एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। सदस्य (वित्त) अरूप सरकार ने डीवीसी की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि डीवीसी का उत्थान देश और समाज के उत्थान से जुड़ा हुआ संगठन है। डीवीसी आर्थिक और सामाजिक रूप से देश और समाज को समृद्धशाली बनाने के लिए सक्षम है। डीवीसी वर्तमान में कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। आने वाले समय में डीवीसी विद्युत उत्पादन सहित अन्य सामाजिक कार्यों को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस क्रम में डीवीसी के अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने उत्तम विद्युत उपभोक्ताओं के रूप में कोलकाता करवाईड , मैयहर एलवाइज, सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड और सियाजी इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह में सैकड़ों विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लिया और डीवीसी के कार्यकलापों की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यपालक निदेशक (वित्त) संजीव श्रीवास्तव आदि ने भी समारोह के संबोधन में डीवीसी के कार्य प्रणाली पर विशेष प्रकाश डाला और उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे एक दूसरे के पूरक बने। समारोह में कार्यपालक निदेशक दिनेश कुमार सिंह, राजेश कुमार, अंजनी दबे, सुभाष सिंह, मनोज कुमार ठाकुर, अविजीत घोष, राजीव रंजन सिन्हा आदि उपस्थित थे। समारोह का संचालन सर्वजीत सिंह और अरविंद कुमार ने किया।

एल एन टी कंपनी के स्टोर में लगी आग , लाखों की संपत्ति जलकर हुई राख

राष्ट्रीय मुख्यधारा। धनबाद

जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पंडुकी स्थित एल एन टी कंपनी के स्टोर में गत वृहस्पतिवार को लगी भीषण आग के कारण लाखों रुपए का प्लास्टिक मेंटेरियल एवम लकड़ी के सामान जलकर राख हो गई। घटनाकी सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। कंपनी के पदाधिकारी ने बताया कि चहारदीवारी के बाहर झाड़ी में आग लगी थी ।चिंगारी उड़कर कैंपस के अंदर आया और कैंपस के अंदर रखे लकड़ी तथा प्लास्टिक के सामान में आग पकड़ लिया ।कुछ ही देर में भीषण आग पकड़ लिया मौके पर तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आकर आग बुझाने में सफल हुए।

धनबाद में तीन लाख का नकली अंग्रेजी शराब जब्त

राष्ट्रीय मुख्यधारा। धनबाद

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र धनबाद उत्पाद विभाग की ओर से लगातार अवैध नकली शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को इसी क्रम में निरसा थाना क्षेत्र के गोरगा बस्ती में उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस के द्वारा फरार चल रहे अवैध नकली अंग्रेजी शराब व्यवसायी विकास साहनी के आवास पर छापेमारी की गई, जहां से छापेमार दल ने करीब तीन लाख रुपये नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया हैं। पुलिस की नजर में फरार चल रहे विकास साहनी अपने घर में मिनी नकली शराब फैक्टरी संचालित कर रहा था। टीम ने उसके आवास से 4 लीटर कैरामिल, करीब 350 लीटर स्प्रिट, विभिन्न ब्रांडो का बना हुआ 14 पेटी कुल 124 लीटर नकली शराब और भारी मात्रा में लेबल, कैप बरामद किया है। इसकी कीमत करीब लाख रूपये बताई जा रही है।

विकास साहनी के ऊपर पहले से चार मामले दर्ज हैं। जिसमें वह फरार चल रहा हैं। इससे पहले भी उत्पाद विभाग द्वारा उसके आवास पर छापेमारी की गई थी। उस वक्त भी उसके आवास से काफी मात्रा में नकली शराब जप्त किया गया था। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि फरार आरोपित विकास साहनी के ऊपर उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस तहकीकात कर उसे पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

सेल ने पाई आल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में खिताबी जीत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

भोपाल में ऑयल इंडिया टीम को हराकर जीती प्रतियोगिता

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने ऑल इण्डिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एआईपीएसएससीबी) द्वारा 15 से18अप्रैल, 2024 तक भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट-2024 जीतने का गौरव हासिल किया है। इससे पहले हाल ही में एआईपीएसएससीबी द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित आल इण्डिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नामेंट में भी भारतीय खाद्य निगम को हराकर सेल चैंपियन बनकर उभरा था। सेल ने ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में ऑयल इंडिया को (3-0) से हराकर, इस टूर्नामेंट का चैंपियन का खिताब हासिल किया। इस टूर्नामेंट में कुल नौ (09) पब्लिक सेक्टर यानि सेल, एलआईसी, बीएसएनएल, कोल इंडिया, निवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन, ऑयल इंडिया, ईएसआईसी, बीएचईएल और नाल्को ने भाग लिया। सेल द्वारा लगातार जीती गई ट्रॉफियां, खेल और एथलेटिक प्रतिभाओं को व्यवस्थित रूप से बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने के प्रति कंपनी के निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। कंपनी देश की उभरती खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर कई खेल अकादमियों को चलाती और उनका संचालन करती है। कंपनी खेल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने और प्रतिभाओं को निखारने के अलावा खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर प्रदान करने के लिए अपने संयंत्रों और इकाइयों में अंतर सेल खेल चैंपियनशिप भी आयोजित करती है। इसके अलावा,सेल स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) के तत्वावधान में सेल पूरे वर्ष विभिन्न खेल और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।

पांडू हिंसा में दोनों पक्षों को मिलाकर 10 गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलाम

पांडू, थाना क्षेत्र के कजरू कला में दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। दोनों पक्षों से पांच-पांच लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। अन्य 30 से 40 अज्ञात लोगों की पड़ताल जारी है। स्थिति को सामान्य करने में जुटी है। पुलिस लगातार बस्ती में कैंप कर निगरानी कर रही है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार शाम रतनाग एवं रबरा ग्राम के लगभग 10 मोटरसाइकिल पर सवार युवक भगवा झंडा लगाए कजरुकला के पुराने मस्जिद की ओर से गुजर रहे थे। इसी बीच विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने उन पर हमला करते हुए कई मोटरसाइकिलों को क्षतिग्रस्त कर दिया था एवं सवार लोगों से मारपीट की थी। इसका वीडियो भी सामने आया था। सूचना मिलने पर विश्रामपुर के एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। देर रात पर एसडीपीओ मौके पर डटे रहे। स्थिति नियंत्रण में बतायी गयी है। घटनास्थल पांडू प्रखंड मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर है, जबकि जिला मुख्यालय से इसकी दूरी 65 किलोमीटर है। इधर, घटना की जानकारी पाकर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पांडू थाना पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की। पिटायी से जख्मी युवकों का कहना है कि बाइक से कजरू कला बाजार से सटे मस्जिद गली से होकर निकल रहे थे। इसी बीच दूसरे पक्ष के विशेष समुदाय के युवकों ने अचानक उनकी पिटायी शुरू कर दी। पूरे परिवार के लोगों ने मिलकर मारपीट की। मारपीट करने की योजना पहले से तय लगती थी। उन्हें जानवरों की तरह पीटा गया। शरीर पर जगह जगह जख्म बन गए हैं। अगर वे मौके से बाइक छोड़कर नहीं भागते तो उनकी हत्या भी हो सकती थी। ऐसे में उन्हें मौके पर ही अपनी अपनी बाइक छोड़कर व जान बचाकर भागना पड़ा। मारपीट करने से पहले उस इलाके की बती बुझा दी गयी थी। प्रभावित लोगों ने कहा कि जिस इलाके में मारपीट हुई, वहां के लोग हमेशा हिंसा पर उतारू रहते हैं। बात बात पर मारपीट करने लगते हैं।

गिरफ्तार लोगों में कौन कौन- पुलिस के अनुसार गिरफ्तार लोगों में एक पक्ष से तौफीक आलम, तौफीक अंसारी, असगर अली, नसीम अंसारी, अमजद अली (सभी ग्राम कजरुकला) जबकि दूसरे पक्ष से ललन चौधरी, सोनू कुमार चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, विकास चौधरी, विकास कुमार चौधरी (सभी ग्राम रत्नाग) के निवासी हैं।

लोहरदगा में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लोहरदगा

स्वीप कोषांग के तत्वावधान में आज व्यवहार न्यायालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय, डालसा सचिव राजेश कुमार और स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा ने की। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि मतदान एक राष्ट्रीय पर्व है। पीएलवी मेम्बर्स सभी गांवों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करें। डालसा सचिव ने कहा कि पहले सिर्फ ग्रेजुएट को ही मतदान का अधिकार था लेकिन अब मतदान का अधिकार सबको मिला हुआ है। मतदाता को मत का अधिकार देने के लिए निर्वाचन आयोग कई सुविधाएं दे रहा है। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने फॉर्म-6, टॉल फ्री नम्बर 1950, सी-विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप इत्यादि की जानकारी दी। कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता के वीडियो दिखाए गए। साथ ही सभी पीएलवी मेम्बर्स में सभी संबंधित मोबाइल एप डाउनलोड कराए गए। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग के सदस्य, पीएलवी मेम्बर्स आदि उपस्थित थे।

देवरी प्रखंड के प्रवासी मजदूर का हैदराबाद में मौत आश्रृत की मदद में घर पहुंचे बिनोद सिंह

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

मामला देवरी प्रखंड के खेरोडीह गांव का है। आज से कुछ दिन पहले यानी 14-4-2024 को देवरी प्रखंड के ग्राम खेरोडीह के प्रवासी मजदूर छोटु कुमार साहू का मौत हैदराबाद में हो गई थी छोटू कुमार साहू का उम्र 26 वर्ष था ठेला लगाकर जुस बेचने का काम करता था सुबह-सुबह जुस दुकान खोलकर बैठा ही था इसी बीच एक गाड़ी आकर धक्का मार दिया और घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी । यह खबर सुनकर पुरे गांव में मातम छा गया मृतक का पार्थिव शरीर हैदराबाद से झारखंड कैसे लाया जाए एक बहुत बड़ी चिंता बन गई थी। इसी बीच कुछ लोगों ने बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह पर भरोसा जताया और सूचना दिया बगोदर विधायक मृतक के गांव देवरी खेरोडीह पहुंचकर मृतक के परिजन से मिले और संत्वाना दिये। साथ ही आज मृतक के पत्नी के बैंक अकाउंट में पचास हजार रुपए की सहायता राशि चली गई है यह राशि मिलने से बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया है।

पश्चिमी टुंड़ी के बंगारो में पांच दिवसीय श्री श्री 108 मारूति नंदन महायज्ञ प्रारंभ

राष्ट्रीय मुख्यधारा। धनबाद

121 कुमारी कन्याओं द्वारा जलयात्रा प्रारंभ

जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत पश्चिमी टुंडी के बंगारो गांव में 121 कन्याओं की कलश यात्रा के साथ आरम्भ हुआ।श्री श्री 108 मारूति नंदन महायज्ञ पांच दिवसीय जो 19 /04/2024 से 23/04/2024 तक आयोजित किया गया हैं । जिसका शुभारम्भ आज 121 कलश कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं ने बंगारो यज्ञ स्थल से तीन किलोमीटर पैदल चलकर नेमोरी जोरिया में यज्ञाचार्य अयोध्या वालें भागीरथ पाण्डेय अपने सहयोगियों पुरूषोत्तम शास्त्री, गौतम शास्त्री एवं चन्दन शास्त्री के सहयोग से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में जल भरवाकर पुनः बंगारो यज्ञ स्थल पंक्ति बद्ध होकर गाजे - बाजे के साथ पहूंचे । काली चरण महतो - फुल कुमारी देवी , प्रेम चन्द महतो - भवानी देवी, सुधीर तुरी - उषा देवी एवम ठाकुर प्रसाद महतो - पुष्पा देवी सभी सपत्नीक मुख्य यजमान के रूप में सम्मिलित हुए । यज्ञ स्थल में सत्तू का शरबत एवं शीतल पेय जल और रसना की व्यवस्था की गई थी। सत्तू शरबत स्टॉल की विधिवत फिता काटकर उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि सह आजसू केन्द्रीय सदस्य दिनेश कुमार राय ने किया। सहयोग में पूर्व प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि मंगल प्रसाद महतो, समाजसेवी चन्द्र मोहन राय , सुरेश बाउरी एवं खुबलाल मंडल, पारा शिक्षक संजय महतो इत्यादि उपस्थित रहें । शीतल पेय एवं रसना शरबत स्टॉल का विधिवत उद्घाटन यज्ञ समिति के मुख्य यजमान काली चरण महतो ने फीता काटकर किया। सहयोग में सभी यजमान उपस्थित रहें । कलश यात्रा में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक सह आसान्न लोकसभा 2024 चुनाव के इंडिया प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, जिप सदस्या-04 मीना हेम्ब्रम, पश्चिमी टुंडी क्षेत्र के समाजसेवी सह भाजकिमो के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्द्र मोहन राय एवं समाजसेवी नवीन चन्द्र सिंह , इत्यादि के अलावा बंगारो गांव की समस्त महिलाएं, पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चे - बच्चियां इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

संक्षिप्त समाचार

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो का सरायकेला कोर्ट के पास भव्य स्वागत

सरायकेला। लोक सभा चुनाव के दौरे पर निकलने के दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो को सरायकेला कोर्ट के सामने कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में मुख्य रुप से यूथ आजसू के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष गणेश महतो, राजा टुडू, जिला सचिव विकास कुमार साव, आदित्यपुर नगर अध्यक्ष राजकिशोर यादव, नगर सचिव प्रिंस यादव नगर आईटी सेल प्रभारी अंकित कुमार, गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष रवि हांसदा, मलकीत, सिंह, मानिक , अजय, बिस्वजीत समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे.

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर हुई राख

धनबाद। जिले के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के पालो बेड़ा गांव निवासी मदन भंडारी के घर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग की लपट इतनी तेज थी की कुछ ही देर में घर धू धू कर जलने लगा। घर के लोग जान बचाकर घर से बाहर निकल गए। घटना की सूचना तुरंत अग्निशामक विभाग को दी गई परंतु अग्निशामक वाहन के आने में काफी देर हो चुकी थी ।ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।बताया जाता है कि आग की चपेट में आने से घर में रखे टाटा मैजिक एवम मोटर साइकिल के अलावे लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई।

भाजपा उम्मीदवार 22 अप्रैल से दाखिल करेंगे नामांकन पर्चा

रांची। भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार 22 अप्रैल से नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार गीता कोड़ा, 23 अप्रैल को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, 24 अप्रैल को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार समीर उरांव और पलामू लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार बीडी राम अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उल्लेखनीय है कि झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन सीटों में सिंहभूम (एसटी), खूंटी (एसटी), लोहरदगा (एसटी) और पलामू (एससी) शामिल हैं। झारखंड में चार चरणों में 14 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे।

मोबाइल चोरी मामले में बंगाल के चार चोर गिरफ्तार, 13 मोबाइल बरामद

रांची। डेली मार्केट थाना पुलिस ने चोरी के 13 मंहगे मोबाईल चोरी करने के मामले में चार चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में लखन भाट, नरेश सिंह, गोविंद सिंह और कृष्णा सिंह शामिल है। चारों पश्चिम बंगाल के रहने वाले है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने शुक्रवार को बताया कि रामनवमी के जुलूस के दिन रात में मेन रोड के हनुमान मंदिर के पास कुछ लोगों से मोबाईल चोरी को लेकर स्थानीय लोग पूछताछ कर रहे थे। मामले की जनकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और पूछताछ की। पूछताछ में चारों ने मोबाईल चोरी की बात स्वीकार की। इनके निशानदेही पर 13 चोरी के मोबाईल फोन बरामद किये गये। सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल

दुमका। जरमुंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह बासुकीनाथ नोनीहाट मुख्य मार्ग पर घोरटोपी के पास मछली लदे पिकअप वैन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में बाइक सवार महिला रामगढ़ लतबेरवा की रहने वाली हीरामणि मुर्मू (25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उसके पति विनय सोरेन एवं पूनम हांसदा गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में घायलों को जरमुंडी लाया गया, जहां डॉक्टर गुफरान ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप घंटे सड़क जाम कर दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही सीओ आशुतोष ओझा एसडीपीओ संतोष कुमार एवं थाना प्रभारी सत्यम कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए, जहां शव को कब्जे में लेकर जाम छुड़ाने की जद्दोजहद में लग गए। जाम स्थल पर ग्रामीणों से घंटों मान मन्नौवल एवं सरकारी सहायता के आश्वासन के बाद किसी तरह जाम छुड़ाने में सफलता मिली।

धोखाधड़ी कर 57 लाख रुपया ठगी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

दुमका। धोखाधड़ी कर 57 लाख रुपए ठगी करने के मामले में रांची के दो लोगों के विरुद्ध नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई दुमका शहर के चम्पानगर,ग्रांट स्टेट मुहल्ले के पतरास टुडू के बयान पर नगर थाना की पुलिस ने की है। पतरास टुडू का आरोप है कि रांची के विनोद गुड़िया से उनकी जान पहचान थी। दोनों के बीच बातचीत होती थी। दोनों ने उन्हें फोन पर रुपए को दोगुना करने का लालच दिया। दोनों के बहकावे में वे आ गए। दोनों युवक विनोद गुड़िया एवं सलीम जॉन टोपनो रिश्ते में साला और बहनोई है। उसका साला सलीम जॉन टोपनो बड़ा घाघरा,सीरम टोली डोरंडा,एजी ऑफिस कैम्पस रांची में रहता है और वह राशन का थोक विक्रेता है। उसके साला ने कुसई बड़ा घाघरा रांची में आशीष स्टोर से खोला है। ट्रेडिंग का भी काम करता है। छह महीने के अंदर उक्त रुपए को डबल कर वापस कर देगा। विनोद गुड़िया एवं सलीम जॉन टोपनो की बातों में वे आ गए और रुपए देने के लिए राजी भी हो गए। पीड़ित पतरास टुडू ने अपने बेटे अभिषेक टुडू के एसबीआई खाता से 29 मई 2022 को 2 लाख 40 हजार,30 मई 2022 को दो लाख,पत्नी मेरीला मुर्मू के एसबीआई खाता से पांच लाख रुपया ट्रांसफार्मर किया। वहीं 8 जुलाई 2022 को 18 लाख सलीम जॉन टोपनो और विनोद गुड़िया ने दुमका आकर सलीम जॉन टोपनो के खाता में 24 लाख रुपया ट्रांसफर किया। दोनों साला और बहनोई के खाते में कुल 57 लाख रुपए को ट्रांसफर किया गया। कुछ दिनों के बाद रुपए मांगने पर दोनों टाल-मटोल करने लगे। काफी बोलने पर एक चेक दिया गया,जो बाउंस कर गया है। बाउंस चेक करने पर वे दोनों के विरुद्ध केस दायर करना चाह रहे थे,पर सलीम जॉन टोपना उक्त रुपए को जल्द से जल्द वापस करने का आश्वासन दे रहा था। साल गुजरने के बाद भी दोनों ने रुपए को वापस नहीं लौटाया और दोनों ने अपने-अपने मोबाइल को भी ऑफ कर दिया। अंत में न्याय के लिए थाना में दोनों साला और बहनोई के विरुद्ध भादवि की धारा 406 एवं 420 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान करने में जुट गयी है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

विभिन्न कोषांग के कार्यों की हुई समीक्षा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लातेहार

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने आसन्न लोक सभा निर्वाचन 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही।* समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। समीक्षा बैठक में ईवीएम डिस्पैच सेन्टर, ईवीएम की कमिशिनिंग गुणवत्तापूर्ण, वाहनों की उपलब्धता, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट और मैप, ईवीएम की सुरक्षा एवं तैयारी, कम्युनिकेशन प्लान, मूवमेंट प्लान, ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस, बूथों पर पेयजल एवं शौचालय निर्माण की अद्यतन कार्य प्रगति,मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। कार्मिक कोषांग की समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया गया कि डाटाबेस में किसी प्रकार की गलती न हो यह सुनिश्चित कर लें। आगे उपायुक्त ने कार्मिक कोषांग के तहत कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता, अद्यतन डाटा इन्ट्री की स्थिति, पीडब्यूडी मतदान केन्द्र हेतु दिव्यांग मतदान कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता युथ मतदान केन्द्र हेतु युवा मतदान कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता, पर्दानशी मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित कोषांग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त ने ASD लिस्ट को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को बीएलओ के साथ बैठक करने और इससे संबंधित ट्रेनिंग कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने प्रशिक्षण कोषांग की समीक्षा के दौरान प्रशिक्षण कैलेन्डर, अब तक निष्पादित प्रशिक्षणों की विवरणी (कोटिवार/तिथिवार), शेष प्रशिक्षणों की विवरणी से अवगत हुई। उपायुक्त ने निदेशित करते हुए कहा कि लोक सभा चुनाव से पूर्व सभी का प्रशिक्षण का कार्य ससमय करा लिया जाय। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता पीएचइडी को निर्देश दिया गया कि AMF के तहत बूथों पर पानी कनेक्शन एवं शौचालय निर्माण निर्धारित समय सीमा के अंदर कराना सुनिश्चित करें। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया की मतदान केंद्रों पर प्रकाश , पेयजल, शौचालय, रैंप आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही सभी पदाधिकारी को ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक बिंदुओं की जानकारी से अवगत कराया गया। इसके अलावा बैठक में उन्होंने स्वीप कोषांग, एमसीएमसी कोषांग की गतिविधि की जानकारी लेते हुए इस कोषांग को सुचारू रूप से संचालन कर जिले में संचालित न्यूज चैनलों, अखबार में छपी खबरों और अन्य विज्ञापनों पर विशेष नजर रखने का कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, आईटीडीए निदेशक श्री प्रवीण कुमार गागराई, अपर समाहर्ता श्री रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए श्री प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार श्री कौशल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मेरी मड़की, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी जिले के विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी ,नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र में में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे मतदाताः के. रवि. कुमार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। मधुलता पांडेय

पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र अवस्थित बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के मतदाता लोकसभा चुनाव 2024 में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। इसके लिए इस क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बना है। क्षेत्र सुरक्षित हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार में कही। वे आज बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातु स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी करीब 3:30 किलोमीटर मोटरसाइकिल से सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ और पर्यवेक्षक एवं स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना। मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दिन भयमुक्त होकर मत देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हालात अब बदले हैं। सुरक्षा बलों एवं जवानों की मेहनत से यह क्षेत्र भयमुक्त हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में पहले भी वोटिंग होती थी, लेकिन मतदाता छुप-छुप कर मत देने जाते थे, लेकिन लोकसभा चुनाव, 2024 में मतदाता सिर पूरी तरह भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन के तहत खाना परोसकर भी खिलाया। साथ ही मतदान केंद्र की कमियों को दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतदान केन्द्र के निरीक्षण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

झारखंड एकेडमिक काउंसिल(JAC) मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2024 के परिणाम घोषित

इस साल भी लड़कों की तुलना में लड़कियों ने मारी बाजी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। सरायकेला

सरायकेला जिले के आदर्श विकास विद्यालय गम्हरिया का छात्र प्रिंस कुमार जिला टॉपर बना है. उसे 95.80 प्रतिशत अंक मिले हैं. प्रिंस सिविल सेवा में जाना चाहता है. पिता अमलगम स्टील में सुपरवाइजर है. गम्हरिया साईं नगर में प्रिंस का परिवार रहता है. प्रिंस की दो बहनें हैं बड़ी बहन इंटर की छात्रा है, जबकि छोटी बहन आठवीं में पढ़ती है. ऊलब्धि का श्रेय प्रिंस ने अपने माता- पिता और गुरुजनों को दी है. वहीं जिले का सकेंड टॉपर सरस्वती शिशु मंदिर सरायकेला के छात्र धीरज कुम्हार के पिता सुकराम कुम्हार ने बताया कि उनका पुत्र शिक्षक बनना चाहता है. धीरज की भी दो बहनें हैं. एक कि शादी हो चुकी है. दूसरी संत जेवियर रांची से पीजी कर रही है. वे खुद एक सरकारी शिक्षक हैं. अपने बेटे की उपलब्धि का श्रेय उन्होंने उसके गुरुजनों को दी है. धीरज को गणित में शत प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं. धीरज को कुल 95.60 अंक मिले हैं. वहीं बीपीडीए हाई स्कूल भीमखांदा का छात्र तन्मय प्रधान तीसरे स्थान पर रहा उसे 95 फीसदी अंक मिले हैं. जिला शिक्षा पदधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा ने छात्रों के उपलब्धि पर उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए अविलंब अच्छे कॉलेजों में नामांकन कराने की सलाह दी है. साथ ही छात्राओं के शिक्षा पर जोर देने की बात कही. उन्होंने अपने जिले को राज्य में 16वां स्थान हासिल करने को लेकर सभी शिक्षकों एवं कर्मियो की सराहना की है, साथ ही आगे और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया. बता दें कि इस साल कुल 4 लाख 21 हजार 678 विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा दी थी. इनमें 2 लाख 5 हजार 110 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं, जबकि 1 लाख 53 हजार 33 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी और 19 हजार 555 छात्र तृतीय श्रेणी से सफल हुए हैं.

9790 मतदानकर्मियों को मिला द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

पलामू लोकसभा चुनाव कराने के लिए कर्मियों को लगाने से पहले उन्हें प्रशिक्षण देकर हर तरह से दक्ष बनाया जा रहा है, ताकि इलेक्शन के दिन किसी तरह की समस्या ना आए और नियमानुसार चुनाव संपन्न हो जाए। इसी कड़ी में शुक्रवार को 9790 मतदान कर्मियों को पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरव कुमार सिन्हा, दिनेश चंद्र पासवान द्वारा प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया गया। प्रशिक्षण का अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने किया। मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार, आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश कुमार, अजय सिंह, सरोज कुमार आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह, निशिकांत नीरव, शशि भूषण सिंह, अविनाश रंजन, संजय पाण्डेय, अर्जुन राम, विजय कुमार, जितेन्द्र सिंह, गौतम प्रसाद, विकास सिंह, महताब खान, सुजीत कुशवाहा, मनोज कुमार द्विवेदी, विनोद दीक्षित आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पलामू लोकसभा चुनाव की निर्धारित तिथि 13 मई एवं चतरा में 20 मई के मद्देनजर निष्पक्ष, त्रुटिरहित व भयमुक्त चुनाव के लिए मतदानकर्मियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने मतदानकर्मियों के समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

खूंटी पुलिस ने 14 वर्षों से फरार नक्सली बोदन मुंडा को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। खूंटी

पुलिस ने शुक्रवार को 14 वर्षों से फरार नक्सली बोदन मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। वह अड़की थाना क्षेत्र के गितिलबेड़ा गांव का रहने वाला है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि फरार नक्सली बोदन मुंडा किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अपने गांव गितिलबेड़ा आया हुआ है। उन्होंने सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए सीडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। छापामारी टीम द्वारा गितिलबेड़ा में नक्सली बोदन मुंडा के घर की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

लू की चपेट में पलामू, अधिकतम पारा 43 डिग्री पार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

पलामू में लगातार गर्मी बढ़ रही है। जिला का लगभग हिस्सा गर्म हवाओं की चपेट में है। अधिकतम तापमान हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा है। इस बीच जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। शुक्रवार को 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 23.07 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि जिस तरह का मौसम अभी चल रहा है, ऐसी स्थिति पूरे माह रहने वाली है। मई से 15 जून तक गर्मी बढ़ेगी ही। मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर पश्चिम से चल रही शुष्क हवा के कारण करीब करीब इलाका लू की चपेट में आ गया है। अधिकतम तापमान बढ़ रहा है और गर्म हवाएं चलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दोपहर दो बजे जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के कोयल नदी पुल पर गर्म से लोग अपने चेहरे को ढककर चलते पाए गए। पूरा बदन झुलस रहा था। हालांकि मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में मौसम के बदल जाने की बात कही है। 22 अप्रैल को हल्के बादल छाए रह सकते हैं। मौसम में यह परिवर्तन थोड़ा राहत दे सकता है। पलामू, गढ़वा समेत आधा दर्जन से अधिक जिलों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को एहतियात बरतने को कहा है। केंद्र की ओर से सलाह भी जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि बहुत जरूरी ना हो तो दिन के 11 से दोपहर 3 तक घर से बाहर निकलने से बचें। अगर निकालना जरूरी है तो टोपी पहनकर या छाता लगा कर चलें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। बच्चों और बुजुर्ग का इस गर्मी में विशेष ध्यान रखना होगा। वैसे श्रमिक जो भारी काम करते हैं, उन्हें दोपहर 11 से 3 बजे तक बचना चाहिए। संभव हो तो नियमित पानी पीते रहें।

लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे नाः दिनेश कुमार यादव

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप रांची की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए लगातार विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। विशेषकर शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को हेहल स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में बेहतर मतदान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैसे बूथ जहां मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव में कम था, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता पर चर्चा की गई। बूथ संख्या 77-87 पर मतदान प्रतिशत कम होने के कारण पर विचार विमर्श करते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के दिन बूथ तक लाने पर चर्चा की गई। नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। "लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे ना" का अनुपालन करते हुए अपने आसपास के मतदाताओं को जागरूक करें, उन्हें सपरिवार वोटिंग और वोट के दिन रिश्तेदारों, दोस्तों के साथ मतदान केंद्र पहुंचने के लिए प्रेरित करें। एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि घर-घर जाकर लोगों को लोकतंत्र के निर्माण में एक वोट के महत्व के बारे में बताएं और उन्हें मतदान के दिन सपरिवार वोटिंग के लिए प्रेरित करें।

चुनाव तैयारियों में शिथिलता और बहानेबाजी बर्दाश्त नहीं: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही, तो माथे पर गमछा लगायें और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाईयां सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। उक्त बातें झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे शुक्रवार को गढ़वा समाहरणालय में पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले में अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निदेश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद् करने का निदेश दिया। उन्होंने निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने का भी निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये, ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है, ऐसे में मतदान केन्द्रों पर पेयजलापूर्ति की मुक्कमल व्यवस्था सुनिश्चित करें। पानी की किल्लत वाले मतदान केन्द्रों पर टैंकर से भी पेयजलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर ने सभी हिस्ट्रीशीटर, किंगपिन एवं वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने संबंधी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने अपराधी, असमाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे हुए अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती सहित अन्य कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया सेल को एक्टिव रखते हुए 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने का निदेश दिया। साथ ही आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज़ पोष्ट पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने स्वीप कार्यक्रम के तहत गढ़वा समाहरणालय परिसर से पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के लिए मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी युक्त इस रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा।

संक्षिप्त समाचार

टाटानगर स्टेशन पर लंगूर ने दो जवानों को किया जख्मी

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटानगर स्टेशन पर आरपीएफ व जीआरपी के एक-एक जवान को गुरुवार सुबह लंगूर ने जख्मी कर दिया। इससे स्टेशन ड्यूटी रेलकर्मियों और सुरक्षा जवानों में दहशत है। लंगूर के हमले से जख्मी जीआरपी जवान का इलाज खासमहल सदर अस्पताल व आरपीएफ जवान का इलाज टाटानगर रेलवे अस्पताल में कराया गया। इधर, स्टेशन पर लंगूर के उत्पात की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम पहुंची और लंगूर को पकड़ने में जुटी है। बताया जाता है कि टाटानगर स्टेशन पर जनवरी से लंगूर का आना-जाना लगा है। इस दौरान 10 यात्रियों समेत दो सुरक्षा जवानों को लंगूर जख्मी कर चुका है। बुधवार को वन विभाग की टीम ने लंगूर को स्टेशन से निकालकर पकड़ लिया था। इससे रेलकर्मियों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन गुरुवार को दो सुरक्षा जवानों के जख्मी होने पर रेलकर्मियों को लंगूर के वाहन से कूदकर यार्ड की लाइन में भागने की जानकारी मिली। यात्री समेत रेलकर्मियों की सुरक्षा का हवाला देकर वन विभाग पर लंगूर को पकड़ने का दवाब बनाया जा रहा है, लेकिन लंगूर चकमा देकर भाग जाता है।

झारखंड की चार सीटों पर चुनावी दंगल शुरू, इनमें से एक पर पूरे देश की टिकी रहेंगी निगाहें

रांची, एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार को चौथे चरण (झारखंड के लिए पहला चरण) के चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने के साथ ही राज्य के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा तथा पलामू में चुनावी दंगल शुरू हो गया है। इन चारो सीटों पर गुरुवार से ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि पहले दिन किसी भी सीट पर कोई नामांकन नहीं हुआ। अब इन सीटों पर चुनाव प्रचार भी जोर पकड़ लेगा। जिन चार सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी हुई है, उनमें तीन सीटें सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा एसटी के लिए आरक्षित हैं, जबकि पलामू एससी के लिए आरक्षित है। दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी। वहीं, 29 अप्रैल तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। इन चारों सीटों पर 13 मई को मतदान होना है। राज्य के लगभग एक चौथाई (25.07 प्रतिशत) मतदाता इस पहले चरण की सीटों पर मतदान करेंगे। इस चरण में कुल 64,37,460 मतदाता वोट देंगे। इनमें 32,29,480 पुरुष मतदाता, 32,07,938 महिला तथा 42 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। चुनाव में बनाए गए कुल मतदान केंद्रों में 25.72 मतदान केंद्र इन संसदीय क्षेत्रों में हैं। बता दें कि एनडीए तथा आइएनडीआइए ने इन चार सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। सिंहभूम में भाजपा ने गीता कोड़ा तथा झामुमो ने जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, खूंटी में एक बार फिर अर्जुन मुंडा (भाजपा), और कालीचरण मुंडा (कांग्रेस) आमने-सामने होंगे। लोहरदगा में भाजपा ने समीर उरांव एवं कांग्रेस ने सुखदेव भगत तथा पलामू में भाजपा ने वीडी राम तथा राजद ने ममता भुइयां को टिकट दिया है।

स्टेशन में पानी के लिए अधिक पैसे लेने पर पांच हजार जुर्माना

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटानगर स्टेशन पर ठंडा पानी के बदले यात्रियों से अधिक पैसे लेने पर वाटर वेंडिंग मशीन संचालक पर एआरएम अभिषेक सिंघल ने पांच हजार जुर्माना वसूलने का आदेश दिया। बुधवार को डीआरएम एके राठौर रांची होकर टाटानगर स्टेशन आए थे। प्लेटफार्म नंबर चार-पांच पर स्टेशन अधीक्षक ओपी शर्मा, सीसीआई अंजनी राय, खानपान निरीक्षक राकेश कुमार, स्टेशन वाणिज्य उपाधीक्षक एके लेंका व अन्य रेलवे सुपरवाइजर मौजूद थे। इस दौरान एआरएम ने एक वाटर वेंडिंग मशीन संचालक को पानी के लिए यात्री से 10 रुपये लेते देखा। उन्होंने तत्काल वाटर वेंडिंग मशीन संचालक को फटकार लगाई और लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी। मालूम हो कि 10 अप्रैल को भी औचक जांच के दौरान एआरएम ने प्लेटफार्म नंबर एक स्थित वाटर वेंडिंग मशीन संचालक पर पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया था। एआरएम ने अन्य सुपरवाइजर को नियमित औचक जांच करने का आदेश दिया है, ताकि तय राशि से अधिक पैसा लेने की शिकायत न हो।

टाटा स्टील में जेडीसी की संख्या होगी कम

जमशेदपुर, एजेंसी। टाटा वर्कर्स यूनियन में कमेटी मेंबरों की संख्या कम करने की योजना का असर इस बार टाटा स्टील प्रबंधन और यूनियन की गठित संयुक्त कमेटियों पर पड़ना तय माना जा रहा है। जेडीसी की भी संख्या को कम करने की योजना है। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील में कर्मचारियों की संख्या को 30 जून 2026 तक घटाकर 8300 करने का लक्ष्य है। टाटा वर्कर्स यूनियन में कर्मचारियों की संख्या में अनुपात में ही कमेटी मेंबरों की संख्या तय की जाएगी। वर्तमान में टाटा वर्कर्स यूनियन में कमेटी मेंबरों की कुल संख्या 214 है। यह संख्या तब निर्धारित की गई थी, जब टाटा स्टील में कर्मचारियों की संख्या करीब 40 हजार थी। वर्तमान में जमशेदपुर प्लांट में कर्मचारियों की संख्या 11400 के करीब है। सूत्रों का कहना है कि टाटा स्टील प्रबंधन इस आधार पर टाटा वर्कर्स यूनियन में भी कमेटी मेंबरों की संख्या घटाने के पक्ष में है। यूनियन जानकारों के मुताबिक पचास प्रतिशत तक कमेटी मेंबरों की संख्या में कमी की जा सकती है।

लू की चपेट में प्रदेश : उत्तर-पश्चिम की शुष्क हवाओं ने बढ़ाई गर्मी, 15 जून तक ऐसा ही रहेगा मौसम

रांची, एजेंसी। झारखंड में लगातार गर्मी बढ़ रही है। राज्य का लगभग आधा हिस्सा गर्म हवाओं की चपेट में है। अधिकतम तापमान हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य का मौसम शुष्क रहा है। सबसे अधिक उच्चतम तापमान सराइकेला का रहा। यहां 43 डिग्री सेल्सियस टेंपरेचर दर्ज किया गया है।

वहीं सबसे कम तापमान गोड्डा जिले का रहा। जहां 20.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि जिस तरह का मौसम अभी चल रहा है, ऐसी स्थिति पूरे माह रहने वाली है। मई से 15 जून तक गर्मी बढ़ेगी ही।

मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर पश्चिम से चल रही शुष्क हवा के कारण झारखंड का आधा हिस्सा लू की चपेट

में आ गया है। अधिकतम तापमान बढ़ रहा है और गर्म हवाएं चलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 19 अप्रैल यानी आज रांची और खूंटी का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस, 20 अप्रैल को 39 डिग्री सेल्सियस और 21 अप्रैल को 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।हालांकि अपने पूर्वानुमान में बदल जाने की बात भी मौसम विभाग ने की है। 22 अप्रैल को हल्के बादल छाए रह सकते हैं। वहीं झारखंड के दक्षिणी हिस्से विशेष रूप से सिमडेगा, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम और सराइकेला में हल्के दर्ज की बारिश हो सकती है। मौसम में यह परिवर्तन थोड़ा राहत दे सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 21 अप्रैल को सराइकेला, गोड्डा, पाकुड़ तथा पूर्वी सिंहभूम में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। जबकि पश्चिमी सिंहभूम, धनबाद, बोकारो, देवघर, चतरा, पलामू और गढ़वा में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को एहतियात बरतने को कहा है। केंद्र की ओर से सलाह भी जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि बहुत जरूरी ना हो तो दिन के 11:00 से दोपहर 3:00 तक घर से बाहर निकलने से बचें। अगर निकालना जरूरी है तो टोपी पहनकर या छाता लगा कर चलें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। बच्चों और बुजुर्ग का इस गर्मी में विशेष ध्यान रखना होगा। वैसे श्रमिक जो भारी काम करते हैं, उन्हें दोपहर 11 से 3 बजे तक बचना चाहिए। संभव हो तो नियमित पानी पीते रहें।

गर्मी में इस बार बिजली संकट नहीं, रांची में पीक आवर में 340 मेगावाट की मांग, शहर को मिल रही जरूरत की पूरी बिजली

रांची, एजेंसी। रांची में गर्मी अब सताने लगी है। पारा दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बढ़ती गर्मी के साथ ही राजधानी में अचानक बिजली की खपत भी बढ़ गई है। रांची में इन दिनों पीक आवर में बिजली की मांग 340 मेगावाट तक पहुंच गई है, जो कि अबतक की सबसे अधिक है। इससे पहले रांची में औसत 260 से 280 मेगावाट बिजली की डिमांड पीक आवर में थी। इसके पीछे का कारण यह है कि घरों व कार्यालयों में एसी, कूलर और पंखे ज्यादा संख्या में चल रहे हैं।

हालांकि, अब तक अच्छी बात यह है कि रांची में डिमांड के अनुरूप बिजली की सप्लाई की जा रही है। इसकी वजह से लोड शेडिंग की समस्या नहीं आई है। जेबीवीएनएल के अधिकारी लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं कि शहर के किसी इलाके में बिजली की समस्या हो।

जेबीवीएनएल की ओर से गर्मी में बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए लगातार मेंटेनेंस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस वजह से कहीं-कहीं परेशानी हो रही है। लेकिन, दूसरे ग्रिड से पावर सप्लाई कर उसे नियंत्रित रखा जा रहा है। गुरुवार को 132 केवी लाइन के मेंटेनेंस के लिए 33 केवी राजभवन में कुछ घंटों के लिए शटडाउन लिया गया। हालांकि यहां कांके ग्रिड से पावर सप्लाई की गई, ताकि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी नहीं हो।

'डेढ़गुजरी' भाषा पर होगी रिसर्च, विभाग से मिली मंजूरी

रांची, एजेंसी। भाषा और बोली के मामले में हमारा देश बहुत समृद्ध है। राज्यों और कस्बों के छोटे भू-भाग में बोली जाने वाली भाषा को बोली कहते हैं। बोली भाषा का स्थानीय रूप होती है। माना जाता है कि देश में हर दस किलोमीटर के बाद बोली बदल जाती है। भाषा व्याकरणिक नियमों से बंधी होती है, लेकिन बोली स्वतंत्र होती है। देश के राज्य और प्रदेशों में बोलियां बदल जाती हैं। मिश्रित भाषा वंशावली बोलियों को जन्म देती है। ऐसी ही भाषा रेस की बोली में शमिल है डेढ़गुजरी बोली। यह प्रदेश के बॉर्डर इलाकों में झारखंडी भाषा-बोली से मिश्रित होकर प्रचलन में है।

डेढ़गुजरी बोली, भाषा विशेषज्ञों के लिए रोचकता पैदा करती है तो शोध का कारण भी बनी है। भाषा और बोली वंशावली की जटिलता को सुलझाने के लिए झारखंड सरकार कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान (टीआरआई) की ओर से डेढ़गुजरी भाषा पर शोध-अध्ययन होगा। शोध कार्य भाषा वैज्ञानिकों के माध्यम से किया जाएगा। शोध के लिए विभागीय स्वीकृति भी मिल गई है।

इस शोध अध्ययन के माध्यम से भाषाओं की विविधीकरण की प्रक्रिया, किसी विशिष्ट समूह की बोली, मूल और सामान्य भाषा के बीच के अंतर सहित अन्य सामाजिक पृष्ठभूमियों पर अध्ययन होगा। शोध कार्य से भाषा परिवारों की वंशावली संरचना की सूक्ष्म, विश्वसनीय और सत्यापन योग्य पहचान साबित की जा सकेगी।

बोलियों की अपनी कोई लिपि और व्याकरण नहीं

झारखंड राज्य की एक सीमा पश्चिम बंगाल, दूसरी ओड़िशा, तीसरी छत्तीसगढ़ और चौथी बिहार के प्रदेशों से सटती है। इन इलाकों में बंगला, उड़िया, छत्तीसगढ़ी और बिहारी भाषाओं के सम्मिश्रण ने कई बोलियों को जन्म दिया है। भाषा वैज्ञानिकों के अनुसार इन बोलियों की अपनी कोई लिपि और व्याकरण नहीं है। यही वजह है कि इन्हें भाषा वंशावली में रखने से परहेज किया जाता है।

झारखंड सरकार में टीआरआई निदेशक रणेंद्र कुमार ने कहा, डेढ़गुजरी पर अध्ययन की पृष्ठभूमि पाठकों में रुचि पैदा करेगी। इस भाषा-बोली में ओडिशा व बंगाली भाषा का समावेश है। यह भाषा वंशावली विषय में नई बहस को भी जन्म देगी। इसके साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि भाषा व बोली का क्षेत्र के अनुसार परिवर्तन होता है।

30 मिनट तक दो गुटों में पथराव, मजिस्ट्रेट व एएसआई चोटिल, लाठी चार्ज, बाइक फूंकी गई

बोकारो , एजेंसी। चास के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के जाला गांव में बुधवार की शाम करीब पांच बजे रामनवमी जुलूस गुजरने के दौरान पुलिस के समक्ष दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ। पथराव से ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट सहित कई लोग जख्मी हो गए। बवाल के दौरान उपद्रवियों ने एक बाइक जला दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब आधे घंटे तक दोनों ओर से पथराव हुआ।

घटना की सूचना पाकर चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार और पिंड्राजोरा थाना प्रभारी रविंद्र कुमार दल-बल के साथ पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस के समक्ष ही रह-रहकर दोनों पक्ष एक दूसरे से भिड़ रहे थे। ऐसे में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और भीड़ को तितर-बितर किया।

बताया जाता है कि शाम में रामनवमी का जुलूस जाला गांव से गुजर रहा था।

जुलूस के साथ स्थानीय पुलिस की एक पेट्रोलिंग टीम भी चल रही थी। इसी दौरान जाला में एक गुट के कुछ लोगों ने डीजे बंद करने को कहा तो जुलूस में शामिल लोगों ने इसका विरोध किया। देखते ही देखते दोनों पक्षों की ओर से बहसबाजी मारपीट में तब्दील हो गई। मारपीट के दौरान एक पक्ष के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे यहां भगदड़ मच गई। डीजे संचालक वाहन सहित भाग गया। पथराव के जवाब में दूसरे पक्ष ने भी पथराव शुरू कर दिया।

दो गुटों के पथराव में ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेट अमृत टोपनो और पिंड्राजोरा थाना के एएसआई किशोर कुमार सहित कई लोग जख्मी हुए हैं। मामला बिगड़ता देख तैनात मजिस्ट्रेट ने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही चास एसडीएम राजकुमार गुप्ता पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस बल पुलिस लाइन से भेजा गया। पुलिस ने लोगों को तितर-बितर किया और सभी को अपने-अपने घर जाने का निर्देश दिया। फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर रही है। मामले में किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

सरयू राय से मिलने पहुंची कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह, मांगा जीत का आशीर्वाद

धनबाद, एजेंसी। धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह गुरुवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय से जीत का आशीर्वाद लेने जमशेदपुर पहुंचीं। पति कांग्रेस विधायक अनूप सिंह व परिजनों के साथ बिष्टुपुर स्थित सरयू राय के आवास पर पहुंचीं, जहां उन्होंने चुनावी रणभूमि में फतह के लिए मार्गदर्शन की इच्छा जताई।

सरयू राय ने भी उन्हें मार्गदर्शन का भरोसा जताया। उन्होंने अनुपमा सिंह से कहा कि वे जनता के बीच जाकर उनके मनोभावों को समझने की कोशिश करें कि वे क्या चाहते हैं। उनके अनुरूप अपना स्थानीय एजेंडा भी बनाएं और जनता को भरोसा दिलाएं कि चुनाव जीतने के बाद उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगी। सरयू ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में दो प्रवृत्ति की लड़ाई है। आम जनता को भरोसा नहीं हो रहा कि भाजपा ढुलू महतो जैसे लोगों को भी अपना प्रत्याशी बना सकती है। वे अचंभित हैं। अब चुनाव मैदान में अनुपमा सिंह के उतरने के बाद लोगों में उम्मीद की किरण जगी है। उनके सामने नए चेहरे को चुनने का विकल्प मिला है।

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का सरयू राय का पैर छूकर आशीर्वाद लेने से सियासी गलियारे में हलचल है। लगभग एक घंटे तक विभिन्न पहलुओं पर बातचीत हुई। मुलाकात के बाद अनुपमा सिंह ने पत्रकारों से कहा कि धनबाद का चुनाव जीतने के लिए सरयू राय का आशीर्वाद जरूरी है। अनुपमा ने कहा कि सरयू राय से पारिवारिक रिश्ता है। उनके पति भी चुनाव जीतने के लिए उनसे आशीर्वाद लेते रहे हैं।

90.39 प्रतिशत रहा झारखंड 10वीं बोर्ड का रिजल्ट, हजारीबाग की 4 छात्राएं टॉप 3 में, ज्योत्सना ज्योति ने टॉप किया

रांची , एजेंसी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शुक्रवार को 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया। इस बार 90.39 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। टॉप 3 में 4 लड़कियां हैं। सभी हजारीबाग की इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल की हैं। झारखंड टॉपर ज्योत्सना ज्योति को 99.2त्न नंबर मिले हैं। सेकेंड टॉपर सना संजुरी को 98.6त्न अंक मिले हैं।

थर्ड टॉपर करिश्मा-सृष्टि सौम्या को 98.4त्न नंबर मिले हैं। 10वीं रिजल्ट में टॉप 10 में 44 छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। इनमें से 19 छात्राएं हजारीबाग की इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल की ही हैं।

3 लाख 38 हजार 398 स्टूडेंट्स परीक्षा में पास हुए हैं। इनमें से 205110 छात्र फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। 153733 स्टूडेंट्स सेकंड डिवीजन में पास हुए। सिर्फ 19555 छात्र थर्ड डिवीजन में पास हुए हैं।

इस बार के रिजल्ट में लड़कियों में बाजी मारी है। लड़कियों का पासिंग परसेंटेज 91 रहा। लड़कों का पासिंग परसेंटेज 89.70 रहा। बोर्ड का कहना है कि अगले 10 दिनों में

12वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा।

बोर्ड अध्यक्ष डॉक्टर अनिल महतो ने कहा कि आम चुनाव को देखते हुए हम लोग इस बार जल्दी रिजल्ट जारी कर रहे हैं। अन्य सालों के मुकाबले इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट हुआ है।

इस साल मैट्रिक की परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक ली गई थी। इसके लिए पूरे राज्य में 1238 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में लगभग 4,21,678 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। मैट्रिक की परीक्षा पहली पाली में सुबह 9.45 बजे से 1.05 बजे तक हुई थी।

झारखंड बोर्ड का कहना है कि 10 दिनों के अंदर 12वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा। बीते साल तक मई में परिणाम जारी किए जाते थे पर इस साल अपने शेड्यूल समय से पहले ही 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इंटर की परीक्षा के लिए 740 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में लगभग 7,66,500 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

एसी बोगी के मिडिल बर्थ का चेन गायब, यात्री ने रेल मंत्री को किया ट्वीट तो बीच रास्ते में लगाया

रांची, एजेंसी। रांची रेल डिवीजन में ट्रेनों का मेंटनेंस करने वाला मैकेनिकल विभाग केवल कोरम पूरा कर रहा है। रांची से जब ट्रेन खुल जाती है तो मैकेनिकल विभाग की लापरवाही से लगातार रांची डीआरएम को फजीहत झेलनी पड़ रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यात्री सानू गुप्ता ने रांची से दिल्ली तक गरीब रथ ट्रेन में तत्काल टिकट बुक कराया। उसे बोगी जी-6 में बर्थ नंबर 56 अलॉट किया गया, जो मिडिल बर्थ था। रात में जब सोने के लिए यात्री ने बर्थ को खोलने लगा तो पता चला कि दोनों तरफ की चेन गायब है। इस पर यात्री सानू ने रेल मंत्रालय व रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को ट्वीट किया। उसने लिखा कि रेलवे क्या सर्विस दे रहा है सीट के लिए रेलवे को अतिरिक्त पैसा देकर तत्काल में सीट बुक कराए, फिर भी ऐसी व्यवस्था। रेल मंत्रालय ने यह मामला तुरंत रांची डीआरएम के पास भेजा। रांची डीआरएम ने खेद व सॉरी जताते हुए यात्री की शिकायत को गंभीरता से लिया।

रांची में भू-गर्भ जल का दोहन रोकने की तैयारी : सभी भवनों में बनाना होगा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, जांच करेगा निगम

रांची , एजेंसी। बेंगलुरू में व्याप्त जल संकट को देखते हुए रांची अभी से अलर्ट मोड पर आ गया है। शहर के सभी भवनों व घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने की सलाह दी गई है। फिलहाल 300 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में बनने वाले भवनों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना जरूरी है। मतलब करीब सात डिसमिल जमीन पर बनने वाले घरों के लिए हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना होता है। इससे कम क्षेत्रफल में बनने वाले भवन इससे मुक्त हो जाते हैं। जबकि, नगर निगम से स्वीकृत होने वाले नक्शा में 80 प्रतिशत छोटे भवन होते हैं। तीन से पांच डिसमिल जमीन पर अधिकतर घरों का निर्माण होता है।

इस वजह से अधिकतर घरों में बोरवेल कराकर जमीन से पानी तो निकाला जा रहा है, लेकिन वर्षा जल का संरक्षण नहीं किया जा रहा है। इसे देखते हुए निगम प्रशासक के निर्देश पर टाउन प्लानर ने सभी लाइसेंसी टेक्निकल पर्सन को ई-मेल भेजकर साफ कहा है कि सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने पर जोर दें। जिस भवन के नक्शा में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने का ले-आउट बताया जाता है, उनमें भी अनिवार्य रूप से सिस्टम बनवाएं। हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने की जिम्मेदारी भी संबंधित आर्किटेक्ट की है।

हार्वेस्टिंग सिस्टम बनने के बाद इसकी रिपोर्ट भी निगम को देने के लिए कहा गया है, ताकि भवन मालिकों को अधिक टैक्स देने से मुक्ति मिले।

नगर निगम के आंकड़े की मानें तो शहर में करीब 2.30 लाख घर हैं। इसमें मात्र 60 हजार भवनों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना है। यानी करीब 26 फीसदी घरों में ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बना है। इसलिए वर्षा जल का संरक्षण नहीं हो रहा है। अब भी रांची में 25 हजार से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसका निर्माण 300 वर्गमीटर से अधिक जमीन पर हुआ है, लेकिन इन भवनों में वर्षा जल संरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है।

ऐसे भवन मालिक निगम को निर्धारित से डेढ़ गुना अधिक होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। इसके अलावा किसी भी भवन में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बना है। पहले से बने अधिकतर सरकारी भवनों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बना है। इस वजह से वर्षा जल संरक्षण की दिशा में ठोस पहल नहीं हो रही है।

रांची में 2.30 लाख घर हैं। इसमें 80 से 90 हजार घरों तक ही जलापूर्ति पाइपलाइन बिछी हुई है। उसमें भी 40 से 50 हजार घरों में ही पानी पहुंचता है। करीब 60 प्रतिशत घर ऐसे हैं जहां अभी तक जलापूर्ति पाइपलाइन नहीं बिछी है। इस वजह से बड़ी आबादी ग्राउंड वाटर पर निर्भर है। बोरवेल के भरोसे करीब 1.35 हजार घर है।

उम्मीदों की संकल्प पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे वे 'संकल्प पत्र कहते हैं। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीबों पर केंद्रित है। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक का है। मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। पांच लाख तक मुफ्त इलाज जारी के रहने के साथ ही इसके दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। पाइप के जरिए घर-घर गैस पहुंचाई जाएगी। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने व महिलाओं को लखपति दीद बनाने की भी बात दोहराई। उन्होंने का जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूजता है। गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रहने की बात भी उन्होंने की। विपक्ष ने इसे भाजपा का केंद्र से विदाई का घोषणापत्र बताया। एक राष्ट्र-एक चुनाव समान नागरिक संहिता लाने जैसे मुद्दों को दोहराने के साथ ही भाजपा ने तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बना मर अपना वायदा निभाने की गारंटी देने का प्रयास भी किया है। घोषणा पत्र की अमूमन बातें प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले ही करते रहे हैं। इसलिए इसमें कुछ नया तो नहीं कहा जा सकता। मुफ्त योजनाओं के जारी रखने की बात से जनता को यह आासन जरूर मिल जाता है कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इन्हें बंद नहीं कर देगी।

कांग्रेस अपने घोषणा को न्याय पत्र का नाम देकर इसी रास्ते पर नजर आ रही है। पार्टी ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण, गरीब लड़कियों को आर्थिक मदद, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, युवा-नारी-किसान-श्रमिक-आर्थिक व पर्यावरणीय न्याय के बूते सभी को समेटने के प्रयास किया है। यह सच है कि मतदाता को लुभाने वाले ये घोषणा पत्र कुछ तक प्रभावी होते हैं। मगर देश में इस वक्त युवा मतदाताओं की बढती दर ने राजनीतिक दलों को संकट में ला खड़ा किया है। इस नए मतदाता को प्रभावित करना उतना आसान भी नहीं है। जिन्हें शिक्षा, रोजगार व बेहतर भविष्य की आशाएं हैं। काफी हद तक वे मुफ्त योजनाओं व बड़े-बड़े वायदों से प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकते। मगर उनके भीतर अपने बेहतर भविष्य व सुकून भरे जीवन को लेकर आस्त रहने के सवाल भी हैं। राजनीतिक पार्टियां घोषणाएं कितनी भी कर लें मगर सच तो यह है कि मतदाता को प्रभावित कर पाना आसान भी नहीं है। इनका भरोसा जीतना वाकई दुष्कर कार्य है।

भारत का सकल घरेलू उत्पाद अगले 50 वर्षों में 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने की सम्भावना

पूर्णेन्दु पुष्पेश

गोल्डमेन सेच्स नामक अंतरराष्ट्रीय निवेश संस्थान ने अपने एक रिसर्च पेपर में बताया है कि आगे आने वाले 50 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। इस प्रकार भारत इस संदर्भ में अमेरिका को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक आदि विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने भी आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत रहने की प्रबल संभावनाएं जताईं हैं। जबकि, आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से ब्रिटेन, जर्मनी आदि, आर्थिक संकुचन के दौर से गुजर रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध के चलते कई विकसित देश तो ऊर्जा की कमी के संकट से जूझ रहे हैं। भारत के विदेशमंत्री, डॉक्टर एस जयशंकर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के लगभग समस्त सशक्त देशों के साथ अच्छे सम्बंध बनाने में सफल रहे हैं। आज रूस को भी भारत की आवश्यकता है तो अमेरिका को भी। रूस, भारत को कच्चे तेल एवं सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में शस्त्र उपलब्ध कराता है। वर्ष 2022 में भारत ने रूस से 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सामान आयात किया था। वर्ष 2023 में यह बढ़कर 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर होने की प्रबल सम्भावना है। वहीं अमेरिका, भारत को अपना स्ट्रेटेजिक सहयोगी मानता है। आज विश्व की समस्त बड़ी शक्तियां भारत के साथ सौहार्द पूर्ण सम्बंध चाहती हैं। रूस, अमेरिका, यूरोपीयन देश एवं अरब देश भारत के साथ अपने व्यापार को विस्तार देना चाहते हैं। रूस भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो यूक्रेन भी। उधर इजराईल भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो इरान भी। भारत जी-20 समूह का सदस्य है तो भारत यू2आई2 एवं ब्रिक्स का भी सदस्य है। इस प्रकार कुल मिलाकर भारत का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। आज भारत के पास विश्व की चौथी सबसे बड़ी फौज है। पश्चिमी बॉर्डर पर चीन से युद्ध की स्थिति में भारत आज इससे निपटने को पूर्णतः तैयार है। भारत के पास आज युवा जनबल है। भारत की 66 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष की कम आयु की है। 40 प्रतिशत जनसंख्या 13 से 35 वर्ष के बीच में है। भारत के पास 35 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। इसके विपरीत चीन, जापान, इटली, फ्रान्स आदि कई देशों की जनसंख्या अब धीमे धीमे कम हो रही है। इन देशों में आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए आज युवाओं की सख्त आवश्यकता है जो पूरे विश्व

में केवल भारत ही उपलब्ध करा सकता है। वर्ष 2064 तक भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर भारत विश्व में विकास के इंजन के रूप में अपनी भूमिका लम्बे समय तक निभाता रहेगा। उक्त संदर्भ में दूसरा सबसे बड़ा कारण बताया गया है, भारत में हाल ही के समय में किया गया डिजिटलीकरण। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में भी नागरिकों की दक्षता एवं उत्पादकता बढ़ गई है। भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की वित्तीय एवं बैंकिंग संस्थानों द्वारा भरपूर आर्थिक सहायता की जा रही है इससे यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं एवं देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित कर रहे हैं। पूर्व में केवल बड़े उद्योगों को ही बैकों द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती रही है परंतु भारत में अब यह ट्रेंड बदला है। कोविड महामारी के बाद से तो इस सम्बंध में बड़ा बदलाव देखने में आया है। डिजिटलीकरण के कारण छोटे छोटे व्यवसाईयों की क्रेडिट हिस्ट्री निर्मित हो रही है जिसके कारण बैकों को इन छोटे छोटे व्यापारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में आसानी हो रही है। 'आधार' ने तो देश के समस्त नागरिकों की एक अलग पहचान ही बना दी है। यूपीआई प्लेटफोर्म ने भी इस संदर्भ में ग्रामीण इलाकों में रोकड़ के उपयोग को कम कर डिजिटल प्लेटफोर्म पर वित्तीय व्यवहारों को हस्तांतरित किया है। छोटे छोटे व्यवसाईयों, किसानों, सामान्य नागरिकों को भी वित्तीय प्लेटफोर्म पर लाने में यह डिजिटलीकरण बहुत सफल रहा है। इससे वित्तीय समावेशन का कार्य भी आसान बन पड़ा है। भारत में डिजिटल व्यवहारों की संख्या आज संयुक्त रूप से अमेरिका, चीन एवं यूरोप से भी अधिक है। जबकि अमेरिका, चीन एवं यूरोप के देश भारत से अधिक विकसित देश हैं। इससे यह झलकता है कि भारत ने डिजिटलीकरण के मामले में पूरे विश्व को पीछे छोड़ दिया है। अब तो भारत का यूपीआई सिस्टम अमेरिका के स्विफ्ट पेमेंट सिस्टम को भी पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर डिजिटलीकरण के मामले में अपनी धाक जमाने की ओर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत का यूपीआई सिस्टम सिंगापुर, फ्रान्स, श्रीलंका एवं यूएई में लागू किया जा चुका है। भारत के प्रधानमंत्री ने फ्रान्स में भारतीय यूपीआई सिस्टम का उद्घाटन किया था, ताकि फ्रान्स में जाने वाले पर्यटक यूपीआई सिस्टम के माध्यम से फ्रान्स में वित्तीय व्यवहार कर सकें। न्यूजीलैंड में भी यूपीआई को लागू किए जाने पर विचार किया जा रहा है। उक्त संदर्भ में तीसरा सबसे बड़ा कारण है चीन के, विस्तरवादी नीतियों के चलते, विश्व के अन्य देशों के साथ लगातार खराब होते सम्बंध। आज विश्व के कई देश चीन के साथ आर्थिक व्यवहार करने से कतराने लगे हैं। यह स्थिति भारत के आर्थिक विकास को गति दे सकती है क्योंकि चीन+1 की नीति का अनुपालन विश्व के कई विकसित देश आज करने लगे हैं एवं ये देश भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में अपनी इकाईयों को स्थापित करते जा रहे हैं। ताईवान आदि देशों पर चीन की नीति की पूरे विश्व में भर्त्सना हो रही है। चीन के अपने बॉर्डर पर लगने वाले लगभग समस्त देशों के साथ चीन के सम्बंध अच्छे नहीं हैं। इन देशों का चीन पर अब भरोसा समाप्त सा होता जा रहा है। ऐपल एवं टेस्ला जैसी कम्पनियां अब भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित कर रही हैं। ऐपल ने तो अपने आईफोन-15 का उत्पादन भारत में चालू भी कर दिया है। इससे भारत में न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि विदेशी निवेश भी बढ़ रहा है। आज भारत में विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही, आज भारत का पूंजी बाजार (स्टॉक मार्केट) विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। भारत द्वारा अपने बुनियादी ढांचे को विकसित करने में भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का बजट बुनियादी ढांचे के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि इस मद पर खर्च की गई थी। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, जम्मू कश्मीर जैसे अन्य कई धार्मिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है ताकि धार्मिक पर्यटन को भारत में बढ़ावा दिया जा सके। इन शहरों के बुनियादी ढांचे का अतुलनीय विकास किया जा रहा है। जिससे रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। एयरपोर्ट की संख्या पिछले 10 वर्षों में दुगने से भी अधिक होकर 150 तक पहुंच गई है और इसे वर्ष 2025 तक 200 की संख्या तक ले जाया जा रहा है। रेल्वे का विद्युतीकरण किया गया है। रेलगाड़ियों की स्पीड बढ़ाई गई है, जिससे देश में कार्यक्षमता के स्तर में सुधार हो रहा है। भारत के बड़े शहरों में मेट्रो रेल का जाल बिछाया जा रहा है। आज भारत का रोड नेट्वर्क चीन से भी अधिक होकर विश्व में केवल अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। भारत सरकार की वर्ष 2024 से वर्ष 2030 के बीच देश के बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि खर्च करने की योजना है। इस प्रकार भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, ऐसी सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है।

साहित्य/लोक साहित्य

ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता

प्रस्तुत है मेरी इस रचना के माध्यम से राधा कृष्ण का झूला गीत :------

झूला लागी कदम पर झूलत नन्द किशोर।
चन्दन काठ के बनल झुलनवाँ,
रतन जड़ल पोरे पोर।
झूला लागी कदम पर.....
कबहुँ झुलत बृषभान किशोरी,
कबहुँ झुलत चितचोर।

झूला लागी कदम पर.....
झूलत झूलत सुधिया बिसरि गइ,
शाम से हो गई भोर।
झूला लागी कदम पर.....
राधा किशन की प्रेम कहानी,
गावत होइ विभोर।
झूला लागी कदम पर.....

द. भारत में भाजपा को भरोसा योगी और प्रमोद सावंत पर

आर.के. सिन्हा

भाजपा इस बार दक्षिण भारत की जंग में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए जी-जान लगा रही है। वह इस चुनावी जंग में अपने प्रतिद्वंदियों को किसी भी सूरत में कोई स्पेस देने के मूड में नहीं है। जिनको लगता है कि भाजपा का दक्षिण भारत में कोई वजूद ही नहीं है, वे घोर मुगालते में हैं। भाजपा इस बार इन राजनीतिक अल्प-ज्ञानियों को पूरी तरह से गलत साबित करना चाहती है। दक्षिण भारत के राज्य भाजपा के लिए अबतक कठिन चुनौती वाले प्रदेश रहे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है । लेकिन, अब परिस्थितियाँ बदली हैं। इस बार पार्टी ने दक्षिण भारत में चुनावी स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ने का मन ही नहीं बनाया, बल्कि दृढ़ संकल्प किया हुआ है। वास्तव में 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के संबंध में दक्षिण की धारणा को पूरे समाज, मीडिया और समीक्षकों की राय बदलने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। भाजपा ने अपने दो बेहद तेज –तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को दक्षिण भारत में सघन चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। ये दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियोंपर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में जमकर कैंपेन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में ही देते हैं। जाहिर है, इस वजह से वे तुरंत स्थानीय जनता से संबंध स्थापित कर उन्हें प्रभावित करते हैं। योगी आदित्यनाथ को भी दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में प्रचार करना है। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिलभारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहेहैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यानसे सुनती हैं। उन्होंने बीमारू उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य कीश्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि चुस्त-सख्तप्रशासन से गुंडे मवाली भाग खड़े होते हैं। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवाकी स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की भ्रांति पूर्ण धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा एक प्राचीन सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा कोविकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री

अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ अपनेगृह प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और बिहार में भी बड़ी सभाओं कोसंबोधित कर चुके हैं। वे जिधर भी जाते हैं वहां पर उनका अभूतपूर्व स्वागत होता है । इस बीच,तमिलनाडु उन अनूठे राज्यों में से एक है, जहाँ 87 फीसद से अधिक हिंदू आबादी है। यह उन राज्यों में एक है जहांराष्ट्रीय दलों यानी भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति अबतक काफ़ी कमजोर रही है। हाँ भाजपा कोयंबटूरऔर कन्याकुमारी में जरूर अच्छे वोट जुटाती रही है। तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुईं इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा, कई भाजपा नेता विवादास्पद बयान के लिए जाने जाते रहे । लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है।और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु भाजपा का अध्यक्ष बनाएजाने के बाद दक्षिणी राज्य में भाजपा कीसंभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने मेंकाफी हद तक सफल भी हुए हैं। मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपनासमर्थन दे रहे हैं। भाजपा ने इसी आधार पर तमिलनाडु में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ने का साहस दिखाया। तमिलनाडू में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। भाजपा को लगता है कि वह इस बार तमिलनाडु और केरलजैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं।इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिलहैं। कांग्रेस ने 2019 में दक्षिण से 28 लोकसभासीटें जीतीं थीं। इसमें केरल में 15, तमिलनाडुमें 8, तेलंगानामें तीन, कर्नाटक में एक और पुदुचेरी में एक, जबकिभाजपा ने कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में 4 सीटें जीतीथीं। तमिलनाडु में भाजपा का खाता नहीं खुला था जबकि उसका जे. जयललिता की पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके)से इसका गठबंधन था। केरल और आंध्र प्रदेश में भी हाल यही रहा। खास बात है किदक्षिण भारत में सबसे ज्यादा सीटेंतमिलनाडु में ही हैं। मोदी- शाह के साथ भाजपा के चुनावी रणनीतिकार इस राज्य में हीखाता खोलने पर पूरा फोकस करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी सेभी तमिलनाडु का रिश्ता जोड़ा गया है और सफलतापूर्वक आयोजित की गई तमिल संगम इसकी बानगी है।

योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को बहुत सोच समझकर दक्षिण का किला फतेह करने का काम सौप गया। इसी तरह से योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और केरल को साधने के लिए भीभेजा जाएगा। योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में उत्तर प्रदेश जिस तरह से निजी क्षेत्रका निवेश हासिल कर रहा है, उसका संदेश दूर तक जा रहा है। कोरोना काल के बाद जबनिवेशक बहुत सोच-समझकर और फूंक-फूंककर निवेश कर रहे हैं, तब उत्तर प्रदेश में 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश का वादा हो चुका है। पिछले कुछ समय पहले लखनऊमें हुए एक निवेशक सम्मेलन में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। उत्तरप्रदेश अपनी छवि तेजी से बदलता जा रहा है। इसे दक्षिण भारत की जनता भी देख रही है।यह ही स्थिति प्रमोद सावंत की है। वे भाजपा के सबसे कुशल मुख्यमंत्रियों के रूपमें उभरे हैं। भाजपा तमिलनाडु मेंद्रमुक और अपेक्षाकृत कमजोर अन्नाद्रमुक जैसे स्थापित दलों से मुकाबला कर रही है।वहीं, कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) के साथ एक व्यावहारिकगठबंधन बनाया है, ताकि वोक्कालिंगा और लिंगायत जैसे प्रमुख समुदायों केवोटों का विभाजन रोक सके। भाजपा तेलंगाना में पिछले विधानसभा चुनाव में अपने बढ़ेहुए वोट प्रतिशत का फायदा उठाने में जुटी है। वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के साथ मोदी जी के अच्छे समीकरण के बावजूद पार्टी ने आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी(टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ गठबंधन किया है। इन सभीरणनीतियों का परिणाम तो वोट काउंटिंग के दिन ही सामने आएगा, लेकिन इतना जरूर तयहो गया है कि भाजपा ने दक्षिण को साधने के लिए पुख्ता रणनीति तैयार कर ली है। अगरदक्षिण भारत के राज्यों में भाजपा का प्रदर्शन पहले से बेहतर रहता है तो इसका श्रेययोगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी देना होगा जो अपने अपने राज्यों को छोडकरयहां प्रचार करने के लिए आए।

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। आज खुद पर किसी तरह की उलझन को हावी न होने दें साथ ही आपको अपने व्यवहार पर कंट्रोल करना पड़ेगा।

वृष राशि : आज व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए सहकर्मी की मदद मिलेगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। लवमेट कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर बातचीत कर सकते हैं।

मिथुन राशि : आज कोई काम पूरा होने से आपको ख़ुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा। आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा। आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। सोचे हुए कार्यों की गति मजबूत होगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। परिवार की सलाह आज आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपके कोई खास रिश्तेदार आपसे हेल्प लेंगे। आज आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगा रहेगा। परिवार के साथ किसी मंदिर में दर्शन करने जायेंगे। इस राशि के सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आएगी।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं। आज नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जाएगा। किसी दोस्त से मिलने आप उसके घर जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न होंगे। आप किसी सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आप नए लोगों के संपर्क में आने की कोशिश करेंगे, इससे आपको फायदा होगा। घर पर बच्चों के लिए पार्टी का आयोजन कर सकते हैं।

तुला राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज काम में माता-पिता की हेल्प मिलने से वह जल्दी ही पूरा होगा। नेगेटिव विचारों से दूरी बनाएं रखें। आपको आज उधार के लेन देन से बचना चाहिए। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन आज अच्छा रहेगा। आप समाज सेवा से जुड़कर अच्छे कामों को गति देंगे। आपके सरकारी नौकरी में चयनित होने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन रोज की अपेक्षा लाभ देने वाला रहेगा। आपकी मुलाकात आज अपने बचपन के मित्र से होंगी। साथ ही बचपन की यादें ताजा हो जाएगी। आपका रुका हुआ कार्य आज पूरा होगा। इस राशि के जो युवा खेल कूद में इंटरेस्ट रखते है, उनका दिन आज अच्छा रहेगा। कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख शांति बनी रहेगी।

धनु राशि : आपके लिए दिन शुभ कहा जा सकता है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है, इससे आपको अच्छा समाधान भी मिल सकता है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। कामकाज में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिजनेस अच्छा रहेगा। फालतू खर्चे कम हो सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। बड़े लोगों से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आज आप कोई नया काम शुरू करने का प्लान बनायेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे। आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। संतान, परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है इसमें आपको सफलता मिलेगी। काम पूरे होने के योग हैं। आज आप करियर में सक्सेस होने के लिए प्लानिंग करेंगे जिसका फायदा आपको आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

शब्द पहेली - 8103



बाएँ से दाएँ

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

ऊपर से नीचे

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

शब्द पहेली -8102 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 7041

★★★★☆ मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7040 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।
संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**®; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
रांची – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह** – बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।
®समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ॰ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

संक्षिप्त समाचार

11वीं में निजी स्कूलों में प्री-बोर्ड रिजल्ट पर मिलेगा दाखिला, प्रोविजनल नामांकन के लिए कल एंट्रेंस एग्जाम

पटना। पटना के निजी स्कूलों में 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया काफी तेज़ी से चल रही है। हालांकि, अभी तक CBSE और ICSE के 10वीं बोर्ड रिजल्ट नहीं आए हैं। फिर भी कई स्कूलों में नामांकन के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। दरअसल, निजी स्कूलों में सिर्फ 11वीं कक्षा के लिए में प्रोविजनल नामांकन लिए जा रहे हैं। स्कूलों की ओर से अभी प्री-बोर्ड रिजल्ट और एंट्रेंस एग्जाम में मिले अंक के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीएवी) ने जहां 18 अप्रैल तक ही नामांकन लिया, तो वहीं सेंट माइकल, लोयेला हाईस्कूल में अभी भी नामांकन लिए जा रहे हैं। प्रोविजनल नामांकन रिटेन टेस्ट के आधार पर होगा। डीएवी में कल एंट्रेंस एग्जाम लिए जाएंगे। यह एग्जाम दो घंटे का होगा और छात्रों का रिपोर्टिंग टाइम सुबह 9:30 बजे है। हर स्ट्रीम का पेपर 100 अंक का होगा। अब तक 11वीं में प्रोविजनल नामांकन का मौका सिर्फ अपने स्कूल में ही मिलता था, लेकिन पहली बार कई स्कूलों ने दूसरे स्कूल के छात्रों को भी आवेदन करने का मौका दिया है। इससे अन्य स्कूल के छात्रों को अपनी पसंद के स्कूल में नामांकन मिल पाएगा। खासकर बिहार बोर्ड के छात्रों के लिए यह सुनहरा मौका है, क्योंकि बिहार बोर्ड का दसवीं रिजल्ट जारी हो चुका है। ऐसे में बिहार बोर्ड के छात्रों को अपनी पसंद के स्कूल में दाखिला का मौका मिल पाएगा।

पटना में ट्रक पर दिखा हवाई जहाज, टर्निंग के लिए दीदारगंज टोल प्लाजा पहुंचा, कई गाड़ियां जाम में फंसी

पटना। पटना में नेशनल हाईवे पर गुरुवार की देर शाम एक एयर इंडिया का हवाई जहाज सड़क पर देख लोग अचंभित हो गए। पटना के NH 30 नेशनल हाइवे दीदारगंज टोल प्लाजा के पास एक एयर इंडिया का विमान एक ट्रक पर लोड था। ट्रक पर हवाई जहाज का स्क्रैप लोड था। एयर इंडिया की यह फ्लाइट काफी लंबी थी। फ्लाइट लंबी और अपेक्षाकृत सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण सड़क पर घूमने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।इसके कारण नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। जाट गोल्डन ट्रांसपोर्ट अजमेर की ट्रक पर एयर इंडिया का स्क्रैप जहाज लोड था। पटना के दीदारगंज टोल प्लाजा के पास सड़क चौरी होने के कारण ट्रक को घुमाने की कोशिश करने लगे। इसके कारण यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। कई गाड़ियां टोल प्लाजा दीदारगंज के पास जाम में फंस गई। दीदारगंज टोल प्लाजा के कई कर्मचारियों को सड़क जाम में फंसे ट्रक पर लोड एयर इंडिया के हवाई जहाज का स्क्रैप सड़क से हटाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि टोल प्लाजा के कर्मचारियों की कोशिश के बाद ट्रक पर लोड स्क्रैप हवाई जहाज को दीदारगंज नेशनल हाइवे के रास्ते बख्तियारपुर की ओर रवाना किया गया।

मिनी गैरेज में लगी आग, 10 लाख का नुकसान, पटाखे की वजह से आग लगने की आशंका

पटना। बिहटा थाना से महज कुछ ही दूरी पर रामनगर गांव के पास देर रात एक मिनी गैराज में अचानक आग लग गई।आग की लपटें इतनी तेज थी की देखते देखते गैराज में लगी आधा दर्जन कारें इसकी चपेट में आ गईं। आसपास के ग्रामीण और गैराज मालिक आग को बुझाने का बहुत प्रयास किया और फिर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मी रमन कुमार,सुनील कुमार समेत अन्य लोगों कड़ी मेहनत के बाद आग पर करीब दो घंटे के बाद छोटी और बड़ी दमकल की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक करीब 10 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर खाक हो गया। गुरुवार देर रात करीब दो बजे अचानक सूचना मिली की गैराज में आग लग गई है। सूचना पर पीड़ित व्यक्ति गैराज धू धूकर जल रहा था। विजय कुमार ने बताया की दुकान के पास में ही एक मैरेज हॉल है। उसी में बरात आई हुई थी।बराता में पटाखा फोड़ने से उसकी चिंगारी उड़कर गैराज में लगी कारों पर गिर गई। जिससे आग लगी। थाना प्रभारी दीक्षा भंवरे ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है। फिलहाल सभी मामलों पर जांच की जा रही है।

BPSC ने जारी किया एग्जाम कैलेंडर

पटना। बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (BPSC) की ओर से वार्षिक परीक्षा कैलेंडर 2024 जारी कर दिया गया है। जारी कैलेंडर के अनुसार, शिक्षक भर्ती परीक्षा TRE 3.O जो पेपर लीक के कारण रद्द की गई थी। इस परीक्षा का आयोजन 10 से 12 जून के बीच किया जाएगा। वहीं 40 हजार से अधिक पदों के लिए निकली प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक भर्ती परीक्षा का आयोजन जून में किया जाएगा। 13 जून को प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक की परीक्षा 14 जून को होगी। इसके अलावा 69 CCE परीक्षा का इंटरव्यू 17 से 28 अगस्त और रिजल्ट 31 अगस्त को जारी होने की संभावना है। 70th CCE प्री एग्जाम 30 सितंबर को आयोजित होगी।

प्राइवेट और सरकारी स्कूलों का बदला समय, पटना में 20 अप्रैल से क्लास 10वीं तक के सभी स्कूल 11.30 तक ही खुलेंगे

पटना। पटना समेत पूरे बिहार में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। गुरुवार को पटना का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया। लगातार चढ़ते पारे और लू को देखते हुए पटना में स्कूलों की टाइमिंग को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। पटना में अब सभी निजी और सरकारी स्कूल सुबह 11:30 तक ही संचालित होंगे। डीएम शीर्षत कपिल अशोक के इसको लेकर लेटर जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अभी के समय में भीषण गर्मी और लू की स्थिति है। इसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। धारा-144 के तहत पटना जिला के सभी निजी और सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिये शैक्षणिक गतिविधियों पर दोपहर 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिबंध लगाता हूं। यह आदेश कल 20 अप्रैल से लागू होगा और 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा।

मां को गाली देने वालों पर तत्काल कार्रवाई करें

चिराग का तेजस्वी को लेटर, मीसा बोलीं-मेरे पिता-बहन पर सम्राट के बयान पर क्यों चुप थे

एजेंसी, पटना।

जमुई में तेजस्वी यादव की सभा के दौरान चिराग पासवान की मां को अपशब्द कहने का मामला चुनाव आयोग तक पहुंच गया है। वहीं, इस मामले पर सांसद चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव को लेटर लिखा है। उन्होंने पत्र में मां को गाली देने वाले समर्थक या कार्यकर्ता पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि तेजस्वी जी मैंने हमेशा राबड़ी देवी जी को मां और मीसा को बहन माना, लेकिन वो शायद सिर्फ मेरी ओर से ही था। इधर, लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने इस घटना को दुखद बताया। उन्होंने चिराग पासवान से पूछा है कि मेरे पिता और बहन के बारे में सम्राट चौधरी जब बोल रहे थे, उस वक्त वे चुप क्यों थे। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते के दौरान चिराग पासवान ने कहा कि यह मेरे लिए सेंसिटिव मैटर है। मेरे परिवार के लोगों के लिए गाली दी जा रही है। यह किसी इंसान के लिए

गलत है। मर्यादित शब्दों में रहकर आप विरोध दर्ज कर सकते हैं। शब्दों की मर्यादा को राजनीति में रखना जरूरी है। खास करके यह जिम्मेदारी हम जैसे युवाओं पर और बढ़ जाती है, जिनको बड़ी आबादी अपना आदर्श मानती है। आचरण बहुत मायने रखता है।

कार्रवाई की जगह बचाने की कोशिशः तेजस्वी यादव कहते हैं कि छोटी बातों को तूल नहीं देना चाहिए। ऐसी बातों से मुझे लगता है कि हर बेटे और बेटी का खून खोलेगा। अगर किसी की भी मां को इस तरह से गाली दी जाए। किसी के भी साथ यह घटना होगी। हर किसी का खून खोलेगा। चिराग ने यह भी कहा कि मैं बहुत संयमित तरीके से अपनी बातों को रख रहा हूं। इन बातों पर कार्रवाई की जगह पर आरोपी को बचाया जा रहा है। यह आपकी मानसिकता को दर्शाता है। वहीं, जंगलराज का याद आने लग गया है। नब्बे के दशक में हमारे प्रदेश से बड़े स्तर पर पलायन हुआ था। अगर वह जंगल राज की परछाई नहीं तो क्या है। तेजस्वी यादव के सामने चिराग पासवान के परिवार को गाली दी जाती है। लेकिन, वो कुछ नहीं बोलते हैं। सोचिए उस व्यक्ति की हिम्मत कितनी बढ़ेगी। गांव में जाएगा, देहात में जाएगा। वहां कहेगा कि चिराग पासवान की मां के बारे में बोलने से कुछ नहीं हुआ।

ओवरलोड के खिलाफ कार्रवाई के बाद जगा ऑटो संघ

असामाजिक तत्वों पर प्रति ऑटो 100 रुपए वसूली का लगाया आरोप

एजेंसी, पटना।

ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर फेडरेशन के महासचिव राजकुमार झा और पटना जिला ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष पप्पू यादव ने ऑटो चालकों से ओवरलोड नहीं करने की अपील की है। संयुक्त तौर से कहा गया है कि चालक क्षमता से अधिक पैसेंजर बिठा रहे हैं। वो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। आप यात्रियों के साथ साथ खुद को भी खतरे में डाल रहे हैं। जिंदगी अनमोल है, कृपया इससे खिलवाड़ नहीं करें।

जारी है ओवरलोड के खिलाफ कार्रवाईः परिवहन विभाग और पटना ट्रैफिक पुलिस की ओर से संयुक्त तौर पर ओवरलोड गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसके साथ साथ पुलिस अब ऑटो चला रहे चालकों की ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच पड़ताल कर रही है।

ऑटो संघ का प्रशासन पर आरोपः ऑटो संघ का आरोप है कि ऑटो वालों से अवैध वसूली की जाती है। जिसके चलते ऑटो चालक इसे मेंटेन करने के लिए ओवरलोड करते हैं। एक ऑटो

चालक को दानापुर या पाटलिपुत्र स्टेशन से बैरिया बस स्टैंड जाने में लगभग 100 रुपया अवैध रूप से असामाजिक तत्वों को देना पड़ता है। संगठन की ओर से जिला प्रशासन को इसके बारे में कई बार सूचित किया गया परंतु कोई कारवाई नहीं हुई। संघ का यह भी आरोप है कि सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान के नाम पर सिर्फ अब खानापूर्ति की जा रही है। जिससे ड्राइवरों में जागरूकता नहीं है। जानकारी का अभाव है। जिसके चलते दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। अधिकारी सड़क सुरक्षा पर खर्च होने वाले बजट को खुद गटक जा रहे हैं।

सीबीएसई आयोजित कर रहा AI फेस्टिवल, तीन कैटेगरी के तहत मिलेगी एंट्री

एजेंसी, पटना।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) छात्रों, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच एआई तत्परता, समावेशी तरीके से इनोवेशन और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'इंडिया AI इम्पैक्ट फेस्टिवल' शुरू कर रहा है। इस फेस्टिवल का थीम 'एक उद्देश्य के साथ AI' (AI With A Purpose) है। इसके लिए छात्र और शिक्षक 10 मई 2024 तक आवेदन कर सकते हैं।

तीन कैटेगरी के तहत मिलेगी एंट्रीः तीन कैटेगरी के तहत छात्र, शिक्षक और शैक्षणिक संस्थान इसमें एंट्री कर सकते हैं। पहला कैटेगरी इम्पैक्ट क्रिएटर का है, जिसमें 11 से 18 वर्ष की आयु के स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं। इसके सब- कैटेगरी में क्लास 6 से 8 के स्टूडेंट्स, क्लास 9 से 12 के स्टूडेंट्स शामिल होंगे। इसके अलावा 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भी इम्पैक्ट क्रिएटर श्रेणी में भाग ले सकते हैं।

छात्र, शिक्षक और शैक्षणिक संस्थान का सकता आवेदनः दूसरा कैटेगरी इम्पैक्ट शेपर का है, जिसमें शैक्षणिक/तकनीकी संस्थानों के शिक्षक भाग ले सकते। इस श्रेणी में भारत भर के स्कूलों के शिक्षक, ATLप्रभारी और फैकल्टी शामिल हैं। सभी शिक्षकों का, चाहे वे कोई भी विषय पढ़ाते हों, इस श्रेणी में भाग ले सकते हैं। वहीं, तीसरा कैटेगरी इम्पैक्ट नर्चर का है, जिसमें शैक्षणिक/तकनीकी संस्थानों के लिए स्कूलों/संस्थानों के हेड को इस श्रेणी में अपने संस्थान की एआई यात्रा में भाग लेने और साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

10 मई तक कर सकते हैं आवेदन

बिक्रम में आग ने बरपाया कहर, आंखों के सामने फसल जलती रही, बचाने की हिम्मत नहीं जुटा सके

एजेंसी, पटना।

तेज पछुआ हवा ने गुरुवार की दोपहर बिक्रम में जमकर तांडव मचाया। आग से करीब 800 बीघा में लगी गेहूं और रबी की फसल जलकर राख हो गई और किसान कुछ नहीं कर सके। इस अगलगी में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की फसल क्षति का अनुमान है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि 500 मीटर तक किसी को सटने नहीं दे रही थी। प्रखंड के मोरियावां, दतियाना, शिवगढ़, खोरैठा आदि गांवों में मातम की स्थिति है। बताया जाता है कि बिहटा के सिकंदरपुर गांव के बधार से गुरुवार की दोपहर समय आग की लपटें शुरू हुईं। तेज हवा के कारण आग इतनी तेजी से फैल गई कि उसे काबू पाना मुश्किल हो गया। तीन घंटे के अंदर आग की लपटें में मोरियावां, शिवगढ़ और दतियाना की लगभग 800 बीघा गेहूं और रबी की फसल जल कर राख हो गई। ग्रामीण, प्रशासन और अग्निशमन की 11 दमकल की मदद

से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की लपटों से दतियाना गांव के रुदल राम, झूलन राम, जोगिंद्र राम, विनय राम, भोला राम, राम लड्डू एवं राम पुकार के घरों में भी आग लग गई, जिससे भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों में मंटू शर्मा, मनोज मुखिया, सुभाष सिंह, कुंदन सिंह, अमलेश, अरविंद आनंद, जयजय, घनश्याम सिंह, उमेश, हरिनारायण, सुधीर, उदय सिंह, दिनेश, नागेंद्र माधव, मोहर, उपेंद्र, विमलेश, मिथलेश, अर्जुन, सिंह, तपेश्वर सिंह सुनील सिंह सहित सैकड़ों किसान शामिल हैं। प्रशासन की तरफ से किसानों की सूची बनाई जा रही है। वहीं भारतीय किसान संघ ने उचित मुआवजा की मांग की है। सबौर कृषि विश्वविद्यालय के रिसर्च डायरेक्टर डॉ एके सिंह का कहना है कि 800 बीघा मतलब लगभग 200 हेक्टेयर फसल की क्षति हुई। एक हेक्टेयर में औसतन 35 क्विंटल गेहूं का उत्पादन होता है। अगर अधिकांश जमीन में गेहूं की बुआई हुई होगी, तो तो लगभग डेढ़ करोड़ के गेहूं नष्ट होने का अनुमान है। हालांकि कितने क्षेत्रफल में गेहूं और कितने में चने की बुआई हुई, यह सटिक आंकड़ा आने के बाद ही सही रूप से फसल के नुकसान का आकड़ा निकालना संभव है।

रुदल की बेटी की शादी का सारा सामान जल गयाः रुदल राम ने अपनी बेटी की शादी के लिए कपड़े और तिलक के सामान खरीदे थे। सारी चीजें जलकर राख हो गईं। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग करते हुए तीन घंटे तक सड़क जाम रखी। स्थानीय सांसद रामकृपाल यादव द्वारा डीएम को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। मौके पर पालीगंज के एसडीओ, डीएसपी, बीडीओ, सीओ आदि ने पहुंचकर पीड़ित किसानों को सांत्वना दी। उन्होंने उचित मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया है।

पटना नगर निगम के गार्बेज फ्री सिटी पर फिरा पानी, कचरा मुक्त जगहों पर कचरा फेंकने लगे लोग

कूड़ा फेंकने वाले को सड़क शत्रु का मिलेगा टैग

एजेंसी, पटना।

शहर को साफ रखने के लिए पिछले साल ही पटना नगर निगम द्वारा 650 जगहों को कचरा मुक्त कराया गया था, लेकिन अब फिर से वहां गंदगी फैलने लगी है। इसका खुलासा हाल में नगर निगम द्वारा किए गए सर्वे से हुआ है। आसपास के लोग फिर से जीवीपी पॉइंट पर कचरा फेंकने लगे हैं और साथ ही होटल व अन्य संस्थानों द्वारा भी ऐसी जगहों पर कचरा फेंका जा रहा है।

सड़क पर कचरा फेंकने वाले कहलाएंगे सड़क शत्रुः इसे लेकर अब नगर निगम फिर से एक्शन मोड में आ गया है। शहर को गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए

निगम ने सख्ती से पेश आने का फैसला किया है। सड़क पर कचरा फेंकने वाले को सड़क शत्रु का टैग दिया जाएगा और उनसे जुर्माना भी वसूल किया जाएगा। जहां सीसीटीवी कैमरा लगा है वहां फुटेज देखकर ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी। इसके अलावा दैनिक सफाई कर्मी भी गली- मोहल्लों में लोगों से खुले में कचरा फेंकनेवाले के बारे में जानकारी इकट्ठा करेंगे।

हर दिन वार्डवार ली जाएगी रिपोर्टः जिन स्थानों को कचरा मुक्त घोषित किया गया है वहां की साफ-सफाई की रोजना रिपोर्ट भी ली जाएगी। हर दिन अधिकारी वार्डवार निगम मुख्यालय को इसकी जानकारी देंगे। इस काम में पूर्व में गठित निगरानी समिति और संबंधित वार्ड पार्षद से भी सहयोग प्राप्त किया जाएगा। इसके साथ ही इस अभियान के दौरान एवं पश्चात् किसी भी मुक्त किए गये जीवीपी स्थल पर या किसी नए स्थल पर कचरा नजर आने पर संबंधित कर्मियों पर ज़िम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

बिजली विभाग ने फ्यूज कॉल रोकने में दिखाई तेजी

एजेंसी, पटना।

बिजली विभाग ने फ्यूज कॉल की समस्या से निपटने के लिए एसएमडीबी बॉक्स को बदलने की कवायद को तेज कर दी है। विभाग के मुताबिक अबतक शहर में 2 हजार बॉक्स को बदला जा चुका है। ताकि प्यूज कॉल जैसी समस्या उपभोक्ताओं को परेशानी ना हो। पेसू के जीएम श्री राम सिंह ने बताया कि एसएमडीबी बॉक्स के अंदर तार ढीला होने की वजह से शॉर्ट सर्किट का खतरा बना रहता है। इसलिए उसकी मरम्मती के लिए कर्मियों को लगाया गया है। बॉक्स में कुछ ज्यादा खराबी है तो उसे चेंज किया जा रहा है। उपभोक्ता के सर्विस वायर को लेकर भी विभाग सख्ती दिखाने का दावा रही है। कई जगहों पर सर्विस वायर खराब होने के कारण शॉर्ट सर्किट की शिकायतें आती हैं। इसे



- 2000 से अधिक एसएमडीबी बॉक्स बदलने दावा, उपभोक्ताओं से भी की ये अपील

देखते हुए उपभोक्ता को नोटिस जारी किया जा रहा है। ताकि समय रहते सर्विस वायर सही करा लें। वहीं बढ़ती गर्मी के कारण लोड सेडिंग की समस्या से कंज्यूमर को परेशानी ना हो इसको लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कर्मियों को भी इसके लिए लगाया गया है।

पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में सेलेक्शन ट्रायल आज से

एजेंसी, पटना।

खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (KISCE) के लिए बिहार के खिलाड़ियों का सेलेक्शन ट्रायल कल से पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित होने जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (BSSA) द्वारा आयोजित इस सेलेक्शन ट्रायल के लिए UNIV ऐप इंस्टॉल कर रजिस्ट्रेशन करना होगा। BSSA के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि यह सेलेक्शन ट्रायल बालक और बालिका दोनों वर्ग के लिए तीन खेल में होंगे। इसमें एथलेक्टिस, कुश्ती और भारोत्तोलन शामिल है। इसमें 12 से 25 उम्र के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। हर खेल के ट्रायल के बाद दो हफ्ते के लिए असेसमेंट कैंप भी रखा जाएगा। सेलेक्शन ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन



की प्रक्रिया ट्रायल के पहले दिन सुबह 6:30 बजे से शुरू होगी। इस सेलेक्शन ट्रायल के माध्यम से बिहार के खिलाड़ियों को इक्विपमेंट्स के साथ इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की ट्रेनिंग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की तरफ से कराई जाएगी। एथलेटिक्स के लिए ट्रायल 20 और 21 अप्रैल को एथलीट्स ट्रैक पाटलिपुत्र स्टेडियम में होंगे। इसके लिए हुसैन शेख और लियाकत अली से संपर्क करें। उनके मोबाइल नंबर क्रमशः 6289118060, 8757806786 हैं।

छाता लेकर और सूती कपड़े पहनकर निकलें, सभी में लू का अलर्ट, 42 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

एजेंसी, पटना।

बिहार के कई जिलों में लू का असर दिखने लगा है। गर्मी झुलसाने लगी है। विभाग की ओर से आज प्रदेश के 21 जिलों में लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। वहीं आज से प्रदेश में लोकसभा चुनाव की शुरुआत हो रही है।

42 डिग्री तक जा सकता है तापमानः पहले चरण में गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा में मतदान होगा। मौसम विभाग ने आज 21 में लू जैसे हालात रहने के आसार हैं। राडार और उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार चारों लोकसभा क्षेत्र का अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं 20 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से हवा भी चलेगी।

छाते और सूती कपड़े का करें इस्तेमालः

विभाग की ओर से मतदाताओं को छाते का इस्तेमाल करने और सूती कपड़े पहनकर घरों से बाहर निकलने की अपील किया गया है। वही इसके साथ खीरा, ककड़ी, तरबूज आदि का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने की भी सलाह दी गई है।

इन जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारीः मौसम विभाग ने आज 21 जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें गोपालगंज, सिवान, सारण, भभुआ, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नवादा, पटना, शेखपुरा, नालंदा, जमुई, लखीसराय, बेगूसराय, बांका मुंगेर खगड़िया और भागलपुर शामिल है।

कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमानः गुरुवार को शेखपुरा जिला सबसे जायदा गर्म रहा। जहां का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। इसके अलावा औरंगाबाद 40.5 डिग्री, भोजपुर 40 डिग्री, जोरादई 41 डिग्री और खगड़िया का तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। वही पटना का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा, ग्राम प्रधान की मौत, एक घायल; रेफर

सोनभद्र , एजेंसी। सोनभद्र के पन्नूगंज थाना क्षेत्र के रामगढ़ संगम इंटर कॉलेज के पास बीती देर रात ट्रैक्टर की चपेट में आने से किचार के ग्राम प्रधान की मौत हो गई। हादसे में प्रधान के साथ बाइक पर मौजूद एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। एक माह के अंदर ब्लॉक के ग्राम प्रधान के मौत की यह दूसरी घटना है।

चतरा ब्लॉक के किचार ग्राम पंचायत के प्रधान रमेश कुमार कुशवाहा (48) पुत्र हरे कृष्णा कुशवाहा रात करीब दस बजे अपनी बाइक से रामगढ़ आ रहे थे। उनके साथ बाइक पर चंदौली जिले की चकिया कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी प्रेम शंकर पुत्र नानहक दास मौजूद था। संगम इंटर कॉलेज के पास रॉबर्ट्सगंज की तरफ जा रहे ट्रैक्टर की चपेट में बाइक आ गई। हादसे में रमेश कुशवाहा व प्रेम शंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी चतरा ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने रमेश कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। प्रेम शंकर को जिला अस्पताल लोढी के लिए रेफर किया गया। बाद में उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। प्रेम शंकर की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने ग्राम प्रधान केशव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रख दिया।

रोडवेज के बस ड्राइवरों को डैशबोर्ड पर रखनी होगी परिवार की फोटो

लखनऊ , एजेंसी। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बसों के डैशबोर्ड पर ड्राइवर के परिवार की फोटो लगाने की व्यवस्था अफसरों के लिए चुनौती बन गई है। चूंकि ड्राइवरों की ड्यूटी बदलती रहती है, इसलिए बस ड्राइवरों को परिवार की फोटोफ्रेम साथ में रखने को कहा जा रहा है। ड्यूटी के अनुसार

बस में फोटोफ्रेम लगाना होगा।

यह व्यवस्था रोडवेज के 12 हजार बसों में की जानी है, जिसे लेकर अफसरों ने माथापच्ची शुरू कर दी है। हालांकि यह व्यवस्था लागू करना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। परिवहन निगम के जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि परिवहन आयुक्त की ओर से दिशानिर्देश आ गए हैं। इस संबंध में जल्द ही निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर की अध्यक्षता में क्षेत्रीय अधिकारियों की बैठक होगी। इसमें बस चालकों की ड्यूटी के दौरान परिवार की तस्वीर लगाने को लेकर दिशानिर्देश दिए जाएंगे। 15 दिनों के अंदर सभी ड्राइवरों को परिवार की तस्वीर लगानी होगी।

मेड़बंदी कराने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने बोला हमला, तीन सब इंस्पेक्टर

वाराणसी, एजेंसी। वाराणसी के चौबेपुर थानाक्षेत्र के गांव संदहा में मेड़बंदी कराने गई पुलिस व राजस्व टीम पर करीब डेढ़ सौ ग्रामीणों ने एकजुट होकर लाठी, ईंट, पत्थर से हमला बोल दिया। इसमें छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसमें तीन एसआई और एक हेड कांस्टेबल और दो सिपाही शामिल हैं। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया। वहीं, हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को तहरीर दी है।

चिरईगांव चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि शहर के ब्रह्मनाल मोहल्ले के गोपीनाथ पुत्र स्वर्गीय मूसे के प्रार्थना पत्र पर न्यायालय ने पैमाइश का आदेश दिया था। इस पर एसडीएम सदर साश्वत अग्रवाल व मुख्य राजस्व अधिकारी अरुण कुमार के आदेश पर मेड़बंदी कराने पहुंचे थे।

पैरासेलिंग: गोवा-मुंबई की तरह अब रामगढ़ताल में कर सकेंगे मौज मस्ती, शुरू हो गई ये उड़ान

गोरखपुर , एजेंसी। रामगढ़ताल में बुधवार शाम को पैरासेलिंग बोट को उतारने के बाद बृहस्पतिवार शाम से उसका ट्रायल शुरू हो गया। पर्यटक अब गोवा और मुंबई की तरह रामगढ़ताल में भी पैरासेलिंग का आनंद ले सकेंगे।

वॉटर स्पोर्ट्स के नया सवेरा पर बने प्लेटफॉर्म से मोटर बोट, स्पीड बोट एवं जेट स्कीइंग का संचालन शुरू हो गया है। जीडीए ने वॉटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के संचालन की जिम्मेदारी मुंबई की फर्म को दी है। फर्म से जुड़े आशीष शाही ने बताया कि सुबह काफी तेज हवा चल रही थी, इस कारण पैरासेलिंग का ट्रायल शाम को किया गया।

एक दो -दिन ट्रायल के बाद पर्यटकों के लिए यह सेवा शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पैरासेलिंग में विशेष रूप से डिजाइन किया पैराशूट होता है, जिसे पैरासेल कहा जाता है। इसे या तो नाव या वाहन द्वारा खींचा जाता है। ऑपरेटर के पास इसका नियंत्रण होता है। बृहस्पतिवार शाम छह बजे से शुरू हुए ट्रायल में काफी संख्या में पर्यटकों की भीड़ ट्रायल देखने के लिए उमड़ आई थी। संचालन कर रही एजेंसी ने पैरासेलिंग के लिए तकनीकी स्टॉफ गोवा से बुलाया है। पयर्टकों की सुरक्षा के लिए सभी पुख्ता इंतजाम हैं। वॉटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से पैरासेलिंग का आनंद उठाने के लिए पर्यटकों को 800 रुपये चुकाने होंगे। स्पीड बोट के लिए 100 रुपये, जेट स्कीइंग के लिए 400 रुपये और नार्मल बोट के लिए 60 रुपये शुल्क लिया जा रहा है।

सीएम योगी बोले

आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के लिए करें मतदान, अखिलेश-मायावती ने भी की अपील

लखनऊ , एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में लोकसभा की 102 सीटों के लिए आज मतदान हो रहा है। वहीं, यूपी में आठ सीटों पर मतदान हो रहा है।

लोकतंत्र के इस पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए वोट करने की अपील की है। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, आज लोकतंत्र के महापर्व का प्रथम चरण है।

सभी सम्मानित मतदाताओं से मेरी अपील है कि आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए, नए भारत की अविराम विकास यात्रा के लिए मतदान अवश्य करें। आपका एक वोट भारत को और अधिक सशक्त बनाएगा। इसलिए ध्यान रहे, पहले मतदान, फिर जलपान! जय हिंद! पहले चरण के मतदान से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी जनता से अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि अपने सुनहरे भविष्य के लिए वोट ज़रूर डालें।

मायावती ने जनता से पहले मतदान और फिर जलपान की अपील करते हुए एक्स पर कहा कि देश में हो रहे 18वें लोकसभा आमचुनाव में आज पहले चरण की वोटिंग से ही 'पहले मतदान, फिर जलपान' के संकल्प के साथ पूरे होश व जोश के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की सभी वोटरों से अपील, ताकि रोज़गार, सुरक्षा, आत्म-सम्मान व स्वाभिमान-युक्त जीवन देने वाली अच्छी सरकार देश में बने।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नए प्रयोग की होगी परीक्षा, बनाई जा रही भविष्य की रणनीति

लखनऊ, एजेंसी। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में नया प्रयोग किया है। पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को टिकट देने में समान हिस्सेदारी रखी है तो दूसरी तरफ सपा का वोटबैंक कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में कितना जाता है, इसका भी लिटमस टेस्ट हो रहा है। इस चुनाव में कांग्रेस के इन दोनों प्रयोग की परीक्षा है। यदि पार्टी इस परीक्षा में पास हुई तो भविष्य की रणनीति इसी दिशा में रहेगी।

न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने हर जिले में पिछड़े, दलितों व अल्पलंख्यकों की भागीदारी का मुद्दा उठाया था। संगठन से लेकर चुनाव तक में भागीदारी देने की वकालत की थी। लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं। इसमें 15 पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। कांग्रेस ने तीन उम्मीदवार पिछड़े

वर्ग के दिए हैं। यानी पिछड़ों की हिस्सेदारी 20 फीसदी है।

इसमें मथुरा से मुकेश कुमार धनगर जाति से हैं तो सीतापुर के राकेश राठौर अति पिछड़े वर्ग में आने वाले तेली समाज से हैं। वहीं, महराजगंज के उम्मीदवार विधायक वीरेंद्र चौधरी कुर्मी हैं। इस तरह तीन में दो अति पिछड़े हैं। अल्पसंख्यकों को भी 20 फीसदी हिस्सेदारी हैं। इसमें अमरोहा से दानिश अली व सहारनपुर में इमरान मसूद मुस्लिम तो झांसी से प्रदीप कुमार जैन हैं।

दलितों को भी 20 फीसदी हिस्सेदारी देते हुए तीन सीट दी है। सामान्य वर्ग के छह उम्मीदवारों में दो ब्राह्मण हैं। कानपुर से आलोक मिश्र और गाजियाबाद से डॉली शर्मा हैं। दो ठाकुरों में देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह और फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार हैं। दो भूमिहारों में वाराणसी से पूर्व मंत्री अजय राय और इलाहाबाद से उज्ज्वल रमण सिंह हैं।

सीतापुर के जरिये दिया समीकरण साधने का संदेश- सीतापुर लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर पहले नकुल दुबे के नाम की घोषणा हुई थी लेकिन बाद में राकेश राठौर को उतारा गया। इसके पीछे अलग-अलग वजह बताई जा रही है। पर, शीर्ष नेतृत्व को जातीय समीकरण का ही संदेश देकर टिकट बदलने पर राजी किया गया। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने समझाया कि न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पिछड़ों का मुद्दा बार-बार उठाया है। भविष्य की सियासी रणनीति के तहत पिछड़े वर्ग को भागीदारी का संदेश देना जरूरी है।

सोशल मीडिया से लेकर जनसभा का प्रचार

कांग्रेस की जनसभाओं और सोशल मीडिया पर पिछड़े, दलितों व अल्पसंख्यकों को टिकट में दी गई समान भागीदारी का प्रचार भी किया जा रहा है। जनसभा में यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि कांग्रेस ही सभी वर्गों को समान भागीदारी दे सकती है।

अमेठी व रायबरेली पर लगी निगाहें

कांग्रेस ने अभी तक अमेठी और रायबरेली सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। ऐसे में 17 में बची इन दोनों सीटों पर सभी की निगाहें हैं। यदि गांधी का परिवार का कोई सदस्य मैदान में नहीं उतरा तो दो में एक सीट पर सामान्य वर्ग और दूसरी पर दलित उम्मीदवार उतारने की तैयारी चल रही है।

सपा के वोटबैंक पर निगाह

कांग्रेस की निगाह इन 17 सीटों पर सपा के वोटबैंक पर है। देखना यह महत्वपूर्ण होगा कि सपा का वोटबैंक कांग्रेस उम्मीदवारों को किस कदर स्थानांतरित हो पाता है। कांग्रेस आगे के चुनावों में इस अनुभव के आधार पर रणनीति तैयार करेगी।

दो मासूमों के सिर से उठा पिता का साया, पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत; छाया मातम

भदोही , एजेंसी। भदोही के कोइरौना थाना क्षेत्र के कटरा चौकी के मन्नी गांव के पास बीती देर रात जंगीगंज धनतुलसी मार्ग पर पिकअप की चपेट में आने से शिवम

सरोज (28) पुत्र शमशेर की मौत हो गई। वह चौरी थाना क्षेत्र के समाल कोट का निवासी था।

सरोज कोइरौना थाना क्षेत्र के शांतिपुर बहपूरा गांव में एक बारात में आया हुआ था। द्वारपूजा और भोजन के बाद वह अपने एक साथी के साथ बाइक से घर के लिए लौट रहा था। बाइक उसका साथी चला रहा था।

डीघ के मन्नी गांव के पास मुख्य सड़क पर बाइक में पीछे से एक पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सीने और पैर सहित शरीर के दाहिने अंगों में गंभीर चोटें आई थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन और रिश्तेदारों ने उसे भदोही के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बाइक एक रिश्तेदार चला रहा था। जबकि मृतक पीछे बैठा हुआ था। वह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक दो बच्चों का पिता था। 4 वर्ष की बेटी मानवी और 2 वर्ष के मासूम पुत्र अभी के सिर से पिता का साया उठ गया।

पत्नी सुषमा देवी, मां गेना देवी, पिता शमशेर, छोटे भाई प्रेमसागर सहित परिजनों और रिश्तेदारों के रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। परिजन शुक्रवार सुबह शव को कोइरौना थान पर ले आए। पुलिस ने शव को पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अयोध्या में बनेगा कौशल्या धाम: माताओं के साथ विराजेंगे चारों भाई; देशवासियों के सामने रखा जाएगा मंदिर का मॉडल

वाराणसी , एजेंसी। अयोध्या में सरयू नदी के तट पर कौशल्या धाम बनेगा। इसमें माता कौशल्या की गोद में भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा होगी। इसके लिए श्रीराम माता कौशल्या धाम न्यास अयोध्या का गठन हो गया है। अब सरयू के किनारे जमीन तलाशी जा रही है। जल्द ही मंदिर का मॉडल देशवासियों के सामने रखा जाएगा।

श्रीराम माता कौशल्या धाम न्यास ने अयोध्या में मातृ धाम मंदिर बनाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह दुनिया का सबसे सुंदर मंदिर होगा। इसमें भगवान श्रीराम अपनी माता कौशल्या की गोद में विराजमान होंगे। विश्वभर के सनातनियों के सहयोग से बनने वाले मंदिर में एक तरफ माता कैकेयी की गोद में भरत तो दूसरी तरफ माता सुमित्रा की गोद में लक्ष्मण और शत्रुघ्न विराजेंगे।

चारों शंकराचार्य के मार्गदर्शन से होगा न्यास का संचालन- न्यास के अध्यक्ष पं. रमेश उपाध्याय एडवोकेट ने बताया कि यह मंदिर किसी सरकार या व्यक्ति का नहीं बल्कि सनातन देशवासियों का होगा। देश भर के हर गांव और मोहल्ले की मिट्टी अयोध्या में बनने वाले माता धाम

की नींव में डाली जाएगी। महामंत्री सतीश अग्रहरि ने बताया कि मंदिर निर्माण की शुरुआत अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के साथ होगी। अयोध्या में जो जमीन खरीदी जाएगी, वह हर प्रदेश के नाम की रहेगी। किसी व्यक्ति के नाम से जमीन नहीं ली जाएगी।

न्यास अध्यक्ष ने चार शंकराचार्यों को लिखा पत्र, मार्गदर्शन मांगा- न्यास के अध्यक्ष ने मंदिर निर्माण के लिए श्रृंगेरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ महाराज, पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज, द्वारिका पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज और ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को आशीर्वाद और मार्गदर्शन के लिए पत्र लिखा है।

रोपवे में हैंडबैग, लैपटॉप और स्कूली बैग ही ले जा सकेंगे यात्री

वाराणसी , एजेंसी। दुनिया का तीसरा और देश का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे का निर्माण काशी में तेजी से चल रहा है। 807 करोड़ रुपये से बनने वाले रोपवे में यात्रा करने वाले यात्री केवल हैंडबैग और छोटे बैग ही ले जा सकेंगे। इसके लिए एक मैकनिज्म तैयार किया जा रहा है।

नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के अनुसार कैंट स्टेशन पर उतरने वाले यात्रियों के लिए लॉकर की व्यवस्था होगी। ताकि वे अपना सामान वहां रखकर रोपवे की यात्रा कर सकें। इस दौरान केवल छोटे हैंड बैग, लैपटॉप, महिलाओं के पर्स आदि को ही ले जाने की इजाजत दी जाएगी।

रोपवे के गंडोला की निर्धारित क्षमता होती है। एक व्यक्ति का सामान्य वजन 60 से 80 किलो के बीच होता है। इसके अनुसार 10 सीटर गंडोला की क्षमता 600 से 800 किलो वजन उठाने की है। इससे अधिक वजन होने पर रोपवे के टूटने का खतरा होता है। इसी हिसाब से वजन तय होगा।

जून जुलाई में होने वाले ट्रायल रन के दौरान

वजन को लेकर भी रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि राजगीर में आठ सीटर रोपवे में 640 किलो तक का वजन ले जाने की सुविधा है। इसमें आदमी और सामान दोनों का वजन शामिल है। इससे अधिक वजन नहीं रखा जाता है।

दिव्यांगों के लिए फोल्ड हो सकेगी सीट

रोपवे के लिए स्विटजरलैंड और ऑस्ट्रिया से उपकरण आ रहे हैं। जो सोलर पैनल से चलेंगे। गंडोला सीट फोल्ड हो सकेगी। जिससे दिव्यांगजनों की व्हीलचेयर ले जाने में आसानी होगी। रोपवे काशी की यातायात की समस्या को सुगम बनाने के साथ ही कम समय में प्रदूषण रहित यात्रा कराएगा।

150 गंडोला में 6000 यात्री कर सकेंगे प्रति घंटे यात्रा

कैंट स्टेशन से गोदौलिया की 3.85 किलोमीटर की यात्रा केवल 16 मिनट में तय होगी। गंडोला करीब 50 मीटर की ऊंचाई पर चलेगा। हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल में यात्रियों को गंडोला उपलब्ध रहेगा। एक दिशा में एक घंटे में 3000 लोग यात्रा कर सकेंगे। दोनों दिशाओं से 6000 लोग एक घंटे में आ जा सकेंगे। 150 गंडोला चलाई जाएगी।

ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, खलासी की मौत, चालक गंभीर; पहुंचा पुलिस

चंदौली , एजेंसी। चंदौली के अलीनगर थाना क्षेत्र के गोधना झक्का की मड़ई के समीप नेशनल हाईवे पर भूसी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे वाराणसी की ओर जा रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें ट्रैक्टर के खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बिहार के भभुआ जिला के मोहनिया थाना क्षेत्र के कटरा निवासी ट्रैक्टर चालक मंटू (35) ट्रैक्टर ट्रॉली पर भूसी लादकर वाराणसी की ओर जा रहा था। गोधना झक्का की मड़ई के समीप वह पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे तेज गति ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर डिवाइडर पर जबकि ट्रॉली नेशनल हाईवे पर पलट गई।

ट्रैक्टर के खलासी कमलेश (30) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक ट्रैक्टर ट्राली में धक्का मारते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही अलीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शेषधर पांडेय मय फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने घायल ट्रैक्टर चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

वहीं, खलासी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक शेषधर पांडेय ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संक्षिप्त समाचार

झारखंड में NTPC के नॉर्थ करनपुरा पावर प्लांट में आग लगी

चतरा। झारखंड के चतरा जिले में NTPC के उत्तरी करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्लांट में शुक्रवार (19 अप्रैल) को आग लग गई। दोपहर 2 बजे से आग लगी हुई है। BHEL के अधिकारी के मुताबिक, पावर प्लांट की यूनिट 3 के BHEL सामग्री यार्ड में आग लग गई है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। आग बुझाने की कोशिश की जा रही है। यह 660X3 मेगावाट का कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। NTPC देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कंपनी है।

भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप सौंपी, चीन से तनाव के चलते साउथ चाइना सी में तैनाती

नई दिल्ली। भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का पहली खेप शुक्रवार (19 अप्रैल) को सौंप दी। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़ रुपए) की डील की थी। इंडियन एयरफोर्स ने C-17 ग्लोबमास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपींस मरीन कॉर्प्स को सौंपा। इन मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक और मारक क्षमता 290 किमी है। एक मैक ध्वनि की गति यानी 332 मीटर प्रति सेकेंड होता है। फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा है। फिलीपींस को उस समय मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी मिली है, जब उसके और चीन के बीच साउथ चाइना सी में तनाव बढ़ा हुआ है। फिलीपींस ब्रह्मोस के 3 मिसाइल सिस्टम को तटीय इलाकों (साउथ चाइना सी) में तैनात करेगा, ताकि खतरे से निपटा जा सके। ब्रह्मोस के हर एक सिस्टम में दो मिसाइल लॉन्चर, एक रडार और एक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर होता है। इसके जरिए सबमरीन, शिप, एयक्राफ्ट से दो ब्रह्मोस मिसाइलें 10 सेकेंड के अंदर दुश्मन पर दागी जा सकती है। इसके अलावा भारत फिलीपींस को मिसाइल ऑपरेट करने की भी ट्रेनिंग देगा। फिलीपींस की चीन के साथ हाल ही में साउथ चाइना सी में कई बार झड़प हुई है। सूत्रों के मुताबिक, फिलीपींस इन मिसाइलों को साउथ चाइना सी पर तैनात करेगा। इससे समुद्र में फिलीपींस की ताकत बढ़ेगी और समुद्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को भी रोका जा सकेगा।

ईरानी कब्जे से लौटी महिला बोली- वहां अच्छा बर्ताव हुआ, कहा- खाना-पानी की कोई दिक्कत नहीं थी

ईरान। ईरान के कब्जे में मौजूद जहाज से आजाद होकर देश लौटी भारतीय क्रू सदस्य ऐन टेसा जोसेफ ने विदेश मंत्रालय को धन्यवाद कहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐन ने कहा, "विदेश मंत्रालय के सीधे हस्तक्षेप की वजह से ही मैं इतनी जल्दी आ पाई हूं।" ईरान में जहाज पर बिताए समय के बारे में बताते हुए ऐन ने कहा, "मुझे उम्मीद नहीं थी कि ऐसा कुछ हो सकता है। जहाज पर हमें किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। जहाज को कब्जे में लेने वाले लोगों ने हमारे साथ अच्छा व्यवहार किया। हमे खाने-पीने की कोई दिक्कत नहीं थी। हम अपनी मेस में खाना पका सकते थे। बस खाना खाने के लिए हमें अपने केबिन में लौटना होता था।" गुरुवार (18 अप्रैल) को ईरान के जब्त किए गए शिप से महिला भारतीय कैडेट ऐन टेसा जोसेफ भारत लौट आई थी। वे केरल के कोचीन एयरपोर्ट पर लैंड हुई थी, जहां रीजनल पासपोर्ट अधिकारी ने उनका स्वागत किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐन ने कहा , "मुझे पता था कि युद्ध चल रहा है, लेकिन जहाज को बंधक बनाए जाने की आशंका नहीं थी। भले ही उन्होंने जहाज को जब्त कर लिया, लेकिन उन्होंने चालक दल के साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया। वहां मेरे साथ केरल के चार और लोग है। भारत सरकार शिप पर फंसे बचे लोगों को निकालने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।" भारत लौटी ऐन टेसा जोसेफ केरल के त्रिशूर जिले की रहने वाली हैं। वह शिप पर भारतीय क्रू का हिस्सा थीं। इससे पहले जोसेफ के परिवार ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर आरोप लगाया था कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को क्रू मेंबर्स को छुड़ाने के लिए जो लेटर लिखा है, उसमें ऐन टेसा का नाम नहीं है। इस जानकारी के बाहर आने के बाद केरल के सीएम विजयन ने जोसेफ के परिवार से बात की थी। ऐन टेसा जोसेफ की वतन वापसी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुशी जताई थी। उन्होंने X पर लिखा था, "इंडियन एम्बेसी ने शानदार काम किया है, खुशी है कि एन टेसा जोसेफ घर पहुंच गई हैं। मोदी की गारंटी देश या विदेश सभी जगह काम करती है।' दरअसल, इजराइल पर हमले से पहले ईरान ने भारत आ रहे पुर्तगाल के झंडे वाले एक जहाज को ओमान की खाड़ी में होर्मुज पास से जब्त किया था। इसकी जानकारी 13 अप्रैल को दी गई थी। इस पर 25 क्रू मेंबर मौजूद थे जिनमें 17 भारतीय और दो पाकिस्तानी थे। 16 भारतीय अब भी शिप पर है। शिप इजराइली अरबपति का था और भारत आ रहा था।

पाकिस्तान में फिदायीन हमला, जापानी नागरिकों को लेकर जा रही बस पर अटैक, 2 आतंकियों की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान में आतंकी हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब कराची के लांधी इलाके में जापानी नागरिकों को ले जा रही बस पर दो आतंकियों ने आत्मघाती हमला (Pakistan Suicide Attack) किया। इस हमले में सभी जापानी नागरिक बच तो गए लेकिन वो घायल हो गए हैं। वहीं हमला करने वाले दोनों आतंकियों की मौत हो गई है। एक हमले को दौरान मारा गया वहीं एक पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। मामले की जानकारी देते हुए उप महानिरीक्षक (DIG) पूर्वी अजफर महेसर ने पाकिस्तान (Pakistan) के स्थानीय अखबार को एक इंटरव्यू में बताया कि ये वारदात कराची के लांधी में मुर्तजा चोरंगी के पास हुआ, उन्होंने कहा कि 5 जापान नागरिक हियास वैन में यात्रा कर रहे थे। सभी सुरक्षित हैं। हालांकि उनके साथ मौजूद निजी सुरक्षा गार्ड घायल हो गया है जिसका इलाज किया जा रहा है। DIG ने कहा कि अभी तक किसी ने इस हमले (Pakistan Suicide Attack) की जिम्मेदारी नहीं ली है। जापानी नागरिक इसलिए बच गए क्योंकि उन्हें ले जाने वाला वाहन बुलेट-प्रूफ था। वहीं सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह (Murad Ali Shah) ने महानिरीक्षक को घटना की जांच करने और एक रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं। जिसमें आतंकवादियों की पहचान, उनके किसी भी साथी के बारे में जानकारी शामिल है। इसके अलाव विस्फोट में उपयोग किए गए विस्फोटकों के बारे में भी जानकारी देने को कहा है। वहीं बार-बार विदेशी नागरिकों पर हो रहे हमलों को लेकर उनकी सुरक्षा के लिए तुरंत योजना बनाने के भी आदेश दिए हैं। बता दें कि लगभग एक महीने पहले ही पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (Khyber Pakhtunkhwa) में चीनी नागरिकों की बस पर आत्मघाती हमला (Shangla Bombing) हुआ था जिसमें 5 चीनी नागरिक मारे गए थे लेकिन इस हमले से भी पाकिस्तान ने ना कोई सबक लिया ना ही विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए। इसकी बानगी शुक्रवार फिर से हुए आत्मघाती हमले से देखने को मिल गई है।

फिलिस्तीन की सदस्यता पर अमेरिका का वीटो

UNSC में 12 देशों के समर्थन के बावजूद प्रस्ताव खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली।

संयुक्त राष्ट्र (UN) में फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता देने के प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो लगा दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में अल्जीरिया ने यह प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर गुरुवार को वोटिंग हुई। हालांकि, अमेरिका के वीटो के बाद फिलिस्तीन UN का परमानेंट मेंबर नहीं सका। UNSC में किसी प्रस्ताव को पारित करने के लिए कम से कम 9 सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी। 15 सदस्यों वाली सुरक्षा परिषद में फिलिस्तीन के पक्ष में 12 वोट पड़े, जबकि ब्रिटेन और स्विट्जरलैंड वोटिंग से दूर रहे। माना जा रहा था कि गाजा में हुई तबाही के बाद अमेरिका प्रस्ताव पर वीटो नहीं करेगा, लेकिन अमेरिका अपने स्टैंड पर बना रहा है और वीटो पावर का इस्तेमाल किया। UN में पूर्ण सदस्यता हासिल करने का फिलिस्तीन की यह दूसरी कोशिश थी। इससे पहले 2011 में भी फिलिस्तीन को मेंबरशिप देने को लेकर UNSC में वोटिंग हुई थी, लेकिन उस समय भी अमेरिका ने प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया था।

अमेरिका ने वीटो पर सफाई दी: फिलिस्तीन के परमानेंट मेंबरशिप वाले प्रस्ताव को वीटो करने पर अमेरिका ने सफाई दी है। UN में अमेरिका के प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने कहा है कि अमेरिका भी 2 स्टेट सॉल्यूशन चाहता है, लेकिन UN पूर्ण सदस्यता देने का स्थान नहीं है। फिलिस्तीन को अलग देश का दर्जा देने का सही तरीका इजराइल और फिलिस्तीन में सीधी बातचीत है। इस बातचीत में अमेरिका और अन्य सहयोगी देश मदद करेंगे। हम चाहते हैं कि दोनों पक्षों में सीधे बातचीत के जरिए समाधान होना चाहिए। अमेरिका की तरफ से वीटो पावर के इस्तेमाल पर इजराइल ने उसकी तारीफ की है। इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्स ने कहा कि, "एक शर्मनाक प्रपोजल रिजेक्ट हुआ, आतंकवाद को पुरस्कृत नहीं किया जाना चाहिए।" वहीं फिलिस्तीन अथॉरिटी के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अमेरिका के वीटो की निंदा की है। अब्बास ने इसे गलत और अनैतिक कहा है। UN में मौजूद फिलिस्तीन के ऐंबैस्डर रियाद मंसूर ने कहा, "प्रस्ताव पास न होने से हमारे हौसले कमजोर नहीं पड़ेंगे। हम हार न मानते हुए फिलिस्तीन को सदस्यता दिलाने की कोशिश में जुटे रहेंगे।" फिलिस्तीन को दुनिया के 140 से ज्यादा देशों ने मान्यता दे रखी है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन अभी भी पूर्ण सदस्य नहीं बन सका है। जबकि इजराइल को 1947 में ही UN की परमानेंट मेंबरशिप मिल गई थी। फिलहाल फिलिस्तीन UN में गैर-सदस्यीय देश है। 2012 में फिलिस्तीन को UN का गैर सदस्यीय देश बनाया गया था।

वीटो क्या है...

UNSC में पांच स्थायी मेंबर हैं। इनमें अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल हैं। इन्हें ही वीटो पावर मिला हुआ है। सुरक्षा परिषद बिना इन पांचों देशों की रजामंदी के कोई भी प्रस्ताव पारित या लागू नहीं कर सकती है। 5 में से कोई एक सदस्य भी वीटो करता है तो प्रस्ताव खारिज हो जाता है।

मालदीव में मुइज्ज़ू और यामीन में 'इंडिया आउट' को लेकर होड़

चीन का पहला गुलाम फिर शुरू करेगा यह कैंपेन

एजेंसी, माले।

मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने ऐलान किया है कि एक बार फिर देश में 'इंडिया आउट' कैंपेन चला या जाएगा। उन्होंने कहा कि मालदीव में तैनात भारतीय सैन्य कर्मियों के संबंध में चिंताओं का कोई हल नहीं निकल सका है। ऐसे में देशभर में फिर से इंडिया आउट कैंपेन की जरूरत है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल से रिहा होने के बाद यामीन ने ये ऐलान किया है। वावु आरा द्वीप को पट्टे पर देने के संबंध में रिश्वतखोरी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में यामीन को 11 साल की जेल की सजा हुई थी और वह पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ सके थे। उनको सजा के निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय ने पलट दिया है।

इसके बाद यामीन रिहा हुए है। गुरुवार को अपनी रिहाई के बाद यामीन ने भारत के खिलाफ रुख दिखाया। उन्होंने कहा कि वह सत्ता में नहीं रहने से परेशान नहीं हैं और सड़क पर लड़ाई लड़ेंगे। चीन के समर्थक और भारत के विरोधी यामीन ने ही इंडिया आउट कैंपेन मालदीव में शुरू किया था। यामीन ने कहा, 'कुछ चीजें हैं जो मेरे लिए सोना मुश्किल कर देती हैं। मैं नहीं मानता कि भारतीय सैनिकों को मालदीव में स्थायी रूप से तैनात किया जाना चाहिए। मैं नहीं मानता कि हमारे दक्षिणी समुद्र से खोया हुआ क्षेत्र वैसा ही बना रहना चाहिए। किसी विदेशी पार्टी को हमारी विदेश नीति में दखल नहीं देना चाहिए। मालदीव में भारतीय सैनिकों को तैनात करना अस्वीकार्य है। ये ठीक नहीं है कि कोई दूसरा देश मालदीव के आंतरिक मामलों को प्रभावित करे।' मालदीव की मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली सरकार ने भारतीय सैनिकों को हटाने के लिए एक समझौता किया है। इसके अनुसार भारतीय सैनिकों की जगह आम कर्मचारी लेंगे। 88 भारतीय सैनिकों को मालदीव में अड्डू और लामू कधधू में हेलीकॉप्टर और हनीमाधू में एक डोर्नियर विमान संचालित करने के लिए तैनात किया गया था। मुइज्जू सरकार की ओर से एतराज के बाद अड्डू में हेलीकॉप्टर और डोर्नियर विमोन का संचालन करने वाले सैनिक अब भारत लौट आए हैं। मालदीव की मौजूदा मुइज्जू सरकार के फैसलों का जिक्र करते हुए यामीन ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि इस मुद्दे का समाधान हो सकेगा। उन्होंने राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की सरकार के समय शुरू किए गए इंडिया आउट अभियान को जारी रखने की बात कही।

केन्या के मिलिट्री चीफ की हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत

9 और लोगों की जान गई, राष्ट्रपति रुटो ने 3 दिनों के शोक की घोषणा की

एजेंसी, नैरोबी।

केन्या के मिलिट्री चीफ फ्रांसिस ओमोंडी ओगोला की गुरुवार को हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। उनके साथ हेलीकॉप्टर पर सवार 9 और लोगों की भी जान चली गई। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने एक टेलीविजन संबोधन में घटना की जानकारी दी। उन्होंने शुक्रवार से अगले तीन दिनों तक राष्ट्रीय शोक का ऐलान किया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, रुटो ने अपने संबोधन में कहा कि एक हेलीकॉप्टर हादसे में जनरल फ्रांसिस ओगोला और सेना के नौ अन्य सदस्यों की जान चली गई। दुर्घटना में दो लोग बच गए। यह हादसा गुरुवार दोपहर में हुआ। राष्ट्रपति रुटो ने आगे कहा- बतौर कमांडर-इन-चीफ मेरे और पूरे केन्या डिफेंस फोर्सेज के लिए एक दुख का समय है। आज का दिन देश के लिए सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने अपने सबसे बहादुर जनरलों में से एक को खो दिया।

उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हुआ हेलीकॉप्टर: रुटो के मुताबिक, मिलिट्री चीफ ओगोला देश के उत्तरी रिफ्ट क्षेत्र में सैनिकों से मिलने और स्कूल नवीकरण के काम का निरीक्षण करने के लिए दोपहर में नैरोबी से रवाना हुए थे। हालांकि, उड़ान भरने के कुछ देर बाद हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया।

बाबा रामदेव की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (19 अप्रैल) को योग गुरु रामदेव की एक याचिका पर सुनवाई की। जिसमें उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ उनकी टिप्पणियों पर दर्ज कई FIR क्लब करने और दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग की थी। जस्टिस एमएम सुंदरेश समेत 2 जजों की बेंच ने बाबा रामदेव से उन लोगों को भी पार्टी बनाने का निर्देश दिया है, जिन्होंने व्यक्तिगत तौर पर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। बेंच ने सुनवाई की अगली तारीख जुलाई में तय की है। बाबा रामदेव के खिलाफ IMA के पटना (बिहार) और रायपुर (छत्तीसगढ़) चैप्टर ने 2021 में FIR की थी। अपनी याचिका में रामदेव ने केंद्र, बिहार, छत्तीसगढ़ और IMA को पार्टी बनाया है। रामदेव ने इन FIR पर एक्शन रोकने की मांग भी की थी। रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ IMA की याचिका पर पहले से सुनवाई जारी है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन की बेंच ने उन्हें 7 दिन का समय दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 23 अप्रैल को है।

DMA ने मांगी मामले में पार्टी बनने की परमिशन: इसी बीच, दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन (DMA) ने भी मामले में पार्टी बनने की परमिशन मांगी है। DMA ने आरोप लगाया गया है कि रामदेव ने एलोपैथी का अपमान किया और लोगों को प्रैक्टिकल और प्रोटोकॉल की अवहेलना करने के लिए उकसाया। DMA, जिसमें 15,000 डॉक्टर सदस्य हैं, ने दावा किया है कि रामदेव की पतंजलि ने कोरोनिल किट बेचकर 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए। इसे किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने सर्टिफाइ नहीं किया गया था।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका 23 अप्रैल को सुनवाई: हालांकि, सुप्रीम कोर्ट पहले से ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ गलत प्रचार किया। वहीं, खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया। 16 अप्रैल की सुनवाई के दौरान जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच के सामने बाबा रामदेव और बालकृष्ण तीसरी बार पेश हुए। इस दौरान बाबा रामदेव ने कहा था कि काम के उत्साह में ऐसा हो गया। लेकिन कोर्ट ने उनसे कहा- आप इतने मासूम नहीं हैं। लग नहीं रहा कि आपका हृदय परिवर्तन हुआ है।

- बिहार-छत्तीसगढ़ में दर्ज FIR पर एक्शन न हो, अदालत ने कहा- शिकायतकर्ताओं को भी शामिल करें

IMA ने बताया कि उन्होंने पतंजलि को कोर्ट में क्यों घसीटा: इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के दो डॉक्टरों पूर्व IMA उपाध्यक्ष डॉ. जयेश लेले और पूर्व IMA अध्यक्ष डॉ. रंजन शर्मा ने बताया है कि आखिर IMA ने पतंजलि आयुर्वेद को कोर्ट में क्यों घसीटा है। मिड डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक रामदेव के पास कई नोटिस गए थे, लेकिन वे कहते थे कि कोई भी उनका कुछ नहीं कर सकता। उन्हें शुद्ध राजनीतिक संरक्षण था।

अमित शाह ने गांधीनगर से नामांकन दाखिल किया

कहा- इस बार का चुनाव बेहद अहम, मोदी तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं

एजेंसी, गांधीनगर।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पर्चा दाखिल किया। यहां 7 मई को वोटिंग होनी है। अमित शाह दूसरी बार गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि गांधीनगर की जनता का मुझे हमेशा से सहयोग मिला है। क्षेत्र में विकास के सभी काम हुए हैं। इस बार का चुनाव बेहद अहम है। मोदी तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं।

गर्व की बात कि यहां से मोदी जी हैं मतदाता: उन्होंने कहा कि आज मैंने गांधीनगर सीट से अपना नॉमिनेशन भरा है। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि जिस सीट से लालकृष्ण अडवानी, अटलजी ने प्रतिनिधित्व किया है और खुद नरेंद्र मोदी जी यहां से मतदाता हैं। उस सीट से प्रतिनिधत्व करने का मौका मिला है। 30 साल से मैं गांधीनगर से विधायक और सांसद बना, जनता के लिए ढ़ेरों काम किए। यहां के लोग मुझे अपना ढेर सारा प्यार देते हैं। मैं एक छोटे से बूथ कार्यकर्ता से संसद तक पहुंचा हूं।

आज नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन: आज नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है। कल कुछ सीटों पर बीजेपी-कांग्रेस के उम्मीदवारों ने पर्चा भरा था। वहीं, आज बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और नवसारी लोकसभा सीट से उम्मीदवार सीआर पाटिल, राजकोट सीट से कांग्रेस उम्मीदवार परेश धनानी नामांकन दाखिल करेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव की तो गांधीनगर से 2019 की लोकसभा चुनाव में अमित शाह ने कांग्रेस के कैंडिडे ट डॉ सी.जे चावड़ा को 50 हजार से ज्यादा के अंतर से हराया था। इस चुनाव में अमित शाह को करीबन 3 लाख वोट मिले थे।

गुजरात की 26 सीटों के लिए 7 मई को वोटिंग: दूसरी बार गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे अमित शाह ने अपनी चुनावी राजनीतिक की शुरुआत गांधीनगर से की थी। उन्होंने 2019 में पहली बार गांधीनगर से चुनाव लड़ा था। अब दूसरी बार मैदान में हैं। इस बार बीजेपी ने उनके 10 लाख मतों से जीत सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। गुजरात की 26 सीटों के लिए 7 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए नामांकन की अंतिम तारीख 19 अप्रैल है। कांग्रेस पार्टी ने केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ सोनल पटेल को उम्मीदवार बनाया है।

कर्नाटक के कॉलेज में कांग्रेस नेता की बेटी की हत्या

एजेंसी, बेंगलुरु।

कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में गुरुवार (18 अप्रैल) को कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की 23 साल की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। नेहा एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। उसी कॉलेज के एक ड्रॉपआउट स्टूडेंट फैयाज खोंडुनाईक (23) ने नेहा के गले, पेट सहित शरीर पर चाकू से 7 वार किए। हमले में फैयाज को भी चोटें आईं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां नेहा को मृत घोषित कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें फैयाज नेहा पर हमला करता हुआ दिखा। पुलिस ने बताया कि नेहा और फैयाज एक दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों बीसीए के दौरान क्लासमेट थे। नेहा ने उसका प्रपोजल ठुकरा दिया था, जिसके कारण फैयाज ने घटना को अंजाम दिया। हुब्बली-धारवाड़ की पुलिस कमिश्नर रेणुका एस सुकेमार ने कहा कि इस मामले में कल FIR दर्ज की गई थी, जिसके एक घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। हमने सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली है।

MP-छत्तीसगढ़ में तापमान 42 डिग्री, आज बारिश का भी अलर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली।

देश में कुछ राज्यों में तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। वहीं, कुछ राज्यों में तेज बारिश, बर्फबारी और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 6 राज्यों में तेज गर्मी के साथ बारिश की संभावना जताई है। इनमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और तमिलनाडु शामिल है। गुरुवार को यहां तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया था। इसके अलावा, गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी तेज गर्मी का असर देखने को मिलेगा। वहीं, 5 राज्यों (ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु) में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। उधर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तेज हवाओं के साथ बर्फबारी की संभावना जताई गई है। साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी और हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में फिलहाल वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर देखने को मिल रहा है। इस कारण आज अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में तेज बरसात होगी।

चारधाम यात्रा में पहली बार ले जा सकेंगे चार्टर्ड हेलिकॉप्टर, किराया 1.95 लाख

एजेंसी, देहरादून।

उत्तराखंड में 10 मई से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा का उत्साह इस बार काफी ज्यादा है। बीते 4 दिन में 14 लाख से ज्यादा लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। पिछली बार चार महीने में 55 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। इस बार यह रिकॉर्ड टूट सकता है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के CEO सी. रविशंकर के मुताबिक पहली बार चारधाम के लिए चार्टर्ड हेलिकॉप्टर सेवा शुरू हो रही है। इसमें 4 लोग एक धाम की यात्रा साढ़े तीन लाख रु. में कर सकते हैं। यदि चारों धाम के लिए चार्टर्ड हेलिकॉप्टर लेते हैं तो प्रति व्यक्ति 1.95 लाख देने होंगे। किराए में आना-जाना, रुकना, खाना शामिल है। हेलिकॉप्टर भी वहीं रहेगा। एक ही दिन में वापसी का रेट 1.05 लाख रु. रहेगा।

4 दिन में 14 लाख रजिस्ट्रेशन, टूटेगा पिछला रिकॉर्ड

एक माह पहले भी हेलिकॉप्टर बुकिंग: सामान्य हेलीकॉप्टर सेवा का किराया 5% बढ़ा है। गौरीकुंड से 18 किमी पहले फाटा से केदारनाथ जाते हैं तो एक तरफ का प्रति व्यक्ति किराया 2,886 रु. होगा। पिछली बार ये 2,749 रु. था। गुप्तकाशी से 4,063 रु. रहेगा, जो 3,870 रु. था। पहले हेलिकॉप्टर सर्विस की बुकिंग 15 दिन के स्लॉट में होती थी। इस बार एक माह का स्लॉट रहेगा। 10 मई से 20 जून और 15 सितंबर से 31 अक्टूबर तक और बुकिंग IRCTC की हेलीयात्रा वेबसाइट से 20 अप्रैल से होगी।

संक्षिप्त समाचार

होटल भरे हुए हैं, फर्श पर सो रहे हैं

दुबई हवाई अड्डे पर फंसे दो भारतीय पहलवान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पहलवान दीपक पुनिया और सुजीत कलकल 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के लिए किर्गिस्तान के बिश्केक जाते समय भारी बारिश के कारण मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पहलवानों के करीबी सूत्रों नें बात करते हुए कहा कि यह जोड़ी गुरुवार रात 11 बजे उड़ान

भरेगी और उनके टूर्नामेंट में भाग लेने की संभावना 50-50 है। वे पिछले दो दिनों से वहां हैं। सभी होटल भरे हुए हैं इसलिए वे हवाई अड्डे पर फर्श पर सो रहे हैं। क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करने की उनकी संभावना 50-50 है। शायद वे वजन शुरू होने से ठीक पहले बिश्केक पहुंच जाएंगे। केवल तभी जब वे आज देर रात दुबई छोड़ने में कामयाब हों। बिश्केक में एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 19 अप्रैल से शुरू होने वाला है। बिश्केक में 18 भार वर्गों में कुल 36 पेरिस 2024 कोटा की पेशकश होगी। भारत ने सत्रह पहलवानों को मैदान में उतारा है. यह क्वालीफायर भारतीय पहलवानों के लिए ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने का दूसरा अंतिम अवसर होगा।

भारतीय दलः

पुरुष ग्रीको : रोमन, सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)

महिला फ्रीस्टाइल : विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा), निशा (68 किग्रा), रीतिका हुडा (76 किग्रा)

पुरुष फ्रीस्टाइल : अमन सहरावत (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा), दीपक (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा)।

रोहित आईपीएल में मुंबई के लिए

सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैट्समैन बने

मुल्लांपुर, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान और ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने चंडीगढ़ में आईपीएल 2024 के 33 वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ ज्यादा बड़ी पारी नहीं खेल पाए। सीएसके के खिलाफ नाबाद 105 रन की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा ने इस मैच में 25 गेंदों पर 36 रन की पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने 3 छक्के और 2 चौकों भी लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 144.00 का रहा। रोहित शर्मा ने अपनी पारी में लगाए 3 छक्कों की मदद से अब मुंबई के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए और उन्होंने किरोन पोलार्ड का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

आईपीएल में रोहित के नाम सबसे ज्यादा छक्के

मुंबई इंडियंस के ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पंजाब के खिलाफ 3 छक्के लगाने के बाद अब आईपीएल में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित शर्मा ने मुंबई के लिए इस मैच में 225 वां छक्का लगाया और उन्होंने किरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ दिया। पोलार्ड ने अपने आईपीएल करियर में मुंबई के लिए कुल 223 छक्के लगाए थे। मुंबई के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर 104 छक्कों के साथ हार्दिक पांड्या मौजूद हैं तो 103 छक्कों के साथ इशान किशन चौथे और 97 छक्कों के साथ सूर्यकुमार यादव पांचवें स्थान पर हैं।

आईपीएल में एमआई के लिए सबसे ज्यादा छक्के

- 225 छक्के ङ्क रोहित शर्मा
- 223 छक्के ङ्क के पोलार्ड
- 104 छक्के ङ्कएच पंड्या
- 103 छक्के ङ्क किशन
- 97 छक्केङ्क सूर्यकुमार यादव

रोहित ने खेला 250वां मैच

रोहित शर्मा ने आईपीएल का अपना 250वां मैच खेला और इस लीग में वो 250 मैच खेलने वाले धोनी के बाद दूसरे बल्लेबाज बने।

आशुतोष की पारी अविश्वसनीय

मुल्लांपुर, एजेंसी । आईपीएल 2024 के गुरुवार के रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने अपनी तूफानी पारी की बदौलत न केवल फैंस का बल्कि विरोधी कप्तान का भी दिल जीत लिया। जब मैच निर्णायक मोड़ पर था और पंजाब जीत के बेहद करीब था, तब 18वें ओवर में गेराल्ड कोएत्ज़ी ने आशुतोष शर्मा की तूफानी पारी का अंत किया और मुंबई की जीत पक्की की। एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने स्वीकार किया कि मैदान में आशुतोष ने पूरी तरह से पासा पलट दिया था। उन्होंने ये भी कहा कि अपना पहला आईपीएल सीजन खेल रहे आशुतोष का प्रदर्शन अविश्वसनीय था। हार्दिक ने कहा, यह एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि हर किसी की सांसें थम गई थी। हमने मैच से पहले बात की थी कि इस मैच में हमारी परीक्षा होगी और मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा चुनौतीपूर्ण कुछ और हो सकता है। जब पंजाब का स्कोर 14/4 था, तो यह स्वाभाविक था कि आप सोचते थे कि आप मैच में आगे हैं लेकिन साथ ही, हम जानते थे कि आईपीएल में इस तरह के मैच कभी भी पलट सकते हैं।

तिलक वर्मा ने आईपीएल में किया बड़ा कारनामा

मुल्लांपुर, एजेंसी। मुंबई इंडियंस की टीम ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में 7वें मैच में अपनी तीसरी जीत हासिल करने में कामयाबी हासिल की। पंजाब किंग्स के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई की तरफ से शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें सूर्यकुमार यादव के बल्ले से 78 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे बाएं हाथ के युवा बल्लेबाजी तिलक वर्मा ने सिर्फ 18 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 34 रनों की नाबाद तेज पारी खेलने के साथ टीम के स्कोर को 190 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। तिलक ने अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल में एक खास लिस्ट में भी अपनी जगह बना ली।

ऋषभ पंत के बाद तिलक 21 साल की उम्र में 50 छक्के लगाने वाले बने दूसरे खिलाड़ीः तिलक वर्मा ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी 38 रनों की नाबाद पारी में 2 छक्के भी लगाए जिसके साथ ही उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 50 छक्के भी पूरे कर लिए। तिलक अब आईपीएल में 21 साल की उम्र में ऋषभ पंत के बाद 50 छक्कों का आंकड़ा छूने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। पंत ने 21 साल की उम्र तक आईपीएल में 94 छक्के लगाए थे, वहीं इस लिस्ट में अब दूसरे नंबर पर 50 छक्कों के साथ तिलक वर्मा हैं, तो वहीं तीसरे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा ओपनिंग बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं।

व्यापार

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज 24 अप्रैल से डेरिवेटिव लॉन्च करेगा

मुंबई, एजेंसी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), जो वर्ष 2023 में कारोबार किए गए अनुबंधों के आधार पर दुनिया का नंबर 1 डेरिवेटिव एक्सचेंज है, को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स पर डेरिवेटिव के लिए मंजूरी मिल गई है। इन अनुबंधों को 24 अप्रैल, 2024 से लॉन्च किया जाएगा। एक्सचेंज 3 सिलसिलेवार मासिक सूचकांक वायदा और सूचकांक विकल्प अनुबंध चक्र की पेशकश करेगा। कैश सैटल्ड डेरिवेटिव कॉन्ट्रेक्ट समाप्ति माह के अंतिम शुक्रवार को समाप्त हो जाएंगे। निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स निफ्टी 50 कंपनियों को छोड़कर निफ्टी 100 से 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। मार्च 2024 तक, सूचकांक में वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 23.76 प्रतिशत के साथ शीर्ष क्षेत्र में था, इसके बाद 11.91 प्रतिशत के साथ पूंजीगत सामान क्षेत्र और 11.57 प्रतिशत के साथ उपभोक्ता सेवाओं का नंबर आता है। सूचकांक 1 जनवरी, 1997 को पेश किया गया था, जिसकी आधार तिथि और आधार मूल्य क्रमशः 03 नवंबर, 1996 और 1000 था। पिछले कुछ वर्षों में, सूचकांक पद्धति में संशोधन हुआ है।

टीवीएस मोटर कंपनी ने जे.डी. पावर 2024 इंडिया टू-व्हीलर आईक्यूएस और अपील स्टडीज में 10 में से 7 श्रेणियों में हासिल किया शीर्ष सम्मान

बेंगलुरु , एजेंसी। दो और तीन-पहिया वाहन सेगमेंट में एक अग्रणी वैश्विक वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने जे.डी. पावर 2024 इंडिया टू-व्हीलर इनिशियल क्वालिटी स्टडी में 10 में से 7 श्रेणियों में शीर्ष सम्मान हासिल किया है। यह उपलब्धि अपने प्रोडक्ट के लिए असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने के लिए टीवीएसएम की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। टीवीएस मोटर कंपनी के डायरेक्टर और सीईओ के एन राधाकृष्णन ने कहा, ''विभिन्न प्रोडक्ट सेगमेंट में शीर्ष स्थान हासिल करना दरअसल उस विश्वास को दर्शाता है, जो ग्राहकों ने हमारे प्रोडक्ट्स में व्यक्त किया है। हमारे प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता, अत्याधुनिक तकनीक, उनकी खूबसूरती और ग्राहकों को प्रसन्न करने वाली अपील हमारे लिए बहुत महत्व रखते हैं और हम इन पर लगातार फोकस करना चाहते हैं।

एपप्ल को मेड इन इंडिया चिप दे सकती है माइक्रॉन

नईदिल्ली, एजेंसी। मेमरी और स्टोरेज उपकरण बनाने वाली नामी कंपनी माइक्रॉन टेक्नोलॉजी भारत के अपने कारखाने में बनने वाले अपने 'मेड इन इंडिया' चिप की आपूर्ति ऐपल को करने की सोच रही है, जो उसके वैश्विक ग्राहकों में शामिल है। ऐपल ठेके पर भारत में आईफोन असेंबल कराती है। माइक्रॉन गुजरात के साणंद में असेंबली टेस्ट मार्किंग ऐंड पैकेजिंग (एटीएमपी) कारखाना लगा रही है। ऐपल के लिए ठेके पर आईफोन बनाने वाली कंपनियां फिलहाल चिप आयात करती हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि माइक्रॉन भारत में बनने वाले चिप का एक हिस्सा यहां मौजूद अपने ग्राहकों को देने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

साणंद कारखाने से पहला मेड इन इंडिया चिप दिसंबर तक आने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि माइक्रॉन विदेश में अपने कारखानों से वेफर भारत लाएगी और यहां के कारखाने में उसे प्रोसेस कर चिप बनाएगी। पहले चरण में चिप का निर्यात किया जाएगा मगर कंपनी की योजना अगले चरण में चिप सीधे अपने वैश्विक ग्राहकों को देने की है। इनमें ऐपल भी शामिल है। भारत में तीन कंपनियां ऐपल के लिए ठेके पर आईफोन बनाती हैं और कंपनी के कुल आईफोन उत्पादन का 12 फीसदी हिस्सा भारत में ही असेंबल होता है। माइक्रॉन के एटीएमपी और वेफर संयंत्र अमेरिका, मलेशिया, जापान, सिंगापुर, चीन और ताइवान समेत तमाम जगहों पर हैं।

ऐपल ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। माइक्रॉन के भारत में मौजूद दफ्तर तथा उसके मुख्यालय तक सवाल भेजे गए मगर दोनों जगहों से जवाब नहीं आए। मेड इन इंडिया चिप इस्तेमल करने से ऐपल का मूल्यवर्द्धन काफी बढ़ जाएगा। फिलहाल यहां आईफोन में 10 से 12 फीसदी ही मूल्यवर्द्धन होता है। मोबाइल उपकरणों के उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पात्रता के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2026 तक 40 फीसदी मूल्यवर्द्धन का लक्ष्य रखा है।

माइक्रॉन पहली बड़ी वैश्विक कंपनी है, जिसे सरकार की सेमीकंडक्टर योजना के तहत मंजूरी मिली है। कंपनी साणंद में एटीएमपी कारखाने पर 2.75 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार परियोजना कारखाना बनाने पर आने वाले खर्च का 70 फीसदी सब्सिडी (सब्सिडी में केंद्र का हिस्सा 50 फीसदी होगा) देंगी। कारखाना 10 लाख वर्ग फुट में होगा।

एक साल से तूफानी रिटर्न दे रहा 45 वाला शेयर, अब दिग्गज निवेशक का बड़ा दांव

नईदिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक आशीष कचोलिया समय-समय पर अपने पोर्टफोलियो में नए शेयर जोड़ते हैं। इस बार उन्होंने माइक्रोकैप फार्मा कंपनी-संजीवनी पैरेंट्रल लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी है। इस खबर के बाद से ही कंपनी के शेयर में तूफानी तेजी है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर पर रिटेल निवेशक टूट पड़े और यह करीब 10 प्रतिशत चढ़कर 185.45 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले दो कारोबारी सत्रों में स्टॉक में 21 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आई है। आशीष कचोलिया ने जनवरी से मार्च की अवधि के दौरान संजीवनी पैरेंट्रल लिमिटेड के 3.70 लाख इक्विटी शेयरों के बराबर 3.17 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। वर्तमान में उनके निवेश का होल्डिंग मूल्य 6.70 करोड़ है। कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक संजीवनी पैरेंट्रल के प्रमोटरों के पास 27.67 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि सार्वजनिक शेयरधारकों के पास शेष 62.12 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

इम्युनिटी बढ़ाने वाले बादाम सहित 4 प्राकृतिक आहारः शीला कृष्णास्वामी

भोपाल । मौसम बदलने के साथ ही अपने इम्युन सिस्टम (रोग-प्रतिरोधक प्रणाली) को मजबूत करने और सही आकार में बने रहने के लिये सेहत से भरे और संतुलित आहार लेने पर ध्यान देना महत्वपूर्ण हो जाता है। अपने रोजाना के भोजन में बादाम, मौसमी फलों और सब्जियों जैसे प्राकृतिक आहारों को शामिल करने से शरीर की बीमारियों से लड़ने के लिये जरूरी ताकत बढ़ सकती है यह कहना हे शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट का । हम उन पाँच प्राकृतिक आहारों के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी इम्युनिटी में सहयोग दे सकते हैं और मौसमी बुखार तथा बीमारियों को दूर रखने में मददगार हो सकते हैं। बादामः बादाम केवल स्वादिष्ट नहीं होती है, बल्कि इसमें विटामिन ई, ज़िंक, फोलेट और आयरन जैसे पोषक-तत्व भी होते हैं, जो इम्युन फंक्शन के लिये मायने रखते हैं। रोजाना स्नैक के तौर पर मुट्ठीभर बादाम खाएं या अपने सुबह के नाश्ते में उन्हें शामिल करें। इससे पौष्टिकता बढ़ेगी। सिट्रस फलः सिट्रस फल, जैसे कि नारंगी, नींबू, मौसम्बी और अंगूर में विटामिन सी की अच्छी मात्रा होती है। यह पोषक-तत्व श्वेत रक्त कणिकाएं बनाने के लिये आवश्यक है, जोकि संक्रमणों से शरीर की रक्षा करती हैं। अपने आहार में इन फलों को शामिल करने से आप विटामिन सी का सेवन बढ़ा लेंगे।

अल्ट्रा-मॉडर्न, लाइट-वेट ट्रेनें 80 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति से चलेंगी

भोपाल और इंदौर मेट्रो की ट्रेनें बहुत खास

भोपाल । सस्टेनेबल मोबिलिटी में ग्लोबल लीडर, एल्सटॉम इस समय भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट्स के लिए 15 सालों की विस्तृत मेंटेनेंस के साथ 3-कार कॉन्फिगुरेशन की 52 स्टैंडर्ड गेज़ मूविया मेट्रो पैसेंजर ट्रेनसेट्स बना रहा है। कंपनी लेटेस्ट जनरेशनके संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) सिग्नलिंग प्रणाली और ट्रेन नियंत्रण वसंचार प्रणाली भी इंस्टॉल कर रही है; जिनमें से प्रत्येक की सात साल की विस्तृत मेंटेनेंस शामिल है। इस श्रृंखला की पहली ट्रेनसेट अगस्त, 2023 में मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) को नोटिस टू प्रोसीड (एनटीपी) से साढ़े चौदह महीने की रिकॉर्ड अवधि में सौंप दी गई। राजस्व सेवा की शुरुआत 2024 से हो जाएगी।

ये अल्ट्रा-मॉडर्न, लाइट-वेट ट्रेनें 80 किमी/घंटा की अधिकतम गति से चलेंगी। भोपाल में ये 30 स्टेशनों के बीच 31 किलोमीटर और इंदौर में 29 स्टेशनों के बीच 31.5 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। 3 कार कॉन्फ़िगरेशन की 27 ट्रेनसेट भोपाल में चलेंगी जबकि इंदौर में 25 ट्रेनसेट चलेंगी। प्रत्येक ट्रेन में 50 यात्री बैठ सकेंगे और 300 लोग खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। इन ट्रेनों के लिए सुरक्षा के सर्वोच्च मानकसुनिश्चित किए गए हैं, जिनमें लगातार सीसीटीवी निगरानी और जरूरत पड़ने पर ट्रेन ऑपरेटर एवं नियंत्रण केंद्र के साथ सीधा संचार चैनल शामिल है। सीसीटीवी के इंटैलीजेंट फीचर्स में लावारिस वस्तुओं की पहचान और खाली ट्रेन की पहचान (आपातकालीन निकासी में यात्रियों की गिनती) भी शामिल है। इन ट्रेनों में दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर का एक समर्पित स्थान भी है। मूविया मेट्रो परिवार में प्रमाणित और विश्वसनीय उपकरणों के साथ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। ये ट्रेनें लंदन, दिल्ली, स्टॉकहोम और सिंगापुर सहित अनेक ग्लोबल शहरों में चल रही हैं।

पॉकेट एफएमने रचा इतिहास मारी 100 करोड़ क्लब में एंट्री

मुंबई, एजेंसी। एक बेहद लोकप्रिय व प्रतिष्ठित ऑडियो सीरीज़ प्लेटफॉर्म पॉकेट एफएमने इस बात ऐलान किया कि उनके दो मशहूर ऑडियो सीरीज ने दुनिया भर में श्रोताओं के ज़रिए हासिल द्मद्व 100 करोड़ क्लब में एंट्री . उल्लेखनीय है कि ये दोनों ही शोज़ - एक लड़की को देखा तो और इंस्टा मिलेनियर पॉकेट एफएमकी 10 सबसे मशहूर सीरीज़ में टॉप पर ट्रेंड कर रही हैं. ग़ौरतलब है कि एक लड़की को देखा तो एक काल्पनिक

कहानी है जिसमें बताया गया है कि कैसे एक दिन अनिका अपनी बेटी के साथ मनाली में अपने घर लौट जाती है जहां उसे अपनी जुड़वा बच्चे के बारे म पता चलता है. यह दिलचस्प कहानी नायिका के संघर्ष की दास्तां को दिलचस्प तरीके से बयां करती है. यह सीरीज़ दुनिया भर में इस क़दर लोकप्रिय साबित हुई है कि इसने अब तक कुल 150 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई कर ली है. उल्लेखनीय है कि यह लोकप्रिय सीरीज़ भारत में हिंदी, तेलुगू और तमिल में उपलब्ध है जबकि इसे अमेरिकी श्रोताओं के लिए सेविंग नोरा के नाम से पुनर्निमित किया जा रहा है. बता दें कि इस सीरीज़ को अब तक 50 करोड़ बार सुना जा चुका है. ग़ौरतलब है कि इंस्टा मिलेनियर पॉकेट एफएमकी ओर से 100 करोड़ की कमाई करने वाला पहला ऑडियो ब्लॉकबस्टर साबित हुआ है. इसकी कहानी फ़र्श से अर्श तक का सफ़र तय करने वाले लक्ष्मण उर्फ़ लकी के इर्द-गिर्द घूमती है।

करियर को दें रफ्तार

दसवीं के बाद अमूमन स्टूडेंट्स आगे की पढ़ाई के लिए सोचते हैं, लेकिन जो स्टूडेंट किसी वजह से ऐसा नहीं कर पाते, वे शॉर्ट-टर्म जॉब ओरिएंटेड कोर्स करके करियर की राह पर कदम बढ़ा सकते हैं। कुछ ऐसे फील्ड भी हैं, जिनमें दसवीं के बाद ही नौकरी के लिए प्रयास कर सकते हैं। कौन-कौन से हैं ऐसे कोर्सेज और फील्ड्स, उन पर एक नजर..

पॉपुलर कोर्स

पॉलिटेक्निक से डिप्लोमा : जेई बनने का प्लेटफॉर्म

भारत में टेक्निकल एजुकेशन प्रदान करने वाले पॉलिटेक्निक्स ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआइसीटीई) से मान्यता प्राप्त होते हैं। अगर कोई स्टूडेंट टेक्निकल फील्ड में करियर बनाना चाहता है, तो वह दसवीं के बाद किसी पॉलिटेक्निक से इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स कर सकता है। मैकेनिकल, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्युनिकेशन, सिविल, ऑटोमोबाइल ब्रांच में इंजीनियरिंग के अलावा, सिस्टम मैनेजमेंट, फैशन टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डेकोरेशन जैसे आज के हॉट कोर्स में भी डिप्लोमा किया जा सकता है। पॉलिटेक्निक में दाखिले के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में स्टेट लेवल पर (जैसे यूपी में प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा) एंट्रेंस एग्जाम होता है। इसे क्वालिफाई करने वाले स्टूडेंट्स को काउंसलिंग के बाद उनकी मेरिट के मुताबिक एडमिशन दिया जाता है। एंट्रेंस एग्जाम में 10वीं लेवल की मैथ्स, फिजिक्स, केमिस्ट्री के साथ जीके, रीजनिंग से जुड़े कॉमन क्वैश्चन पूछे जाते हैं। पॉलिटेक्निक डिप्लोमा के आधार पर सरकारी और निजी क्षेत्र के संस्थानों में जूनियर इंजीनियर के रूप में नौकरी की शुरुआत की जा सकती है।

आइटीआइ: तकनीक में महारत

अगर आपका इंट्रेस्ट मशीनों या कोई स्पेशल क्राफ्ट सीखने में है, तो दसवीं के बाद आपके पास इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट यानी आइटीआइ से कई तरह के शॉर्ट टर्म कोर्स करने के ऑप्शंस हैं। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त ये आइटीआइ अपने यहां इंजीनियरिंग और नॉन-इंजीनियरिंग फील्ड से रिलेटेड तमाम तरह के स्किल बेस्ड कोर्स संचालित करते हैं, जैसे-ऑटोमोबाइल, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, मोटर ड्राइवर कम मैकेनिक, वेल्डर, फिटर आदि। ये कोर्सेज एक से तीन साल के होते हैं, जिनमें मेरिट के आधार पर दाखिला मिलता है। कोर्स कंप्लीट करने पर प्राइवेट सेक्टर के कारखानों, इंडियन रेलवे, टेलीकॉम डिपार्टमेंट आदि में जॉब मिल सकती है। चाहें तो खुद का काम भी कर सकते हैं।

आइटी इंजीनियर : हार्डवेयर ऐंड सॉफ्टवेयर प्रोग्राम्स

आज कंप्यूटर की उपयोगिता बढ़ने से इसकी मेंटिनेंस करने वाले स्किल्ड लोगों की डिमांड भी बढ़ी है। अगर कंप्यूटर में दिलचस्पी है, तो आप एडवांस हार्डवेयर/नेटवर्किंग या सॉफ्टवेयर से जुड़ा कोर्स कर सकते हैं। 10वीं के बाद स्टूडेंट्स कंप्यूटर कॉन्सेप्ट कोर्स (सीसीसी) कर सकते हैं। इसमें कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, इंटरनेट का उपयोग, कंप्यूटर अकाउंट की जांच करना आदि सिखाया जाता है। यह कोर्स भारत सरकार के मान्यता प्राप्त संस्थान डीओइएसीसी और इसके ब्रांचेज से कर सकते हैं। कई प्राइवेट इंस्टीट्यूट्स भी ऐसे कोर्स कराते हैं। स्टूडेंट्स तीन महीने का सर्टिफिकेट इन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, छह महीने का कंप्यूटर एप्लीकेशन कोर्स और 12 महीने का डिप्लोमा इन कंप्यूटर प्रोग्रामिंग ऐंड एप्लीकेशंस कोर्स भी कर सकते हैं।

हेयर डिजाइनिंग : बालों को दें स्टाइल

हेयर स्टाइल का क्रेज जिस तरह से लोगों में बढ़ता जा रहा है, उससे इस क्षेत्र में स्टाइलिस्ट हेयर डिजाइनर की डिमांड बढ़ गई है। इंट्रेस्टेड कैंडिडेट 10वीं के बाद डिप्लोमा इन हेयर डिजाइनिंग कोर्स कर इस फील्ड मेंएंट्री ले सकते हैं। हेयर डिजाइनिंग में डिप्लोमा मात्र चार महीने का कोर्स है। इसके बाद आपको सैलून, स्पा, होटल्स, ब्यूटी इंडस्ट्रीज और कॉस्मेटिक्स यूनिट्स में काम मिल सकता है। चाहें तो खुद का सैलून भी स्टार्ट कर सकते हैं। इसके अलावा, पेडीक्योर, मेनीक्योर और कॉस्मेटोलॉजी से रिलेटेड कोर्सेज भी हैं, जिसे किया जा सकता है।

पैरामेडिकल : चिकित्सा का बैकबोन

भारत में हेल्थकेयर तेजी से उभरता हुआ सेक्टर है। स्टूडेंट्स 10वीं के बाद डायलिसिस टेक्निशियन, लैब टेक्निशियन, एक्स-रे टेक्निशियन, ऑपथैलमिक टेक्नोलॉजी में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। इसके अलावा, नर्सिंग ऐंड ट्रेनिंग, मेडिकल रिकॉर्ड मैनेजमेंट में सर्टिफिकेट कोर्स भी किया जा सकता है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद प्राइवेट या गवर्नमेंट हॉस्पिटल, नर्सिंग होम में जॉब मिल सकती है।



पॉपुलर जॉब्स

आर्मी : थल सेना के जांबाज

10वीं पास स्टूडेंट्स भारतीय थल सेना की नॉन-टेक्निकल शाखाओं, जैसे-इंफैंटरी आ?र्म्ड कोर और आर्टिलरी में आवेदन कर सकते हैं। थल सेना में सैनिक (सामान्य कार्य) के लिए कम से कम मैट्रिक 45 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना जरूरी है। आयु सीमा 16 से 21 के बीच होनी चाहिए। सैनिक ट्रेडमैन सामान्य कार्य और निर्दिष्ट कार्य के लिए मैट्रिक तथा भाषा का ज्ञान होना चाहिए। आयु सीमा 16 से 23 के बीच होनी जरूरी है। इसके अलावा, लंबाई, सीने की चौड़ाई, दौड़, लंबी कूद, वजन आदि को लेकर भी कुछ शर्तें हैं। सैनिकों का चयन खुली भर्ती के माध्यम से किया जाता है। भर्ती स्थल पर उम्मीदवारों की प्राथमिक स्क्रीनिंग, दस्तावेजों की जांच तथा शारीरिक क्षमता की परीक्षा होती है। इसके बाद शारीरिक रूप से सक्षम कैंडिडेट्स को एक लिखित परीक्षा देनी पड़ती है। भर्ती से

संबंधित सूचनाओं के लिए 222.द्वद्वस्रद्वड्डद्वड्डह्लद्व4.ड्डद्बष्.द्वद्व साइट पर विजिट कर सकते हैं।

एयरफोर्स : वायुसेना में भी हैं मौके

10वीं पास स्टूडेंट्स एयरफोर्स के नॉन-टेक्निकल पोस्ट्स के लिए आवेदन कर सकते हैं, जैसे- एयरमैन के लिए प्रत्येक वर्ष अप्रैल और अगस्त महीने में इंडियन एयरफोर्स का सेंट्रल एयरमैन सलेक्शन बोर्ड एग्जाम कंडक्ट कराता है। इन पोस्ट्स के लिए 45 प्रतिशत मा?र्क्स के साथ स्टूडेंट्स को 10वीं (साइंस) पास होना जरूरी है। इसके लिए उम्र 16 से 19 साल के बीच होनी चाहिए, जबकि हाइट 152.5 सेंटीमीटर या इससे अधिक हो। सीने की चौड़ाई कम से कम 75 सेंटीमीटर होनी चाहिए। इसके अलावा, स्टूडेंट्स एयर फील्ड सेफ्टी ऑपरेटर, ड्राइवर्स, रेडियो या टेलीफोन ऑपरेटर जैसे पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए देखें। www.indianairforce.nic.in

नेवी : अट्रैक्टिव करियर

इंडियन नेवी नेवल विंग के लिए नेवी सेलर्स मैट्रिक एंट्री रिक्रूटमेंट एग्जाम साल में दो बार कंडक्ट कराती है। जरूरी योग्यता 10वीं में साइंस और मैथ्स में 55 प्रतिशत अंकों के साथ अविवाहित होना है। कैंडिडेट की उम्र 17 से 20 साल के बीच होनी चाहिए। साथ ही हाइट, चेस्ट, वेट और विजन के लिए भी जरूरी अहर्ताएं रहती हैं। एग्जाम में साइंस, मैथ्स, जनरल नॉलेज और इंग्लिश से सवाल पूछे जाते हैं। ज्यादा जानकारी के लिए वेबसाइट www. indiannavy.nic.in देख सकते हैं।

पैरामिलिट्री : सजग प्रहरी

बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआइएसएफ, आइटीबीपी आदि में भी समय-समय पर कॉन्सटेबल पोस्ट के लिए रिक्रूटमेंट होती हैं। फिजिकल परीक्षा के बाद लिखित परीक्षा भी होती है, जिसमें हिंदी या अंग्रेजी, जनरल इंटेलिजेंस, न्यूमेरिकल एप्टिट्यूड और क्लेरिकल एप्टिट्यूड से संबंधित सवाल भी पूछे जाते हैं। इसके लिए पुरुष और महिला दोनों की उम्र 18 से 23 साल के बीच होनी चाहिए। पुरुष की हाइट 170 सेंटीमीटर और महिला के लिए 157 सेंटीमीटर होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.armedforces.co.in देखें।

रेलवे : सुविधाओं के बीच करियर

10वीं पास स्टूडेंट्स के लिए रेलवे में काफी ऑप्शंस हैं। कॉमर्शियल क्लर्क और ट्रेन्स क्लर्क जैसे पोस्ट्स के लिए अलग-अलग रेलवे भर्ती बोर्ड यानी आरआरबी लिखित परीक्षा के साथ-साथ दो फेज में मेडिकल टेस्ट लेता है। अकाउंट क्लर्क कम टाइपिस्ट और जूनियर क्लर्क कम टाइपिस्ट के लिए लिखित परीक्षा और टाइपिंग टेस्ट्स लिया जाता है। आरपीएफ कॉन्सटेबल के लिए फिजिकल एग्जाम और लिखित परीक्षा होती है। अगर आप टिकट चेकर (टीसी) बनना चाहते हैं, तो 50 प्रतिशत मा?र्क्स के साथ 10वीं पास होना जरूरी है। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर इस पोस्ट पर सलेक्शन होता है। इसके अतिरिक्ती रेलवे में ग्रुप डी के पदों, जैसे-गैंग मैन या ट्रैक मैन, हेल्पर या खलासी, प्लेटफॉर्म पोर्टर जैसे अन्य पदों के लिए भी 10वीं पास स्टूडेंट्स आवदेन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.railwayrecruitment.co.in देख सकते हैं।

स्किल बेस्ड कोर्स पर करें फोकस

10वीं पास स्टूडेंट्स को स्किल बेस्ड कोर्स पर फोकस करना चाहिए। पॉलिटेक्निक और आइटीआइ के अतिरिक्त नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन भी स्किल बेस्ड कोर्सेज कराता है। अन्य गवर्नमेंट ऑर्गनाइजेशन,जैसे- एनएसडीसी, एनवीटीआइ और ऑफिस ऑफ कमिश्नर ऑफ इंडस्ट्रीज भी हैं, जो इलेक्ट्रिशियन, टीवी रिपेयरिंग, कार्पेट वीविंग, इंश्योरेंस और मेडिकल फील्ड में जॉब ओरिएंटेड कोर्सेज कराते हैं। कम्युनिकेशन और इंटरनेट ब्राउजिंग स्किल्स डेवलप करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही, फ्यूचर में भी आप अपने स्किल्स को मेंटेन रखें, भले ही आपने जॉब पा ली हो।

म्यूजिक की मस्ती

म्यूजिक फील्ड में इंट्रेस्ट रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए करियर की नई राहें खुलने लगी हैं। एक समय ऐसा भी था जब म्यूजिक को केवल एंटरटेनमेंट का साधन माना जाता था, लेकिन हाल के वर्षो में इस फील्ड का परिदृश्य पूरी तरह से बदल चुका है। म्यूजिक में महारत हासिल करने वाले स्टूडेंट्स स्कूल, कॉलेज या फिर किसी ग्रुप के साथ जुड़ कर म्यूजिशियन के रूप में करियर की शुरुआत कर सकते हैं। विभिन्न टीवी चैनलों पर चल रहे रियलिटी शो में भी लाइव परफॉर्मेंस देकर अपना करियर संवार सकते हैं। इसके अलावा, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स बनाने वाली कंपनियों में इंस्ट्रूमेंटलिस्ट बनकर भी जॉब हासिल कर सकते हैं। अगर आप थोड़ी मेहनत करके साउंड रिकॉर्डिंग का भी अनुभव हासिल कर लें, तो रिकॉर्डिंग स्टूडियो में साउंड रिकॉर्डिस्ट के रूप में भी करियर की शुरुआत कर सकते हैं।

म्यूजिक वर्ल्ड में एंट्री - भारत में म्यूजिक के पॉपुलर होने के साथ यह एक बेहतरीन करियर ऑप्शन के रूप में उभरा है। कई कॉलेज और यूनिवर्सिटीज म्यूजिक से रिलेटेड कोर्स ऑफर कर रहे हैं। आप इससे रिलेटेड कोर्स में 12वींके बाद एडमिशन ले सकते हैं। इस फील्ड में आप चाहें, तो सर्टिफिकेट कोर्स, बैचलर कोर्स, डिप्लोमा कोर्स और पोस्ट ग्रेजुएट लेवल के कोर्स भी कर सकते हैं। अमूमन सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि एक वर्ष, बैचलर डिग्री कोर्स की तीन वर्ष और पोस्ट ग्रेजुएट लेवल कोर्स की अवधि दो वर्ष की होती है।

इस फील्ड में कुछ पॉपुलर कोर्स इस तरह हैं - बी.आर्ट्स इन म्यूजिक, बी.आर्ट्स (विजुअल आर्ट्स/म्यूजिक/डांस ऐंड ड्रामा), बी. आ?र्ट्स इन तबला, बी.फाइन आर्ट्स इन सितार, बी.फाइन आर्ट्स इन तबला, सर्टिफिकेट इन म्यूजिक, सर्टिफिकेट इन म्यूजिक ऐंड डांस, सर्टिफिकेट कोर्स इन म्यूजिक एप्रिसिएशन ऐंड म्यूजिक, डिप्लोमा इन म्यूजिक, डिप्लोमा इन सितार, एमए इन म्यूजिक, एमफिल इन म्यूजिक, पीएचडी इन म्यूजिक आदि।

बेसिक स्किल्स - म्यूजिक फील्ड में करियर बनाने के लिए सबसे जरूरी इस फील्ड के प्रति आपका लगाव। टैलेंट, सच्ची लगन और हार्ड वर्क की बदौलत इस क्षेत्र में कामयाबी हासिल की जा सकती है। इस फील्ड से रिलेटेड नॉलेज काफी जरूरी है। इस फील्ड में कई सारे नए जॉब ऑप्शन भी उभरने लगे हैं, जैसे-रिकॉर्डिंग और साउंड इंजीनियरिंग। इसके लिए साउंड तकनीक की जानकारी बहुत जरूरी है। साथ ही,थ्योरेटिकल नॉलेज के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी बढ़ाना होगा। यदि आपमें नेचुरल टैलेंट है, तो यह आपके लिए एक गिफ्ट के समान है, लेकिन आप नियमित रियाज के साथ-साथ ट्रेनिंग या फिर किसी अच्छे इंस्टीटयूट में दाखिला लेकर भी इस फील्ड में करियर की बेहतर शुरुआत कर सकते हैं।

वर्क ऑप्शंस - म्यूजिक फील्ड का अर्थ केवल यह नहींहै कि आप केवल सिंगिंग में ही करियर बना सकते हैं, बल्कि इस फील्ड में ऑप्शंस की कमी नहीं हैं। आप टीचिंग, म्यूजिशियन, रिकॉर्डिंग, कंसर्ट, परफॉर्मर, लाइव शो, डिस्क जॉकी, वीडियो जॉकी और रेडियो जॉकी के रूप में भी करियर की शुरुआत कर सकते हैं। क्लासिकल, फोक, गजल, पॉप, फ्यूजन आदि के क्षेत्र में भी भरपूर अवसर हैं। इसके अलावा, कुछ ऐसे क्षेत्र भी हैं, जहां म्यूजिक से जुड़ी प्रतिभा को नई बुलंदियों तक पहुंचा सकते हैं।

कॉपीराइटर, रिकॉर्डिंग टेक्नीशियन, इंस्ट्रूमेंट मैन्युफैक्चरिंग, म्यूजिक थेरेपी, प्रोडक्शन, प्रमोशन आदि क्षेत्र में बेहतरीन अवसर हैं। इसके अलावा, आप म्यूजिक लाइब्रेरियन, म्यूजिकोलॉजिस्ट, आ?र्ट्स एडमिनिस्ट्रेटर आदि के तौर पर भी करियर बना सकते हैं। जहां तक जॉब की बात है, तो आप एफएम चैनल्स, म्यूजिक कंपनी, प्रोडक्शन हाउस, म्यूजिक रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन, एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, गवर्नमेंट कल्चरल डिपार्टमेंट, म्यूजिक चैनल आदि में कोशिश कर सकते हैं।

कर्मठ और कामचोर कर्मचारियों को पहचानें

एक कंपनी अपने कर्मचारियों को लेकर बिलकुल भी गंभीर नहीं है. सालों से उसके यहां चापलूसों को ही प्रोमोशन मिलता रहा है. काम करने वाले वहां अक्सर पीछे रह जाते हैं और कामचोर हमेशा आगे निकल जाते हैं. हालांकि, कई कंपनियों में ऐसा होता है. जब भी पूरी टीम को कोई काम मिलता है, चंद कर्मचारी ही काम करते हैं.

बाकी केवल आराम करते हैं. जब रिजल्ट आता है, तो क्रेडिट सभी को बराबर मिलता है. इस तरह काम करने वाले कर्मचारियों का

मनोबल गिरता चला जाता है. उन्हें लगता है कि इस कंपनी को प्रतिभा की कद्र नहीं है. बेहतर है कि हम ऐसी कंपनी में जाएं, जहां हमारी कद्र हो. धीरे-धीरे वे कंपनी छोड़ कर जाने लगते हैं. अंत में बच जाते हैं सिर्फ कामचोर कर्मचारी.

कुछ ऐसा ही उस कंपनी के साथ भी हुआ, जिसकी मैं बात कर रही हूं. एक समय ऊंचाइयां छूने वाली वह कंपनी बंद होने की कगार पर है. वजह साफ है, अपने कर्मचारियों को सही तरीके से मैनेज नहीं कर पाना.

ऐसा आपके यहां भी हो सकता है. अगर आप बॉस हैं, बिजनेसमैन हैं, किसी कंपनी के मालिक हैं या किसी सेक्शन के हेड हैं, तो आपका कुछ बातों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है. हर कंपनी चाहती है कि उसके यहां बेस्ट कर्मचारी काम करें, लेकिन यह तभी मुमकिन हो सकता है, जब आपको अपने यहां मौजूद टैलेंट का बेस्ट मैनेजमेंट भी आता हो. जो लोग आपकी कंपनी में काम से जी चुराते हैं या दूसरों का काम बिगाड़ते हैं, उनसे निबटने के लिए भी आपके पास एक सटीक नीति होनी चाहिए. बहुत-से लोग टीमवर्क की आड़ में काम से जी चुराते हैं और वे पकड़ में भी नहीं आते. इस स्थिति से बचने के लिए ऑफिस में सभी के काम की अलग-अलग मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए.

बेस्ट टैलेंटेड लोगों को पहचानें और उनको उनका स्थान दें. उन्हें प्रमोट करें. कामचोर कर्मचारी को दंडित भी करें. हर सफल काम के पीछे छिपे सही व्यक्ति को पहचानें. पता लगायें कि यह काम किसने किया है. साथ ही यह भी कि कोई क्रेडिट बेवजह तो नहीं ले रहा?

बॉस की अच्छाई का फायदा न उठायें

ली डर और कर्मचारी के रिश्ते को लेकर कई लेख लिखे गये हैं. अक्सर उनमें कहा जाता है कि लीडर को कर्मचारियों से दोस्ताना व्यवहार रखना चाहिए. उनकी बातों को सुनना चाहिए. कर्मचारियों की मजबूरी को समझना चाहिए. कई लीडर इसी तरह का व्यवहार करते हैं. उन्हें लगता है कि ऐसा करने से सब मन लगा कर काम करेंगे, मेहनत करेंगे. टीम वर्क में काम होगा, लेकिन कई बार ऐसा होता नहीं है. इस अच्छे व्यवहार का उल्टा असर हो जाता है. इसकी वजह है कर्मचारी. वे लीडर की अच्छाई का फायदा उठाते हैं.

उनके दोस्ताना व्यवहार का इस्तेमाल अपने लिए करते हैं. वे बार-बार छुट्टी मांगते हैं. कम और बहुत ही चलताऊ तरीके से काम करते हैं. आराम से ऑफिस आते हैं और गलती पर पछताना तो दूर, सॉरी बोलने की जहमत भी नहीं उठाते. ऐसी स्थिति में ऑफिस का माहौल पहले से भी ज्यादा खराब हो जाता है. कंपनी का स्तर ऊपर जाने की बजाय नीचे जाने लगता है. सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में लीडर क्या करे. क्या वह दोबारा खड़स लीडर बन जाये. एटिट्यूड में रहे और कर्मचारियों को दबा कर रखे या इसी तरह कर्मचारियों की ही मनमरजी लने दे.

इस बात पर मुडो वही साधु वाली कहानी याद आती है. एक साधु रोजाना जब नदी में स्नान करके निकलते, तो उन्हें एक बिच्छू नजर आता. वह उसे बचाने के लिए उठा कर नदी में फेंकते, तो वह उन्हें डंक मार देता. लेकिन साधु रोज यही कार्य करते. एक आदमी उनकी इस आदत को रोजाना देखता था. उसने एक दिन साधु से पूछ ही लिया कि जब वह बिच्छू रोज आपको डंक मारता है, तो आप उसकी मदद क्यों करते हैं. इस पर साधु ने जवाब दिया, 'जब वह अपनी डंक मारने की इतनी बुरी आदत नहीं बदल रहा, तो भला मैं अपनी मदद करने की अच्छी आदत क्यों बदलूं? ये उसका जीने का तरीका है और ये मेरा जीने का तरीका है.'

14 साल बाद थ्रिलर फिल्म में साथ में दिखेंगे

ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन

दक्षिण भारत के कमाल के अभिनेताओं के सूची ममूटी के नाम के बिना हमेशा अधूरी रहेगी। मलयालम सुपरस्टार ममूटी अपने अभिनय के दम पर ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनके प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर टिकाए बैठे रहते हैं। ममूटी के प्रशंसक उनकी कोई भी फिल्म छोड़ना नहीं चाहते। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ममूटी जल्द ही पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें दो बड़े सुपरस्टार एक साथ दिखेंगे। कहा जा रहा है कि ममूटी और पृथ्वीराज इस फिल्म में हीरो और विलेन की भूमिका अदा करने जा रहे हैं। इस फिल्म को एक नए निर्देशक द्वारा बनाने की भी चर्चा चल रही है। वहीं, इसका निर्माण एंटो जोसेफ कर सकते हैं। ऐसी खबर है कि इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो 14 साल के लंबे अंतराल के बाद दर्शकों को ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन को एक साथ देखने का मौका मिलेगा। दोनों ने आखिरी बार एक साथ साल 2010 में काम किया था। वे फिल्म पोक्किरी राजा में नजर आए थे। ममूटी की पिछली फिल्म ब्रह्मयुगम सुपर हिट साबित हुई थी। वहीं, पृथ्वीराज सुकुमारन ने फिल्म द गोट लाइफ में दमदार अभिनय किया था। यह एक सर्वाइवल ड्रामा फिल्म है, जिसमें उन्होंने नजीब का किरदार निभाया है। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। हाल ही में, उनकी हिंदी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी रिलीज हुई है।

सीरीज हीरामंडी में अपने किरदार पर बोलीं ऋचा

संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी – द डायमंड बाजार में ऋचा चड्ढा 'लज्जो' के किरदार में नजर आएंगी। एक इंटरव्यू के दौरान ऋचा ने बताया कि उन्होंने अपने किरदार पर काम करने के लिए दिवंगत एक्ट्रेस मीना कुमारी से प्रेरणा ली थी। दरअसल, फिल्म पाकीजा में मीना कुमारी ने शाहिबजान का किरदार निभाया था। ये किरदार हीरामंडी के किरदार लज्जो से मिलता जुलता है। मीना कुमारी को देखने की सलाह ऋचा को खुद संजय लीला भंसाली ने दी थी। ऋचा चड्ढा ने कहा– हीरामंडी की शूटिंग से पहले पाकीजा में मीना कुमारी जी के किरदार को ध्यान से देखना, सीखना और उससे सबक लेना मेरे लिए काफी मददगार साबित हुआ। दोनों किरदारों में समानता बताते हुए ऋचा ने कहा– फिल्म पाकीजा में मीना कुमारी के किरदार में जो दुख और गहराई है, वो मेरे किरदार लज्जो से मेल खाता है। मैंने मीना जी का काम देखकर उनकी आवाज और डिक्शन पर काम किया। कभी–कभी मुझे ऐसा लगता था जैसे मैं एक लीजेंड एक्ट्रेस के नक्शेकदम पर चल रही हूं। उन्होंने कहा कि लज्जो के किरदार से मीना कुमारी जी को श्रद्धांजलि देना सम्मान की बात है।

हीरामंडी तवायफों के जीवन को उजागर करती है

पाकिस्तान के शाही मोहल्ले हीरामंडी पर आधारित इस सीरीज में प्यार, पावर और आजादी की जंग देखने को मिलेगी। यह सीरीज लाहौर में बसे शाही मोहल्ले हीरामंडी के तवायफों के जीवन को उजागर करती है। इसमें देश की आजादी के दौरान तवायफों की जीवनशैली और उनके संघर्ष के बारे में दिखाया गया है। यह सीरीज उस दौर में लेकर जाएगी, जब हमारा देश आजादी के लिए लड़ाई लड़ रहा था।

हीरामंडी के ट्रेलर में क्या दिखाया गया है

सीरीज हीरामंडी – द डायमंड बाजार के ट्रेलर में दिखाया गया है कि हीरामंडी में मल्लिका जान (मनीषा कोइराला) अकेली है, जो उच्च श्रेणी की तवायफों के घर पर राज करती है। मल्लिका जान बिना किसी डर के अपना राज चलाती है, लेकिन एक दिन उसके पुराने दुश्मन की बेटी फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) के आने से तनाव का माहौल पैदा होने लगता है। शहर में भी उथल–पुथल मची हुई है, क्रांतिकारी ब्रिटिश शासन से भारत की आजादी की मांग कर रहे हैं। मल्लिका जान की बेटियों में से एक बिब्बो जान (अदिति राव हैदरी) आजादी की लड़ाई में शामिल हो रही है। इस बीच मल्लिका जान की सबसे छोटी बेटी आलमजेब (शर्मिन सहगल) एक नवाब (रईस) के बेटे ताजदार (ताहा शाह बदुशा) के साथ प्यार का सपना देखती है और हीरामंडी से बाहर निकलना चाहती है।

संजय लीला भंसाली की हीरामंडी – द डायमंड बाजार साल की मच अवेटेड वेब–सीरीज में से एक है। यह सीरीज 1940 के दशक में ब्रिटिश राज के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाहौर के हीरामंडी के रेड–लाइट एरिए में वेश्याओं के जीवन को उजागर करेगी। सीरीज का डायरेक्शन संजय लीला भंसाली और मिताक्षरा कुमार ने किया है। इस सीरीज के जरिए संजय लीला भंसाली ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला , अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, फरदीन खान, संजीदा शेख और ताहा शाह बदुशा की मुख्य भूमिकाएं हैं।



फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आएंगे राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी एक साथ स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं। फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में दोनों की जोड़ी देखने को मिलेगी। कुछ समय पहले ही फिल्म की अनाउंसमेंट की गई थी। फिल्म का डायरेक्शन राज शांडिल्य करेंगे। राज शांडिल्य ने इससे पहले ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 जैसी कॉमेडी फिल्मों का डायरेक्शन किया है। ये एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। इस मूवी की अनाउंसमेट के बाद से हर कोई इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी स्टारर ये फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इस नई जोड़ी को देखने के लिए दर्शकों में खूब एक्साइटमेंट है। रिपोर्ट्स की मानें तो, मेकर्स ये दावा कर रहे हैं कि 97 प्रतिशत ये फिल्म एक फैमिली मूवी होगी, जो आपको 1990 के दशक में वापस ले जाएगी।

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के वर्कफ्रंट

राजकुमार राव जल्द ही फिल्म श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने में नजर आएंगे। एनिमल से चर्चा में आईं तृप्ति डिमरी, कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'भूल भुलैया–3' में बतौर एक्ट्रेस नजर आएंगी। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होनी है। इसके अलावा तृप्ति, विक्की कौशल के साथ 'बैड न्यूज' में भी दिखाई देंगी। इस फिल्म का डायरेक्शन आनंद तिवारी करेंगे।

अदिति भगत ने उड़ारियां में सीखा ऑन-स्क्रीन रोमांस

शो उड़ारियां में आसमा का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस अदिति भगत ने बताया कि इस शो ने उन्हें ऑन–स्क्रीन रोमांस करना सिखाया है। अदिति ने बताया कि वह शो में पहली बार रोमांटिक सीन कर रही हैं और वह स्वीकार करती हैं कि कभी–कभी उन्हें ऐसा करना मजेदार भी लगता है। उन्होंने कहा, उडारियां ने मुझे सिखाया कि ऑन–स्क्रीन रोमांस कैसे किया जाता है। मैं मजाक नहीं कर रही हूं, ऐसे सीन को शूट करना बहुत मुश्किल है क्योंकि कभी–कभी मुझे सीधा चेहरा बनाए रखना मुश्किल लगता है लेकिन एक कलाकार के रूप में आपको किसी भी दृश्य को करने के लिए तैयार रहना पड़ता है और मुझे लगता है कि मैं उसमें महारत हासिल कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे फाइट सीक्वेंस करने में भी मजा आ रहा है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं टीवी पर एक्शन सीन करूंगी। एक्ट्रेस रोजाना सेट पर आने को आतुर रहती हैं। वह कहती हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें अपना काम इतना पसंद है कि अगर संभव हुआ तो वह सेट पर ही रहेंगी। अदिति ने कहा, मुझे अपने काम से प्यार है। हर दिन जब मैं उठती हूं, तो मेरा दिल कृतज्ञता से भरा होता है, और इतने लोकप्रिय शो में मुख्य भूमिका निभाने के लिए मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि मेरे काम के प्रति मेरे मन में जो प्यार है, वह मुझे हर दिन काम पर आने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे कहा, मैं यहां चंडीगढ़ में शूटिंग के लिए अपने परिवार से दूर हूं और मेरा काम का शेड्यूल वास्तव में इतना व्यस्त है कि कभी–कभी मैं कई दिनों तक अपनी मां से बात भी नहीं करती हूं। उड़ारियां कलर्स पर प्रसारित होता है।

सलमान खान अगले महीने शुरू करेंगे सिकंदर की शूटिंग

सलमान खान ने ईद के मौके पर फैंस को ईदी दी थी। अपनी नई फिल्म सिकंदर का ऐलान किया था। अब खबर है कि घर पर हुए हमले के बावजूद भाईजान ने अपने शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं किया है। वो अगले महीने से मुरुगादॉस के साथ इसकी शूटिंग करने जा रहे हैं। मुंबई के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग के बाद सलमान खान की सुरक्षा और ज्यादा बढ़ा दी गई है। इस हमले के बावजूद सलमान ने अपने किसी भी प्लान को कैंसिल नहीं किया और टीम को सारे शेड्यूल जारी रखने के लिए कहा। अब ये रिपोर्ट सामने आ रही है कि सलमान अगले महीने से अपकमिंग मूवी सिकंदर की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म का डायरेक्शन मुरुगादॉस करेंगे, जो इस समय तमिल स्टार शिवकार्तिकेयन के साथ एक्शन मूवी (अभी फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है) की शूटिंग कर रहे हैं। अगले दो महीनों के लिए वो हिंदी और तमिल प्रोजेक्ट्स को अपना समय देंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिकंदर के फ्लोर पर जाने से पहले मुरुगादॉस एसके23 के ज्यादातर हिस्से को पूरा करना चाहते हैं। मई में सिकंदर का पहला शेड्यूल शूट करने के बाद, वो जून में शिवकार्तिकेयन की फिल्म खत्म करने के लिए वापस जाएंगे। जुलाई से वो पूरी तरह से सलमान की फिल्म को अपना समय देंगे।



इम्तियाज अली ने चमकीला की कास्टिंग पर की बात

फिल्म डायरेक्टर इम्तियाज अली ने कहा है कि उन्होंने फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ को इसलिए कास्ट किया क्योंकि वो पैसे बचाना चाहते थे। बिहाइंड द सीन वीडियो में इम्तियाज के अलावा दिलजीत दोसांझ, परिणीति चोपड़ा ने भी फिल्म में काम करने के अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। सबसे पहले इम्तियाज ने कहा, इस फिल्म में हम एक एक्टर को एक काम के लिए हायर नहीं कर रहे थे।

मैं एक्टर और सिंगर दिलजीत को कास्ट करके कास्टिंग में अपने पैसे बचा रहा था। फिल्म का थ्रिल इसका म्यूजिक है। इम्तियाज अली ने ये भी बताया कि फिल्म में उन्होंने दिलजीत और परिणीति के लिए लाइव सिंगिंग को कैसे पॉसिबल बनाया।

उन्होंने कहा, हमने उनके लिए पूरा बैंड बना दिया था तो वो सच में लाइव सिंगिंग कर रहे थे जिसे हमने ऑन–स्क्रीन जीवंत कर दिया। हमने बैकग्राउंड म्यूजिशियन बुलाए जिनके साथ दिलजीत और परिणीति ने तीन–चार दिन तक गाने गाए और इसी दौरान कुछ चीजें लाइव रिकॉर्ड कर लीं।

लगता था चमकीला हमारे आसपास मौजूद हैं

फिल्म में अमर सिंह चमकीला का किरदार निभाने पर दिलजीत बोले, फिल्म की कहानी म्यूजिक के इर्द–गिर्द घूमती है और म्यूजिक मेरे लिए भगवान है। इस फिल्म के जरिए मैं भगवान के और करीब आ गया। मुझे हमेशा लगता था कि चमकीला सेट पर हमारे आसपास मौजूद हैं।

लाइव सिंगिंग चैलेंजिंग थी

परिणीति ने अमर सिंह चमकीला की वाइफ अमरजोत का किरदार निभाने पर कहा कि फिल्म के लिए लाइव सिंगिंग करने का एक्सपीरिएंस बहुत अलग था। ये काफी हाई स्केल पर था और उस स्केल पर गाना और एक्टिंग करना मेरे लिए बहुत ही चैलेंजिंग बात थी जो कि मैंने पहले कभी नहीं की थी। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर ए.आर रहमान ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ करते हुए उन्हें

सुपरस्टार कहा। साथ ही परिणीति को अंडररेटेड सिंगर करार दिया और कहा कि वो बतौर सिंगर भी काफी टैलेंटेड हैं।

12 अप्रैल को रिलीज हुई है फिल्म

फिल्म अमर सिंह चमकीला नेटफ्लिक्स पर 12 अप्रैल को रिलीज हुई है। ये फिल्म पंजाब के फोक सिंगर अमर सिंह चमकीला पर बनी है। लुधियाना के छोटे से गांव धुबरी में जन्मे अमर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, प्रेम–प्रसंग, पति–पत्नी के रिश्तों पर गाने बनाते थे। उनके ये गाने पंजाब की शादियों की पहली पसंद हुआ करते थे। फिल्म में चमकीला का किरदार दिलजीत दोसांझ ने निभाया है जबकि उनकी पत्नी अमरजोत के रोल में परिणीति चोपड़ा हैं।